नई दिल्ली
शुक्रवार, 11 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 87
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**विश्व जनसंख्या दिवस आज**
बढ़ती आबादी पर विचार का समय

## सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक से किया इंकार

# प्रूफ के रूप में आधार, राशन और वोटर कार्ड शामिल करने पर विचार करे आयोग

- कोर्ट ने चुनाव आयोग को अपना हलफनामा दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया, अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। लंबी बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिए कि वह पुनरीक्षण के लिए जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड को शामिल करने पर विचार करे। साथ ही तीन मुद्दों पर जवाब दाखिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की है।



सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक नहीं लगाई है, क्योंकि याचिकाकर्ताओं ने अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने कहा कि हम सांविधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना चाहिए। कोर्ट ने चुनाव आयोग को अपना हलफनामा दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। वहीं, याचिकाकर्ताओं को उसके एक सप्ताह बाद जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने तीन मुद्दों पर मांगा जवाबः सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से तीन मुद्दों पर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अदालत के समक्ष जो मुद्दा है वह लोकतंत्र की जड़ और मतदान के अधिकार से जुड़ा है। याचिकाकर्ता न केवल चुनाव आयोग के मतदान कराने के अधिकार को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि इसकी प्रक्रिया और समय को भी चुनौती दे रहे हैं। इन तीन मुद्दों पर जवाब देने की जरूरत है।

### *पुनरीक्षण को बिहार चुनाव से क्यों जोड़ रहे?*

*इससे पहले सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि आप इस प्रक्रिया को नवंबर में होने वाले चुनाव से क्यों जोड़ रहे हैं? आयोग के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग एक सांविधानिक संस्था है जिसका मतदाताओं से सीधा संबंध है और अगर मतदाता ही नहीं होंगे तो हमारा अस्तित्व ही नहीं है। आयोग किसी को भी मतदाता सूची से बाहर करने का न तो इरादा रखता है और न ही कर सकता है, जब तक कि आयोग को क़ानून के प्रावधानों द्वारा ऐसा करने के लिए बाध्य न किया जाए। हम धर्म, जाति आदि के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकते। मतदाता सत्यापन के लिए जरूरी दस्तावेजों से आधार कार्ड को बाहर रखने पर चुनाव आयोग ने कहा कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि आप मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में नागरिकता के मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं? यह गृह मंत्रालय का अधिकार क्षेत्र है। अगर आपको पुनरीक्षण के जरिये नागरिकता की जांच करनी थी तो आपको यह पहले करना चाहिए था। इसमें अब बहुत देर हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि परेशानी पुनरीक्षण प्रक्रिया से नहीं है। बल्कि दिक्कत इसके लिए चुने गए समय से है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मप्र के सीएम करेंगे निवेशकों से संवाद



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आज मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव में संवाद करेंगे। इस आयोजन में होटल इंडस्ट्री, पर्यटन, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों के निवेशक शामिल होंगे। देशभर के संबंधित सेक्टर्स के निवेशकों, उद्योगपतियों और कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

### लुप्तप्रायः संरक्षित किए जाएंगे घड़ियाल और भालू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति ने केंद्र के प्रजाति सरंक्षण कार्यक्रम में घड़ियाल और भालू को शामिल करने की सिफारिश की है। इसका उद्देश्य गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों और आवासों का संरक्षण करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मार्च में हुई बैठक में निर्णय लिया था।

### शुभांशु 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगेः नासा



**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 मिशन के चालक दल के तीन अन्य सदस्य 14 जुलाई को आईएसएस से पृथ्वी पर लौटने के लिए तैयार हैं। नासा के कमर्शियल क्रू प्रोग्राम के मैनेजर स्टीव स्टिच ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि हमें उस मिशन को अनडॉक करना होगा और इसका लक्ष्य 14 जुलाई है।

## सांसद त्रिवेदी ने महाराष्ट्र चुनाव में धांधली के राहुल गांधी के बयान पर साधा निशाना

# भाजपा ने कांग्रेस पर लगाया आपातकाल वाली सोच को बढ़ावा देने का आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर उस सोच को बढ़ावा देने का आरोप लगाया जिसने आपातकाल लगाया था। पार्टी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के खिलाफ बिहार में राहुल गांधी का प्रदर्शन विपक्षी पार्टी की इस सोच को रेखांकित करता है कि संवैधानिक संस्थाओं की वैधता उनकी चुनावी जीत या हार पर निर्भर करती है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कुछ कांग्रेस नेताओं द्वारा अपने वरिष्ठ सहयोगी शशि थरूर की आलोचना करने पर विपक्षी पार्टी पर निशाना साधा। थरूर ने एक लेख लिखकर आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय बताया है। थरूर ने 1975 में घोषित आपातकाल की आलोचना करते हुए कहा है कि देश की जनता ने उस दौर की ज्यादतियों का स्पष्ट जवाब इंदिरा गांधी को बड़े अंतर से सत्ता से बाहर करके दिया था।

### *कहा, संवैधानिक संस्थाओं की वैधता कांग्रेस की चुनावी जीत या हार पर निर्भर करती है*



### पीढ़ियां बदल गईं, लेकिन सोच नहीं बदली

भाजपा सांसद बृहस्पतिवार को एक पत्रकार वार्ता में कहा कि पीढ़ियां बदल गई हैं, लेकिन सोच नहीं बदली है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को पटना में आरोप लगाया था कि 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भाजपा के पक्ष में "धांधली" की गई थी और दावा किया कि केंद्र की राजग सरकार इस साल के अंत में होने वाले बिहार चुनावों में इसे दोहराना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची में हेराफेरी करने के 'महाराष्ट्र मॉडल' का विस्तार है और निर्वाचन आयोग पर भाजपा के निर्देश पर काम करने का आरोप लगाया।

### *कांग्रेस अब भी बेशर्मी से आपातकाल का समर्थन कर रही*

*इस मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर त्रिवेदी ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस नेता को आपातकाल की ज्यादतियों का एहसास होने में 50 साल लग गए, लेकिन पार्टी के भीतर से आई प्रतिक्रिया से पता चलता है कि वह अब भी "बेशर्मी" से इस अतिवादी कदम का समर्थन कर रही है और इसके पीछे की सोच को उचित ठहरा रही है। उन्होंने कहा कि आपातकाल इसलिए लगाया गया क्योंकि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का चुनाव न्यायपालिका द्वारा रद्द कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने यह तय किया कि संवैधानिक पदों की वैधता उसकी सुविधा के अनुसार तय होगी। त्रिवेदी ने कहा, "बिहार में प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी की टिप्पणी इसी तरह की सोच को दर्शाती है कि संवैधानिक निकायों की वैधता उनकी चुनावी जीत या हार पर निर्भर करेगी।"*

### *पीएम मोदी की हालिया पाँच देशों की यात्रा रही पूरी तरह सफलः त्रिवेदी*

*भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया पाँच देशों की यात्रा ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर, खासकर अफ्रीकी और दक्षिणी देशों के साथ सहयोग में भारत की भूमिका में एक नए युग की शुरुआत की है। भाजपा सांसद ने प्रधानमंत्री की यात्रा के प्रमुख परिणामों पर प्रकाश डाला। ब्रिक्स देशों द्वारा 2025 घोषणापत्र में पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा किए जाने के बाद, त्रिवेदी ने इसे भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कूटनीतिक सफलता करार दिया। त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी अपनी एक सुदीर्घ विदेश यात्रा करने के उपरांत आज वापस आए हैं। इस लंबी विदेश यात्रा में भारत ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। आतंकवाद के मुद्दे पर एक वैश्विक स्वीकार्यता प्रधानमंत्री द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित हुई। जब ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में आतंकवाद वाले विषय पर न सिर्फ सर्वसम्मति के साथ भारत के पक्ष का अनुमोदन हुआ, बल्कि प्रधानमंत्री जी ने स्पष्ट कहा कि आतंकवाद के पीड़ित और आतंकवाद के प्रायोजक को एक तराजू में नहीं रखा जा सकता है।*

## एक लेख में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपनी ही पार्टी को दिखाया आईना

# आपातकालः भारत के इतिहास का 'काला अध्याय', हिंसा और बल का किया इस्तेमाल



एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

कांग्रेस पार्टी और केरल से सांसद शशि थरूर के बीच दूरी लगातार बढ़ती जा रही है। पहलगाम हमले के बाद पीएम मोदी की नीति का समर्थन करने वाले और उनके बुलावे पर देश का पक्ष रखने विदेश गए थरूर अब एक बार फिर से अपने एक आर्टिकल को लेकर कांग्रेस नेताओं के निशाने पर आ गए हैं। एक दैनिक अखबार में लिखे अपने आर्टिकल में शशि थरूर ने 1975 में आपातकाल लगाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके बेटे संजय गांधी की आलोचना की है। इसके बाद कांग्रेस पार्टी में उनके साथी और सांसद मणिकम टैगौर ने थरूर पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह भाजपा की लाइन पर चल रहे हैं। मलयालम के एक दैनिक अखबार में गुरुवार को आपातकाल पर लिखे एक लेख में उन्होंने 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल की आलोचना करते हुए इसे भारत के इतिहास का 'काला अध्याय' बताया और इंदिरा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### *पक्षी तोता बन गया है! थरूर पर कांग्रेस का तंज*



कांग्रेस सांसद मणिकम टैगौर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए पोस्ट में थरूर पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि जब कोई सहयोगी भाजपा की बातों को शब्दशः दोहराने लगे तो आप क्या सोचेंगे- क्या अब वह पक्षी तोता बन रहा है? नकल पक्षियों में अच्छी लगती है, राजनीति में नहीं। मणिकम का यह पक्षी वाला तंज शशि थरूर के उस सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि एक चिड़िया के लिए सबसे अच्छा खुला आसमान होता है। इसमें उसे उड़ने के लिए अनुमति मत मांगों।

### आपातकाल पर चर्चा प्रासंगिक नहीं

वरिष्ठ कांग्रेस नेता के मुरलीधरन ने कहा कि इस समय आपातकाल पर चर्चा प्रासंगिक नहीं है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीडी सतीशन ने कहा कि थरूर पार्टी की कार्यसमिति के सदस्य हैं और उनके द्वारा लिखे गए लेख पर राष्ट्रीय नेतृत्व को ही टिप्पणी करनी चाहिए।

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने दक्षिणी आंध्र प्रदेश के सूखा ग्रस्त जिलों को लेकर समीक्षा बैठक की

# सूखा ग्रस्त क्षेत्रों के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर 'एकीकृत कार्ययोजना' बनाएंगेः शिवराज सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



- प्राकृतिक खेती और पाम ऑयल मिशन को लेकर हुई विस्तृत चर्चा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को दक्षिणी आंध्र प्रदेश के सूखा ग्रस्त जिलों को लेकर आंध्र प्रदेश के मंत्रियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में प्राकृतिक खेती और पाम ऑयल मिशन को लेकर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक का आयोजन पुट्टपर्थी के पीजीआरएस हॉल, कलेक्ट्रेट, श्रीसत्य साईं जिले में किया गया। इस बैठक के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि "आज पुट्टपर्थी में ▶▶ शेष पेज 5 पर

# मेडिक्लेमः गैर वाजिब उगाही की कोशिश की तो अस्पतालों की खैर नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



स्वास्थ्य बीमा लेकर अगर कोई मरीज अस्पताल किसी बीमारी का ईलाज कराने पहुँचा तो बीमा राशि कैसे हड़पी जाए, कैसे ईलाज के नाम पर गैर मुनासिब बिल थमाये जाएं, इसकी ढेरों शिकायत केंद्र सरकार को मिल रही है। केंद्र ने भी इसको गंभीरता से लिया है। मरीज को उचित खर्च पर उचित ईलाज मिले, इसका मैकेनिज्म केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और वित्त मंत्रलाय तैयार कर रहा है। शुरुआती तौर पर मौजूदा राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा विनिमय पोर्टल (एनएचसीएक्स), जो वर्तमान में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) द्वारा संचालित है, उसको वित्त मंत्रालय और भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) के तत्वावधान में लाने की योजना बनाई है। इस कदम का उद्देश्य निजी ▶▶ शेष पेज 5 पर

## गुजरात के केवड़िया में आयोजित किए गए केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले केंद्रीय शिक्षा मंत्री

# उच्च-शिक्षा में 2035 तक सकल नामांकन दर को 50 फीसदी तक बढ़ाया जाएगाः धर्मेंद्र प्रधान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को गुजरात के केवड़िया में आयोजित किए गए केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से बीते वर्षों में देश में उच्च-शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किए गए सरकार के प्रमुख सुधारों का विस्तार से जिक्र किया और क्षेत्र में सकल नामांकन दर (जीईआर) को 2035 तक बढ़ाकर 50 फीसदी तक करने का लक्ष्य सभी के सामने रखा। देश के ▶▶ शेष पेज 5 पर

# केंद्र सरकार एलआईसी में अल्पमत हिस्सेदारी बेचेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सरकार जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में और हिस्सेदारी बेचने पर काम कर रही है। विनिवेश विभाग इस सौदे की विस्तृत जानकारी तैयार करेगा। सरकार के पास वर्तमान में एलआईसी में 96.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उसने मई 2022 में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 902-949 रुपये प्रति शेयर के मूल्य बैंड पर 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी। इस शेयर बिक्री से सरकार को लगभग 21,000 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। सरकार ने ओएफएस मार्ग के माध्यम से एलआईसी में आगे शेयर बिक्री के लिए अपनी मंजूरी दे दी है और इस पर चर्चा अभी ▶▶ शेष पेज 5 पर




## नौसेना के विशाखापत्तनम स्थित डॉकयार्ड में आयोजित किया जाएगा भव्य समारोह

### एचएसएल ने स्वदेशी रूप से डिजाइन के साथ किया है युद्धपोत का निर्माण

# 18 जुलाई को रक्षा मंत्री की मौजूदगी में नौसेना में शामिल होगा निस्तार युद्धपोत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विशेष श्रेणी का पहला गोताखोरी सहायता पोत (डीएसवी) निस्तार अगले सप्ताह 18 जुलाई 2025 को नौसेना के जंगी बेड़े में आधिकारिक रूप से शामिल किया जाएगा। इस दौरान विशाखापत्तनम स्थित नौसैन्य डॉकयार्ड में आयोजित किए जाने वाले एक महत्वपूर्ण समारोह में खुद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। युद्धपोत को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) ने स्वदेश में ही डिजाइन के साथ विकसित किया है। बीते दिनों एचएसएल ने निस्तार को नौसेना को सौंपा था। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान के जरिए यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि एक



फाइल फोटो

बार युद्धपोत के नौसेना में शामिल हो जाने के बाद इसे गहरे समुद्र में गोताखोरी और पनडुब्बी बचाव कार्यों में सहायता प्रदान करने के लिए पूर्वी नौसैन्य कमांड में तैनात किया जाएगा।

### *युद्धपोत निर्माण में लगी 120 एमएसएमई*

*मंत्रालय ने बताया कि निस्तार केंद्र सरकार के उस दृढ़ विश्वास का प्रमाण है। जिसके जरिए रक्षा उत्पादन में स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। चूंकि यह युद्धपोत देश के अंदर निर्मित है और इसके निर्माण में कुल 120 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने भाग लिया है। इसमें लगाई गई 80 फीसदी से अधिक सामग्री स्वदेशी है। परियोजना को रक्षा मंत्रालय ने जटिल स्वदेशी जहाजों के डिजाइन और निर्माण के नौसेना के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में परिभाषित किया है।*

### *पूर्व अवतार में यूएसएसआर से लिया निस्तार*

*अपने पूर्व अवतार में निस्तार एक पनडुब्बी बचाव पोत था। जिसे भारतीय नौसेना ने वर्ष 1969 में तत्कालीन सोवियत संघ (यूएसएसआर) से प्राप्त किया था। इसके तीन साल बाद 1971 में इसे बल में कमीशन किया गया था। दो दशकों तक निस्तार ने भारतीय नौसेना के गोताखोरी और पनडुब्बी बचाव कार्यों में अहम योगदान दिया। अब निस्तार के एक नए अवतार के साथ अपनी देशसेवा की पुरानी विरासत को आगे बढ़ाएगा। जिसका आदर्श वाक्य सुरक्षित यथार्थ शौर्यम् है। इसका अर्थ सटीकता और बहादुरी के साथ बचाव है।*

### *युद्धपोत में ऑपरेशन थियेटर, गहन चिकित्सा इकाई*

*मंत्रालय ने कहा कि 120 मीटर लंबाई और लगभग 10 हजार टन से अधिक भार विस्थापन क्षमता वाले निस्तार में कई और खूबियां भी हैं। जिनमें विशाल डाइविंग कॉम्प्लेक्स, रिमोटली आपरेटेड व्हीकल्स, साइड स्कैन सोनार मौजूद है। इसके अलावा ऑपरेशन थियेटर, गहन चिकित्सा इकाई, आठ बिस्तरों वाला अस्पताल और हाइपरबेरिक चिकित्सा सुविधाएं भी इसमें मौजूद हैं। जो इसकी परिचालन क्षमताओं को कई गुना बढ़ाती है।* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## 18 तोला सोना लेकर फरार हुआ आभूषण निर्माता पकड़ा



**नई दिल्ली।** करोल बाग पुलिस ने एक बेईमान आभूषण निर्माता को गिरफ्तार किया है। आरोपी 184 ग्राम सोना लेकर फरार हो गया था। इसे हावड़ा से गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से 23 ग्राम गबन किया गया सोना बरामद हुआ है। शिकायतकर्ता ने इसे सोना आभूषण बनाने के लिए दिया था, लेकिन आरोपी भाग गया था।

पुलिस के अनुसार करोल बाग थाने में एक महिला की शिकायत पर ई-एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोप लगाया गया था कि आभूषण बनाने के लिए 184 ग्राम सोना एक सुनार/कर्मचारी संजीव खानरा को सौंपा गया था। हालांकि आरोपी ने न तो सोना लौटाया और न ही कोई तैयार आभूषण कर दिये। वह कार्यस्थल से भाग गया और अपना मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। शिकायतकर्ता का विस्तृत बयान दर्ज करने पर बीएनएस की धारा 316(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया। टीम ने आरोपी को पश्चिम बंगाल के हावड़ा स्थित उसके पैतृक गांव से पकड़ा। आगे की पूछताछ के दौरान आरोपी संजीव खानरा की निशानदेही पर नारू गोपाल दास, निवासी रैगरपुरा, करोल बाग से 23 ग्राम सोना बरामद किया गया है।

### उधार दिए गए पैसे वापस मांगने पर हत्या

# युवक को चाकू घोंप उतारा मौत के घाट

- उत्तर पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद में वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाके में दो हजार रुपये के कर्ज को लेकर हुए विवाद में 23 वर्षीय युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने का आरोप एक अधेड़ उम्र के शख्स और उसके बेटों पर है। पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के लिये उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

पुलिस के अनुसार यह वारदात बुधवार देर रात 12.10 बजे हुई। जाफराबाद थाने की पुलिस सूचना के बाद जेपीसी अस्पताल पहुंची। पता चला कि फरदीन को उसके पिता अस्पताल लेकर आए थे और उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि फरदीन और उसका दोस्त जावेद एक गली में खड़े थे, तभी आदिल वहां पहुंचा। फरदीन ने आदिल से उधार लिए दो हजार रुपये वापस मांगे। इस पर आदिल कथित तौर पर आक्रोशित हो गया और उसने चाकू निकालकर दोनों युवकों पर हमला कर दिया।



घटना के बाद वह फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि आदिल का भाई कामिल और पिता शकील भी घटनास्थल पर मौजूद थे और उन्होंने आदिल को दोनों युवकों पर हमला करने के लिए उकसाया। फॉरेंसिक टीम ने भी अपराध स्थल का निरीक्षण किया और सबूत इकट्ठा किए हैं। इस सिलसिले में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को पकड़ने तथा अपराध में इस्तेमाल चाकू बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कई स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

# होटल की बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी का मास्टरमाइंड मेवात से अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- दिल्ली के एक प्रोफेसर को भी लगाया था 33 हजार का चूना

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की साइबर पुलिस ने ठगी के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। इस पर नकली वेबसाइट के जरिये गोवा में फाइव स्टार होटल की बुकिंग के नाम पर ठगी का आरोप है। पुलिस ने इसे मेवात इलाके में छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपों शाहरुख हरियाणा के फिरोजपुर झिरका का रहने वाला है। इसके पास से दो मोबाइल फोन भी बरामद किये गये हैं। इन्हीं मोबाइल से चीटिंग का धंधा चल रहा था। गत दिनों इसने सागरपुर इलाके में रहने वाले एक प्रोफेसर को भी 33 हजार का चूना लगाया था।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार साइबर थाने को शिकायत मिली थी कि गोवा के एक फाइव स्टार होटल व रिजॉर्ट में बुकिंग के नाम पर एक प्रोफेसर से चीटिंग की गई है। शिकायतकर्ता जब वह होटल बुकिंग के लिए ऑनलाइन सर्च कर रहे थे, तब उन्हें एक वेबसाइट पर दिया गया ऑफर अच्छा लगा। उस पर दिये नंबर नंबर पर संपर्क किया, तो उन्हें फाइव स्टार होटल में कमरा बुकिंग के लिए 50 प्रतिशत अमाउंट पहले पेमेंट करने के लिए कहा गया। इसके बाद दोबारा पेमेंट की डिमांड की गई। प्रोफेसर को शक हुआ और उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस में कर दी। उनसे 33 हजार रुपए एडवांस बुकिंग के नाम पर लिये गये थे। एसीपी विजय कुमार की देखरेख में एसएचओ प्रवेश कौशिक, सब इंस्पेक्टर लव देशवाल, हेड कांस्टेबल सचिन, विक्रम, विनोद, विजय और कांस्टेबल नरेंद्र की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस से मामले की छानबीन शुरू की। उक्त वेबसाइट की डिटेल खंगाली गई और जिस नंबर पर रकम भेजी गई थी उसकी जांच की गई। इसके बाद पता चला कि चीटिंग करने वाला मास्टरमाइंड हरियाणा के नूंह में रहकर ठगी को अंजाम दे रहा है। छापा मारकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अब इससे वेबसाइट डवलप करने वाले के बारे में पूछताछ कर रही है। मेवाती ठग हरियाणा में बैठकर पैन इंडिया लेवल पर लोगों को चूना लगा रहा था। वह इस धंधे को दो सालों से कर रहा था।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | जींद, डीईई, एमटीसी, एसीसी/टीएल डीएलआई, केकेडीई और पीएनपी डिपो में प्री–कूलिंग सह बैटरी चार्जिंग (पीसीबीसी) पॉइंट्स की अनिवार्य सुविधा का उन्नयन। |
| निविदा संख्या | 30–विद्युत–2टी–चक्र–2025–26 |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) | 2,85,41,275.00 रुपये |
| निविदा प्रपत्र की लागत | 0.00 रुपये |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/चक्र/उत्तर रेलवे, नई दिल्ली। |
| बयाना राशि | रु. 2,92,700/– |
| कार्य पूरा होने की अवधि | 06 महीने |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 31.07.2025 को 15:00 बजे तक। |
| और निविदा खोलने की तिथि | 31.07.2025 को 15:01 बजे |
| वेबसाइट और सूचना पट्ट | www.ireps.gov.in और वरिष्ठ डीईई/छोटा/ डीएलआई |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2085/2025


# मजलिस पार्क इलाके में मुठभेड़ के बाद बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- बदमाश गोली लगने से हुआ घायल
- उत्तर पश्चिम जिले की एएटीएस की कार्रवाई

उत्तर पश्चिम जिले के मजलिस पार्क इलाके में एएटीएस ने एक मुठभेड़ के बाद 19 वर्षीय बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी जहांगीरपुरी इलाके के फायरिंग व हत्या के प्रयास केस में वांछित था। मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पास बृहस्पतिवार सुबह करीब तीन बजकर 50 मिनट पर यह मुठभेड़ हुई। गिरफ्तार बदमाश का नाम जहांगीरपुरी निवासी नितिन उर्फ चोर बताया गया है।

उत्तर पश्चिम जिले के कप्तान भीष्म सिंह ने बताया कि नितिन ने भागने के प्रयास में पुलिस टीम पर गोलियां चलाई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी प्रतिक्रिया दी। आरोपी और पुलिस के बीच कुल चार राउंड गोलियां चली। सिंह ने बताया कि बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी है और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। हालत खतरे से बाहर है। पुलिस का इस बदमाश का गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त एक स्थानीय गिरोह का सदस्य होने का दावा है। नितिन के कब्जे से एक पिस्तौल, दो खोखे और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

## नार्को सिंडिकेट का प्रमुख सदस्य दबोचा



**नई दिल्ली।** अपराध शाखा की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नशीले पदार्थों की बिक्री और आपूर्ति में लिप्त एक बड़े नार्को सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से लगभग 7 करोड़ मूल्य की स्मैक हेरोइन जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार टीम ने गौरव नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने सहयोगी और आपूर्तिकर्ता का नाम वंशु बताया, जो फिलहाल फरार है। उसे और गिरोह के बाकी सदस्यों को पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है। गौरव को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## अफीम तस्करी गिरोह चलाने के आरोप में सेना के सिपाही सहित तीन अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

स्पेशल सेल की सदर्न रेंज ने सेना के एक सिपाही और उसकी महिला मित्र समेत तीन लोगों को अफीम तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। इन पर बाकायदा एक अफीम तस्करी गिरोह चलाने का आरोप है। गिरोह के तार मणिपुर से राजस्थान तक फैले थे। सेना का जवान ड्यूट से छुट्टी लेकर इस धंधे को अंजाम दे रहा था। उसे हर डिलीवरी के तीन लाख रुपये प्राप्त होते थे।

डीसीपी अलाप पटेल के अनुसार सिपाही गोधूराम अपनी महिला मित्र और एक अन्य साथी पीरा राम के साथ क्रेटा कार में सवार था। उसे कालिंदी कुंज के पास रोका गया। गहन तलाशी में कार के फर्श के नीचे छिपाकर रखे गए अफीम के 18 पैकेट बरामद हुए। तस्करी के लिए सिपाही निजी कारण बता कर छुट्टी लेता था और गुप्त तरीके से मादक पदार्थों की तस्करी करने के लिए यात्रा करता था। कार में विशेष तौर पर इस तरीके से बदलाव किये गए थे कि उसके फर्श के नीचे मादक पदार्थ छिपाया जा सके। पुलिस अधिकारी ने बताया कि लाइसेंसी पिस्तौल और छह कारतूस भी इसके पास से जब्त किये गये हैं। तीनों आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 तथा आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सुनीता,** पत्नी रेडप्पा, निवासी-5274, जी.बी रोड, कमला मार्केट, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 189/2019 धारा 342/392/411/34 भा.द.स थाना कमला मार्केट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनीता** मिल नहीं रही और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनीता** फ़रार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सुनीता, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 189/2019 धारा 342/392/411/34 भा.द.स थाना कमला मार्केट, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री सायशा चड्ढा**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-08 (केंद्रीय)
केंद्रीय जिला, कमरा नं 272
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/8723/CD/2025


## कांग्रेस के तीन जिला प्रशिक्षण शिविर हुए आयोजित 2029 में भाजपा को उखाड़ फेंकने की तैयारी



**नई दिल्ली।** संगठन सृजन अभियान प्रदेश कांग्रेस के आयोजित किए जा रहे ज़िला प्रशिक्षण शिविर के तहत गुरुवार को करावल नगर ज़िला, किराड़ी जिला व कृष्णा नगर जिला कांग्रेस ने कार्यक्रम आयोजित किए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आह्वान किया है कि हमें 2029 में भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए अभी से तैयारी करनी होगी। कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर आने वाले 2029 में भाजपा मुक्त देश बनाएंगे। तीनो शिविर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, एआईसीसी सचिव एवं दिल्ली प्रभारी सुखविंदर सिंह डैनी एवं दानिश अबरार, पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ, पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, करावल नगर जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, किराडी जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार व कृष्णा नगर जिला अध्यक्ष सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की विभाजनकारी और विनाशकारी नीतियों से लड़ने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाया जा रहा है। संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित जिला प्रशिक्षण शिविरों को इन दिनों ज़बरदस्त समर्थन मिल रहा है। यादव ने कहा कि भाजपा कांग्रेस मुक्त भारत बनाने की बात करती रही है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता ऐसा नहीं होने देंगे क्योंकि कांग्रेस जनसमर्थन से मजबूत हो रही है और पार्टी सांप्रदायिक भाजपा को लोकतंत्र और संविधान को कुचलने में सफल नहीं होने देगी। यादव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की कि जिला प्रशिक्षण शिविरों के समापन के बाद, भाजपा की विफलताओं और जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने उजागर करें। उन्होंने कहा कि भाजपा की रणनीति समाज में नफरत और वैमनस्य फैलाकर लोगों को बांटने की है, जिसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को विफल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस के विजन, आदर्शों और विचारधारा को लोगों तक पहुँचाने और उनमें जागरूकता पैदा करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।

# विधानसभा में संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा ने गुरुवार को '1911–1946 के पूर्व-स्वतंत्रता भारत की संसदीय प्रणालियां और स्वतंत्रता संग्राम में भारतीय प्रतिनिधियों की भूमिका' विषय पर एक ऐतिहासिक संगोष्ठी का आयोजन किया। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सांसद, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के पूर्व अध्यक्ष तथा रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी के उपाध्यक्ष विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक चेतना किसी उपनिवेशी व्यवस्था की देन नहीं, बल्कि इसकी जड़ें भारत की हजारों वर्ष पुरानी संवाद, असहमति और विमर्श की परंपरा में हैं। उन्होंने विठ्ठलभाई पटेल और भगत सिंह जैसे नेताओं के योगदान का स्मरण करते हुए संस्थागत जवाबदेही और लोकतांत्रिक आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय ने दिल्ली विधानसभा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि प्रारंभिक संसदीय इतिहास को पुनः स्मरण करना हमारे लोकतांत्रिक मानस को समृद्ध करता है। वहीं विधान सभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अपने वक्तव्य में भारत की संवैधानिक विरासत से पुनः जुड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं इस गोष्ठी में डीयू के प्रोफेसर डॉ. नीरजा सिंह, प्रो. हिमांशु राय, डॉ. भुवन झा, प्रो. मनीषा चौधरी, प्रो. संतोष कुमार राय के साथ विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ठ ने अपने विचार व्यक्त किए।

## गुरु को दिया गया है ईश्वर से भी ऊंचा स्थान : सचदेवा



**नई दिल्ली।** गुरूवार को गुरु पूर्णिमा का वह दिन है जो उस महान परंपरा को नमन करने का अवसर है जिसमें गुरु को ईश्वर से भी ऊंचा स्थान दिया गया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरूवार शाम को नई दिल्ली के भगवान वाल्मीकि मंदिर में आयोजित दिव्य गुरुपूजन समारोह में शामिल होने के बाद यह बाते कही। उन्होंने कहा कि यहां परम पूज्य महामंडलेश्वर संत कृष्ण शाह विद्यार्थी के आशीर्वचनों को सुना। इस मौके पर दिल्ली भाजपा संगठन महामंत्री पवन राणा भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि एक ऐसे महान संत, कवि और समाज सुधारक थे जिन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की आदर्श जीवन गाथा रामायण के रूप में दी। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने गुरूवार को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रातः वृंदावन जा कर श्री बांके बिहारी जी के दर्शन किए और नीम करौली बाबा के बृज स्थल पर मत्था टेककर दिल्लीवालों के कल्याण और मंगल की प्रार्थना की। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सचदेवा ने गुरुओं और संतों के दर्शन क्रम में पूज्य प्रेमानंद महाराज एवं महामंडलेश्वर इन्द्रदेव सरस्वती महाराज के दर्शन करके दिल्ली पहुंचे।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **रवि** पुत्र रमन, निवासी- एफ-1068 मंगोलपुरी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 805/2020 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **रवि, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 805/2020 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री रीतिका जैन**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी
उत्तर पश्चिम, कोर्ट संख्या 105
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/9009/OD/2025


### 12 हजार कर्मियों को पक्का करने के मामले पर हुआ जमकर हंगामा

# निगम सदन बैठक चलने देते तो विकास कार्यों पर होती चर्चा : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- आप पार्षदों ने नहीं चलने दी निगम की सदन बैठक
- बैठक स्थगित होने पर सत्ता पक्ष विपक्ष ने साधा निशाना

दिल्ली नगर निगम की सदन बैठक यदि गुरूवार को चलती और दिल्ली के मानसून आदि विषयों पर चर्चा होती तो जनता तक भाजपा की निगम सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी पहुंच जाती और इसका श्रेय भाजपा को मिलता लेकिन यह सदन बैठक आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने नहीं चलने दी और बार बार सदन बैठक में व्यवधान डाल कर हंगामा किया। दिल्ली नगर निगम के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने बैठक स्थगित होने के बाद प्रेस वार्ता में विपक्षी दल आप पर निशाना साधते हुए यह बातें कही। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि समस्त पार्षदगण माह में एक बार होने वाली सदन की बैठक में अपने क्षेत्र की जनता से संबंधित मुद्दे उठाने एक मौका मिलता है किंतु आम आदमी पार्टी की नकारात्मक राजनीति के चलते सदन की बैठक में व्यवधान डाला गया। प्रेसवार्ता में स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा ने कहा कि दिल्ली में हुई भारी बारिश के बावजूद भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम का प्रशासन जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## दो बार मेरे हाथ से एजेंडा लेकर फाड़ दिया : प्रवेश वाही

निगम में नेता सदन प्रवेश वाही ने कहा कि आज इंस्पेक्टर राज को खत्म करने के लिए एक महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की जानी थी लेकिन आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने दो बार मेरे हाथ से एजेंडा लेकर फाड़ दिया। उन्होंने कहा कि यही आम आदमी पार्टी का असली चेहरा है। प्रवेश वाही ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता के साथ एक ढोंग करती है। उन्होंने कहा दो महीनों में नालों से रिकॉर्ड मात्रा में गाद निकाली है। फैक्ट्री लाइसेंस प्रक्रिया में इंस्पेक्टर राज के खत्म करने का फैसला लिया है।

## भाजपा एमसीडी के 12 हजार कर्मियों को पक्का करे : अंकुश



आप नेता विपक्ष अंकुश नारंग और आप पार्षदों ने 12 हजार कर्मियों को तत्काल पक्का करने की पुरजोर मांग उठाई तो महापौर राजा इकबाल सिंह ने सदन को ही स्थगित कर दिया। इसके विरोध में 'आप' पार्षदों ने सदन में जमकर नारेबाजी। अंकुश नारंग ने कहा कि हमारी महापौर से मांग है कि वह निगम आयुक्त को निर्देश देकर इसे लागू कराएं। लेकिन दलित विरोधी चार इंजन की भाजपा सरकार एमसीडी के कर्मियों को उनका अधिकार नहीं देना चाहती है।

## कर्मियों को पक्का करने का बजट में नहीं था प्रावधान : मुकेश गोयल



इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) के नेता एवं वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल ने आप पर निशाना साधते हुए कहा कि 12 हजार कर्मियों के मुद्दे पर आप नेता झूठ बोल रहे हैं। आप ने सत्ता में रहते हुए किसी बजट का प्रावधान नहीं किया। वहीं, कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने कहा कि जनहित के सवालों पर चर्चा करने से महापौर और विपक्ष में आप नेता भाग रहे हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा डीलक्स पे एंड यूज़ शौचालय BOT, ROMT & MOT के आधार पर अनुबंध लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली ''जैसा है जहां है'' के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है–

| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/साइट |
|---|---|---|
| PaynUse07-2025 | दिनांक 25.07.2025 को 12:00 बजे | दिल्ली (DLI) 1 साइट, आनंद विहार (ANVT) 1 साइट, पानीपत (PNP) 1 साइट, शिवाजी ब्रिज (CSB) 1 साइट & पटेल नगर (PTNR) 1 साइट कुल – 5 साइट्स/स्थल। |
| वेबसाईट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/ |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएं | आईआरईपीएस के ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए: –ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण – ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एस बी आई बैंक खाते का एकीकरण; फंड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑन लाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। ई–ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वेन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है। | |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डी.आर.एम. कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 Email: sanitationcell@gmail.com Tel: 011-23743084 | |

संख्या: 7PUB/TN/Pay&UseToilets/Auction/2022 दिनांक: 09.07.2025 2081/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## जलभराव पर चिंतित मुख्यमंत्री ने बुलाई आपात बैठक, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# जलभराव के कारणों का पता कर उनका तुरंत किया जाए निदान : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में बुधवार की शाम आई तेज बारिश के कारण विभिन्न इलाकों में हुए जलभराव पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नाराजगी और चिंता व्यक्त की है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए किए हैं कि जलभराव रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि दिल्लीवासियों को मानसून के मौसम में परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि भारी बारिश के बावजूद मिंटो रोड व आईटीओ चौराहे पर इस बार जलभराव नहीं हुआ। उन्होंने अफसरों को कहा कि इसी तरह की कार्यकुशलता उन्हें पूरी दिल्ली में दिखानी होगी। जलभराव व उससे उपजी परेशानी के निदान के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के साथ पीडब्ल्यूडी, सिंचाई-बाढ़ नियंत्रण विभाग व जलभराव के निपटारे से जुड़े विभागों के आला अफसरों के साथ विशेष बैठक बुलाई और कहा कि जलभराव के मसले में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को बारिश के दौरान तुरंत व प्रभावी उपाय करने होंगे, ताकि जलभराव से उपजी परेशानियों पर समय रहते काबू पाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों के किनारे बनी उन नालियों की तुरंत और निरंतर जांच करें, जिनसे पानी निकलकर सड़क का जलभराव खत्म करता है। जहां भी वे बंद या अवरुद्ध हों, वहां उन्हें तुरंत साफ करवाया जाए। उन्होंने छोटे नालों व नालियों की सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पानी के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कचरा प्रबंधन को लेकर भी स्पष्ट निर्देश दिए और कहा सड़क किनारे, गलियों और नालों में पड़ा कूड़ा-कचरा जलभराव की स्थिति पैदा करता है। इन्हें लगातार हटाया जाए तो जलभराव पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है।

मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह भी निर्देश दिए कि मानसून के दौरान जिन दिनों बारिश के आसार नहीं होते हैं, उन दिनों में भी वरिष्ठ अधिकारी उन स्थलों का दौरा करें, जहां जलभराव की समस्या रहती है। वे इन इलाकों की सफाई करवाएं, वहां पानी की निकासी को चेक करें और उन बाधाओं को दूर करें जो जलभराव का कारण बन सकती हैं। अधिकारी जमीनी कार्रवाई को गति दे। मुख्यमंत्री ने आला अफसरों को यह भी निर्देश दिए कि वे फील्ड स्टाफ की ड्यूटी और जवाबदेही तय करें, ताकि जलभराव के कारणों के साथ-साथ जवाबदेही भी तय की जा सके।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर संतोष जताया और अधिकारियों की तारीफ की कि इस बार मिंटो रोड ब्रिज व आईटीओ चौराहे पर पानी नहीं भरा। जबकि बारिश के दौरान हर वर्ष वहां पानी भर जाता था। उन्होंने कहा कि जब इतने गंभीर जलभराव वाले इलाकों में पानी का भराव रोका जा सकता है तो विभागों को अन्य इलाकों में भी इसी तरह की कार्यकुशलता दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान जलभराव रोकने के लिए समयबद्ध लक्ष्य तय होने चाहिए, तभी दिल्ली में जलभराव पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

### मुनक नहर के रखरखाव को दिल्ली सरकार तैयार जल्द होगी हरियाणा सीएम से बात : सीएम

**नई दिल्ली।** मुनक नहर का रखरखाव दिल्ली सरकार करना चाहती है ताकि उसके जल प्रवाह में कोई समस्या न आए। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस मामले पर हुई बैठक में कही। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि दिल्ली सरकार नहर को और मजबूती प्रदान करेगी जिससे जलप्रभाव में आ रही समस्या दूर होगी वहीं सरकार नहर के आसपास के इलाकों का बेहतर रखरखाव भी करना चाहती है, ताकि वहां धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन भी प्रभावी तरीके से हो। सरकार की यह भी इच्छा है कि नहर की गहराई में समानता रहे। दिल्ली सरकार की योजना में मुनक नहर के ऊपर एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण भी शामिल है। गौरतलब है कि दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस बैठक में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के साथ मुनक नहर से जुड़े हरियाणा के वरिष्ठ अधिकारियों, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), पीडल्यूडी, वन विभाग व अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। अधिकारियों ने बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि मुनक नहर बवाना से दिल्ली में प्रवेश करती है और इंद्रलोक के पास खत्म हो जाती है। इसके लंबाई लगभग 20 किलोमीटर है। मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि दिल्ली में मुनक नहर का रखरखाव व उसके आसपास की जमीन हरियाणा सरकार के सिंचाई विभाग के पास है। दिल्ली सरकार की इस नहर में कोई भूमिका नहीं है। लेकिन यह नहर दिल्ली के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, उसका कारण है कि हैदरपुर जल शोधन संयंत्र में इसी नहर से पानी आता है। इस संयंत्र की क्षमता करीब 200 एमजीडी है।

### हर बार की तरह फिर डूबी दिल्ली, केजरीवाल की तरह रेखा सरकार की निष्क्रियता से जनता को मिला धोखाः यादव

नई दिल्ली। बुधवार को हुई झमाझम बारिश के दूसरे दिन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि रेखा सरकार की निष्क्रियता क चलते जनता को इस बार भी धोख मिला और हर बार की तरह दिल्ली एक बार फिर डूब गई। यादव ने आरोप लगाए कि आम आम आदमी पार्टी और भाजपा द्वारा दिल्ली ड्रेनेज सिस्टम को बदलने में बरती गई निषक्रियता के कारण दिल्ली हर साल बारिश के दौरान डूब जाती है, जिसका हर्जाना दिल्ली वाले भुगत रहे है। जबकि दिल्ली सरकार मानसून से निपटने के लिए बड़े-बड़े दावे करके दिल्ली वालों को गुमराह करती रही है। उन्होंने कहा कि इस बार दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार है जिसने दिन रात बड़े बड़े दावे किए, लेकिन एक ही बारिश में दिल्ली जलमग्न हो गई। भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और सुपर सीएम प्रवेश वर्मा ने सत्ता में आने पर मीडिया, सोशल मीडिया और सार्वजनिक रुप से सरकारी कार्यक्रमों में बड़े-बड़े दावे किए, जिनकी पोल मानसून की बारिश में पूरी तरह खुल चुकी है। प्रवेश वर्मा ने कहा था कि अब दिल्ली में बाढ़ नही आएगी लेकिन अभी मानसून की शुरुआती दिनों में दिल्ली में ही बाढ़ के हालात पैदा हो गए है। जबकि कांग्रेस ने कुंभकरणी नींद में सोई भाजपा सरकार को समय रहते ही चेताया था। लेकिन मुख्यमंत्री और मंत्री गण सत्ता के नशे में बयान देते रहे समय रहते सब ठीक होगा। हालात सुधरने की बजाय बद से बदतर हो गए है, जल भराव का ऐसा मंजर है कि दुपहिया वाहन पूरे डूब चुके है। जिस बदलाव की बात भाजपा कैबिनेट ने की थी उसमें बदलाव तो हुआ लेकिन हालात सुधरने की जगह बदहाल हो चुके है। दिल्ली में जीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। यादव ने कहा कि दिल्ली के लिए नए ड्रेनेज मास्टर प्लान शीला दीक्षित सरकार ने बनवाया था, उस पर दिल्ली आईटीआई की रिपोर्ट आए हुए 7 वर्ष हो चुके है जिसको न तो पिछली सरकार ने लागू किया और न ही भाजपा मुख्यमंत्री उस पर कोई संज्ञान ले रही है। यादव ने कहा कि 15 वर्षों में कांग्रेस की सरकार के दौरान जलभराव की समस्या इतनी जटिल नही थी, क्योंकि समय से पहले गाद निकालने के काम अंजाम दिया जाता था और दिल्ली की बेहतरी के लिए 1976 में बने ड्रेनेज सिस्टम को बदलने के लिए ड्रेनेज मास्टर प्लान को बनाया था। परंतु 11 साल आम आदमी पार्टी और अब भाजपा सरकार ड्रेनेज सिस्टम को बदलने के लिए कुछ काम नही किया है।

### बारिश के बाद नहीं हुई लोगों को दिक्कतें : चहल



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में रातभर हुई वर्षा के दौरान लोगों को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) क्षेत्र में कोई दिक्कत नहीं हुई। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने गुरूवार की सुबह एनडीएमसी क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले प्रमुख स्थलों का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद यह बातें साझा की। उन्होंने यह भी दोहराया कि एनडीएमसी मानसून के दौरान उच्च सेवा मानकों को बनाए रखने तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संकल्पबद्ध है। यह प्रतिबद्धता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ, स्मार्ट और सशक्त राजधानी शहर के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उपाध्यक्ष चहल ने एनडीएमसी अधिकारियों, इंजीनियरों व सफाई कर्मियों की निष्ठा और कर्तव्यपरायणता की सराहना करते हुए कहा कि वर्षा के दौरान नागरिक सेवाओं का निर्बाध संचालन एनडीएमसी की पूर्व योजना और सक्रिय मैदान स्तर की तत्परता का परिचायक है। मैं उन सभी कर्मियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं जो राजधानी क्षेत्र को स्वच्छ, सुरक्षित और कार्यशील बनाए रखने हेतु चौबीसों घंटे कार्यरत हैं।

### श्री गुरू तेग बहादुर स्मारक के सामने फिर हुआ जलभराव

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) के अंतर्गत नरेला विधानसभा के सिंघु बॉर्डर स्थित श्री गुरु तेग बहादुर स्मारक परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने गुरूवार सुबह हुई बारिश के बाद भारी जलभराव देखने को मिला है। जिसके चलते यहां आने वाले लोगों को प्रवेश के दौरान भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बता दें कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद यहां दिल्ली सरकार के दो केबिनेट मंत्रियों ने संबंधित अधिकारियों के साथ दौरा भी किया था लेकिन उसके बाद भी दिल्ली सरकार और प्रशासन की आंखे नहीं खुल रही है। साथ ही यह भी बता दें कि दिल्ली सरकार में मंत्री और दिल्ली नगर निगम के नेता जलभराव को लेकर बड़ी बड़ी बाते कर रहे हैं लेकिन दिल्ली देहात के कई इलाकों में लोग सामान्य रूप से चल भी नहीं पा रहे हैं। लोगों को डर है कि जलभराव के बीच कहीं कोई गड्ढा तो नहीं है और जहां सड़क होती है उसी तरफ जाना बेहतर समझ रहे हैं भले ही इस दौरान गंभीर यातायात जाम का सामना क्यों ही ना करना पड़े।

### बारिश के बाद बिजली की मांग 1200 मेगावाट नीचे लुढ़की

नई दिल्ली। मानसून की पहली झमाझम बारिश के दूसरे दिन गुरुवार को दिल्ली में बिजली की मांग में एकाएक 1200 मेगावाट से भी ज्यादा की गिरावट देखने को मिली। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार गुरूवार को बिजली की अधिकतम मांग गिरकर 5973 मेगावाट रह गई, जबकि बुधवार को अधिकतम मांग का आंकड़ा 7203 मेगावाट दर्ज हुआ था। एसएलडीसी के आंकड़ों के अनुसार 24 घंटे से भी कम समय में बिजली की मांग में 1230 मेगावाट की भारी कमी दर्ज हुई। निजी बिजली वितरण कंपनियों टाटा पावर डीडीएल और बीएसईएस के अधिकारियों के अनुसार एकाएक आई मूसलाधार बारिश के बाद मौसम सामान्य हो गया है। फिलहाल भीषण गर्मी और उमस लगभग समाप्त हो गई है, जिसके चलते बिजली की मांग में 1230 मेगावाट जैसी भारी गिरावट देखने को मिल रही है। लेकिन यह मौसम के मिजाज पर निर्भर है कि मांग बढेगी या घटेगी। अगर एक दो दिन में गर्मी बढ़ी तो जाहिर है कि बिजली की मांग भी बढ़ेगी।

## नजफगढ़ में बरसा 105 मिमी पानी

नई दिल्ली। मानसून की पहली भारी बारिश ने गुरुवार को जहां दिल्ली में पानी पानी कर दिया, वहीं कई वर्षों बाद ऐसा हुआ कि मिंटो रोड रेलवे ब्रिज के नीचे जलभराव नहीं हुआ। लेकिन दिल्ली में हुए जगह जगह जलभराव ने लोगों को परेशान करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। पंजाबी बाग ट्रांसपोर्ट सेंटर में घुटनों घुटनों पानी जमा होने से भारी परेशानी उठानी पड़ी। माल वाहन ट्रांसपोर्ट के मुख्य केंद्रों में शामिल होने के चलते यहां खड़े कई वाहनों के अंदर पानी घुसने से उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली के नजफगढ़ क्षेत्र में मूसलाधार बारिश के चलते 105 मिमी पानी बरसा। यह आंकड़ा बुधवार रात दिल्ली में हुई सबसे अधिक बारिश के रूप में दर्ज हुआ। जबकि दूसरे नंबर पर आया नगर 73 मिमी, रिज एरिया में 69.2 मिमी, पालम में 59.8 मिमी,

■ **मिंटो ब्रिज जलभराव से अछूता, पारा पांच डिग्री लुढ़का**

राजघाट 47.7 मिमी, और सफदरजंग वेधशाला में 20.5 मिमी बारिश दर्ज हुई है। दिल्ली के कई क्षेत्रों में जलभराव हुआ और लोगों को मिनटों के सफर में घंटो लग गए। कई जगह तो पानी घुटनों घुटनों जमा हो गया। मौसम विभाग के अनुसार लगातार दूसरे दिन गुरुवार को दिल्ली में हल्की बारिश दर्ज हुई। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच पालम में सबसे ज्यादा 18 मिमी बारिश देखने को मिली। जबकि दूसरे नंबर पर सफदरजंग वेधशाला में 17 मिमी बारिश दर्ज हुई। जबकि लोधी रोड पर 12.2 मिमी, रिज एरिया में 4.3 मिमी, आया नगर में 4 मिमी, राजघाट में 4.8 मिमी, पूसा में 5.5 मिमी, नजफगढ़ में 5.5 मिमी, मुंगेशपुर मे 4.5 मिमी और मयूर विहार में 1.0 मिमी बारिश दर्ज हुई। आईएमडी ने बताया कि भारी बारिश के चलते अधिकतम व न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट आई है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 5 डिग्री लुढ़ककर 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री गिरकर 23 डिग्री सेल्सियस रह गया। आईएमडी ने ताजा अनुमान जताते हुए कहा कि अब 11-16 जुलाई के लिए दिल्ली में ग्रीन अलर्ट जारी किया गया है। जिसके तहत आसमान पर आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। मेघ गर्जन व बिजली चमकने के साथ बहुत हल्की से हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। बता दें कि दिल्ली में मानसून 29 जून 2025 को दो दिन की देरी से आया था। उसके बाद से केवल बुधवार को हुई मूसलाधार बारिश इस मानसून की सबसे अधिक दर्ज हुई बारिश है।

### जुलाई में दिल्ली की हवा रही सबसे बेहतर, पांच हॉटस्पॉट पहुंचे अच्छी श्रेणी में : सिरसा



**नई दिल्ली।** इस माह अभी तक दिल्ली की वायु गुणवत्ता को लेकर एक उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। इसके साथ ही दिल्ली 13 प्रमुख हॉट स्पॉट्स में से 5 हॉटस्पॉटों का एक्यूआई भी अच्छा दर्ज हुआ। इसमें सबसे अच्छा एक्यूआई 35 विवेक विहार का दर्ज किया गया। इस बात की जानकारी गुरुवार को पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने देत हुए कहा कि गुरुवार को द्वारका का 40, जहांगीरपुरी का 47, पंजाबी बाग का 48 और रोहिणी का एक्यूआई 50 दर्ज किया गया जो अच्छी श्रेणी में आता है। वहीं दिल्ली का औसत एक्यूआई 59 दर्ज हुआ। इस उपलब्धि पर मंत्री सिरसा ने कहा कि यह दिल्ली के लिए एक निर्णायक क्षण है, खासकर जुलाई जैसे महीने में। दशकों बाद हम इस महीने में अब स्वच्छ हवा में सांस ले रहे हैं। यह सतत प्रयास, तकनीक आधारित निगरानी और सबसे महत्वपूर्ण जनभागीदारी का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सक्षम नेतृत्व में हमनें यह सिद्ध किया है कि मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रभावी नेतृत्व मिलकर असंभव को संभव बना सकते हैं। जहां पूर्ववर्ती सरकारें प्रदूषण को लेकर स्वास्थ्य की उपेक्षा करती रहीं, वहीं हमारी सरकार ने पर्यावरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। मंत्री सिरसा ने कहा कि वन महोत्सव 2025 के अंतर्गत आज शास्त्री पार्क सिटी फॉरेस्ट में एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, विधायक श्री जितेन्द्र महाजन एवं संजय गोयल उपस्थित रहे।

## एलजी ने किया आरंभ लाइब्रेरी का उद्घाटन, सीएम रेखा ने छात्रों के लिए बताया मददगार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने गुरुवार को दक्षिण दिल्ली के अधचीनी में एक और आरंभ लाइब्रेरी का उद्घाटन। इस अवसर पर एलजी के अलावा सीएम रेखा गुप्ता, सांसद बांसुरी स्वराज, डीडीए उपाध्यक्ष एन. सरवण कुमार एवं डीडीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा तैयार यह लाइब्रेरी इस अवसर पर एलजी ने कहा कि इन प्रयासों का मूल उद्देश्य दिल्ली में पढ़ने आने वाले छात्रों के लिए एक उत्कृष्ट वातावरण तैयार करना है। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि छात्रों पर उच्च लागत का बोझ न पड़े और उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए एक सुरक्षित बुनियादी ढांचा मिल सके। यह पुस्तकालय एवं वाचनालय छात्रों को निजी व्यावसायिक संस्थाओं के शोषण से भी बचाएँगे। एलजी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते दिल्ली को सभी क्षेत्रों में सर्वोत्तम सुविधाएँ प्रदान करनी चाहिए और डीडीए द्वारा विकसित आरंभ पुस्तकालय इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एलजी ने कहा कि जुलाई 2024 में हुई एक दुखद घटना के बाद सबसे पहला पुस्तकालय जनवरी 2025 में ओल्ड राजिंदर नगर में खोला गया था। एलजी ने कहा कि उस घटना में राजेंद्र नगर के एक निजी कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में तीन युवा छात्रों की डूबने से मृत्यु हो गई थी। तब से, बढ़ती मांग को पूरा करने हेतु पहले आरंभ पुस्तकालय का विस्तार किया गया है और इसकी क्षमता दोगुनी कर दी गई है। अपने संबोधन में सीएम रेखा गुप्ता ने ऐसी लाइब्रेरियों को छात्रों के लिए बेहद मददगार बताया। सीएम ने कहा कि एलजी के मार्गदर्शन नई नीतियों, नवीन पहलों और प्रगतिशील विचारों के साथ, दिल्ली के लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 24 घंटे सातों दिन खुला रहने वाले पुस्तकालय में वाई-फाई, लॉकर, एयर कंडीशनिंग, पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, कैफेटेरिया, आउटडोर बैठने की जगह और ओपन जिम उपलब्ध है। पुस्तकालय में प्रति उपयोगकर्ता 1000 रुपये की मामूली मासिक शुल्क पर एक समय में लगभग 60 छात्रों तथा 8 घंटे की तीन पालियों में कुल 180 छात्रों के बैठने की व्यवस्था है। प्रत्येक सीट पर बिल्ट-इन पॉप-अप पावर सॉकेट वाली मॉड्यूलर टेबल, पहला आरंभ पुस्तकालय ओल्ड राजिंदर नगर में खोला गया था और जल्द ही विकासपुरी, सेक्टर-16बी द्वारका और रोहिणी में भी ऐसे पुस्तकालय खोले जाएंगे।

## श्रमिकों के लिए 'अटल कैंटीन' की स्थापना जल्द से जल्द हो : कपिल मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में श्रमिकों के लिए 'अटल कैंटीन' की स्थापना जल्द से जल्द की जाए। यह निर्देश गुरुवार को दिल्ली के कला, संस्कृति एवं विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। गौरतलब है कि गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं विकास मंत्री कपिल मिश्रा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यटन, कला, संस्कृति एवं भाषा, विधि एवं न्याय, श्रम, रोजगार तथा विकास विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य मंत्रालय के अंतर्गत चल रही और प्रस्तावित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र क्रियान्वयन की दिशा में कार्ययोजना तैयार करना था। बैठक के उपरांत मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली के समग्र और संतुलित विकास के लिए हमारी सरकार पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के विजन से प्रेरित होकर न्याय, संस्कृति, ग्रामीण उन्नयन, श्रमिक कल्याण और नवाचार जैसे क्षेत्रों में ठोस और दूरदर्शी कदम उठा रहे हैं। सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि 31 अगस्त, 2025 तक सभी महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ सुनिश्चित करें ताकि जनता को इन योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके।



## खबर संक्षेप

### पहली बारिश में फरीदाबाद में जलभराव

**फरीदाबाद।** मानसून की पहली वर्षा के बाद नेशनल हाईवे लेकर औद्योगिक नगरी के भीतर तक



जलभराव हो गया। जिसकी वजह से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि नगर निगम और एनएचएआई की ओर से पानी निकासी को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर टैंकर लगाए गए। निगम के अनुसार सीकरी से लेकर बदरपुर बार्डर तक कुल 22 टैंकर लगाए गए थे।

### लक्ष्य शर्मा बने भाजपा जिला प्रवक्ता

**फरीदाबाद।** भाजपा महानगर के जिलाध्यक्ष सोहनपाल सिंह ने शीर्ष नेतृत्व से विचार-विमर्श कर



महानगर के पदाधिकारियों की घोषणा की। कार्यकारिणी में लक्ष्य शर्मा को जिला प्रवक्ता पद नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने सीएम नायब सैनी, केबिनेट मंत्री मनोहरलाल खट्टर, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली आदि नेताओं का आभार जताया।

### 3 लाख की रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा की टीम ने कार्रवाई करते हुए 3 लाख की रंगदारी मांगने के मामले में



गजेंद्र सेक्टर 20 को गिरफ्तार किया है। मुकेश ने शिकायत में बताया कि वह डॉ. लाल के नाम से क्लीनिक चला रहा है। उसके व्हाट्सप पर मैसेज आया जिसमें 3 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई और पैसा न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई थी।

### पत्नी की हत्या करने वाला पति काबू

**गाजियाबाद।** थाना टीलामोड़ पुलिस ने पत्नी की चाकू मारकर हत्या करने वाले युवक को



गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 1 रक्तरंजित आलाकत्ल चाकू बरामद हुआ है। डायल-112 की पीआरवी द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने पत्नी की चाकू मार कर हत्या कर दी है। तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस मौके पर पहुची थी। आरोपी ने बताया उसने पत्नी की अवैध संबंधों के चलते हत्या कर दी।

### देसी कट्टा व कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी



मनबीर को गिरफ्तार किया है। डीएलएफ की टीम ने मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए मनबीर को एक देसी कट्टा व एक कारतूस सहित पदम नगर खेड़ीपुल एरिया से गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ थाना खेडीपुल फरीदाबाद में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

---

पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता के लिए मैराथन

# 'रन फॉर ग्रीन गाजियाबाद' 'ग्रीनाथॉन ' की थीम पर 27 जुलाई को मैराथन, हिंडन नदी के किनारे होगा पौधरोपण

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण 27 जुलाई को मैराथन का आयोजन करेगा। 28 जुलाई को चूंकि विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस है, इसको ध्यान मे रखते हुए एक दिन पहले मैराथन 'ग्रीनाथॉन' की थीम पर रन फॉर ग्रीन गाजियाबाद रखा गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

प्रदेश सरकार के द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार उठाए जा रहे कदमों के बीच पर्यावरण के प्रति लोगों मे जागरूकता लाने के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण 27 जुलाई को मैराथन का आयोजन करेगा। 28 जुलाई को चूंकि विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस है, इसको ध्यान मे रखते हुए एक दिन पहले मैराथन ' ग्रीनाथॉन' की थींम पर रन फॉर ग्रीन गाजियाबाद रखा गया है। इस मैराथन से प्रत्येक उम्र के लोग जुड़े इसके लिए चार अलग श्रेणियां बनाई गई है, अर्थात 21.1 किलोमीटर,10 किलोमीटर, 5 और 3 किलोमीटर फन रन।

इस मैराथन की शुरुआत सिटी फारेस्ट से की जाएगी, एलीवेटेड रोड होते हुए मार्ग तय किया गया है। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि इस दिन हिंडन नदी के किनारे पौधे भी लगाए जाएंगे। मैराथन में हिस्सा लेने वालों को टी शर्ट,मैडल तथा सार्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए जाएंगे। वत्स ने बताया कि पिछले कुछ समय में एनसीआर में वायु प्रदूषण की समस्या बढ रही है। ऐसे में महसूस किया कि समय की सबसे बड़ी आवश्यकता पर्यावरण के प्रति जागरूक करने की है, इसी का देखते हुए प्राधिकरण के द्वारा मैराथन के आयोजन का निर्णय लिया गया है,ताकि समाज के हर वर्ग की इसमें भागेदारी सुनिश्चित हो सकें। इस मैराथन में किसी भी संस्था,आरडब्लूए एवं दूसरे संगठनों के द्वारा भी भागेदारी सुनिश्चित की जा सकती है।

### विजेताओं को मिलेगा नकद पुरस्कार




प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने बताया कि इस मैराथन में विजेताओं को नगद धनराशि से भी सम्मानित किया जाएगा, 21.1 किलो मीटर मैराथन में विजेता महिला एवं पुरुषों को 21 हजार की धनराषि से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ प्रथम रनर को 11 हजार एवं द्वितीय रनर को 5100 रूपए एवं 10 किलो मीटर की मैराथन में विजेता महिला एवं पुरुषों को 11 हजार एवं प्रथम रनर को 5100 और द्वितीय रनर को 3100 एवं 5 किलो मीटर की मैराथन में विजेता महिला एवं पुरुषों को 5100 तथा प्रथम रनर को 3100 और द्वितीय रनर को 2100 नगद धनराशि से सम्मानित किया जाएगा।

---

नवगठित जिला कार्यकारिणी की परिचय बैठक

# लोक संपर्क व संवाद के साथ कार्य कर संगठन को मजबूत करें सभी कार्यकर्ता

संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करना सबकी जिम्मेदारी

सभी पदाधिकारी संगठन को मजबूती देने का कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने जिला कार्यालय अटल कमल पर आयोजित परिचय बैठक में सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह टीम केवल पदाधिकारी नहीं, बल्कि संगठन की रीढ़ है। संगठन तब ही सफल होता है जब उसका हर कार्यकर्ता सक्रिय हो, अनुशासित हो और विचारधारा के प्रति निष्ठावान हो। हमें जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद बनाकर संगठन को विस्तार देना है।

आने वाले समय में पार्टी की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाना और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यकर्ता लोक सम्पर्क, लोक संवाद और उत्कृष्ट कार्यशैली के साथ कार्य कर संगठन को मजबूत करने का



कार्य करें। परिचय बैठक में पार्टी के जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स तथा पूर्व जिला महामंत्री सुरेंद्र जांगड़ा, जिला महामंत्री प्रवीण चौधरी गर्ग, एवं शोभित अरोड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। परिचय सत्र के बाद जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स एवं जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यशैली, अनुशासन, समन्वय और संगठन विस्तार जैसे विषयों पर गहन मार्गदर्शन दिया।

भाजपा जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स ने कहा कि बूथ स्तर तक मजबूत नेटवर्क ही किसी भी संगठन की असली ताकत होता है। मंडल और बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सभी पदाधिकारी संगठन को मजबूती देने का कार्य करें । केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाने में संगठन की भूमिका निर्णायक होनी चाहिए। बैठक में जिला उपाध्यक्ष हरेन्द्र भडाना, गोल्डी अरोड़ा, मुकेश शर्मा, एडवोकेट विक्रम सिंह अरुआ, भारती भाकुनी, सीमा भारद्वाज, धर्मवीर भड़ाना, जिला सचिव गिर्राज त्यागी, तरंजीत सिंह भाटिया, एडवोकेट मनीष छोंकर, अनुराधा डंगवाल, आरती साहू, जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा, कार्यालय सचिव राज मदान जिला मीडिया प्रभारी सचिव, विनोद गुप्ता, आई टी प्रमुख शिवम रत्न गुप्ता, सोशल मीडिया प्रमुख तनुज कोठारी को और अरुणिमा सिंह उपस्थित रहे।

---

# गुरुग्राम में महिला टेनिस खिलाड़ी की हत्या, पिता ने ही मार दी गोली

## आरोपी पिता गिरफ्तार, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

यहां एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां के राज्य स्तरीय टेनिस खिलाड़ी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या किसी गैर ने नहीं बल्कि टेनिस खिलाड़ी के पिता ने ही की है। मृतका की पहचान राधिका यादव के रूप में हुई है। हत्या के बाद उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्या की वजह का अब तक खुलासा नहीं हुआ है। गुरुग्राम पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामला गुरुग्राम के सेक्टर-57 का है। यहां एक शख्स ने अपनी बेटी को गोली मार दी। गोली लगने के बाद राज्य स्तरीय टेनिस खिलाड़ी को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन वहां इलाज के दौरान खिलाड़ी की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस को इसकी सूचना मिली। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में इस्तेमाल की गई रिवॉल्वर भी बरामद कर ली है। पुलिस घटना की वजह जानने का प्रयास कर रही है। घटना के बाद राधिका के घर में मातम छा गया है।





### राज्य स्तरीय पुरस्कार हासिल की थी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतका राधिका एक जानी-मानी टेनिस खिलाड़ी थीं। उन्होंने अब तक राज्य स्तरीय टेनिस प्रतियोगिताओं में कई मेडल जीते हैं। पुलिस ने बताया कि मृतक राधिका की उम्र महज 25 साल थी। पिता ने राधिका को गोली क्यों मारी, अभी इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस इस मामले में पिता को गिरफ्तार करने के बाद जांच शुरू कर दी है। पिता ने टेनिस खिलाड़ी को गुरुग्राम के सेक्टर-57 स्थित घर में गोली मारी। टेनिस खिलाड़ी को आरोपी पिता ने तीन गोलियां मारी। गोली लगने के बाद तुरंत टेनिस खिलाड़ी को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान राधिका की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि राधिका अपने परिवार के साथ सेक्टर-57 में रहती थी, जहां उसे गोली मार दी गई।

---

# बिजनेस पार्टनर के साथ धोखाधड़ी के मामले में 4 के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बिजनेस पार्टनर के साथ धोखाधड़ी करने पर पुलिस ने शराब कारोबारी हरभजन सिंह चड्ढा के परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की है। मुरादाबाद सिविल लाइंस थाने में दर्ज केस में हरभजन की पत्नी जसप्रीत कौर, बेटे गुरजीत चड्ढा, पोते हरवीर चड्ढा और बहू तमन्ना चड्ढा को नामजद किया गया है।

गोपाल मिश्रा ने बताया कि 13 जुलाई 2010 को उन्होंने हरभजन सिंह व हरवीर सिंह चड्ढा के साथ 'मैसर्स चड्ढा डेवलपर्स' नाम से फर्म बनाई थी। इसमें हरभजन और हरवीर की हिस्सेदारी 37.5-37.5 प्रतिशत और मिश्रा की 25 प्रतिशत थी। डीड में स्पष्ट शर्त थी कि किसी भी साझेदार की मृत्यु होने पर यह पार्टनरशिप स्वतः भंग

# कांवड़ यात्रा के चलते नमो भारत की फ्रीक्वेंसी बढ़ाई, 15 के बजाय 10 मिनट में मिलेगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सावन के पावन महीने में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार से कांवड़ लाने के लिए यात्रा करते हैं। दिल्ली-मेरठ और आसपास से श्रद्धालु कांवड़ लाते हैं। इस बार 11 जुलाई, से सावन महीने की शुरुआत हो रही है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एनसीआरटीसी ने नमो भारत की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने का फैसला किया है।

कांवड़ यात्रा के दौरान नमो भारत ट्रेन 15 मिनट के बजाय 10 मिनट के अंतराल पर चलेगी। ये सुविधा सुबह 8 से 11 बजे तक और शाम को 5 बजे से 8 बजे के लिए यात्रियों को मिलेगी। ये सेमी हाई स्पीड ट्रेन फिलहाल 11 स्टेशनों के बीच 55 किलोमीटर के सेक्शन



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विनोद मंडल** पुत्र **प्रकाश मंडल निवासी सी–205, रेलवे कॉलोनी, प्रियदर्शनी कॉलोनी, कुतुब रोड, सदर बाजार, दिल्ली** ने case **FIR No. 502/2024 U/s 27/61/85 NDPS Act, थाना सदर बाजार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **विनोद मंडल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विनोद मंडल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **FIR No. 502/2024 U/s 27/61/85 NDPS Act, थाना सदर बाजार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विनोद मंडल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 08.09.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव गोयल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–06
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 247, द्वितीय तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8981/N/2025(Court Matter)


---


ड्राइवर-सिक्योरिटी गार्ड घायल

# डिवाइडर से टकराई कैब एयरपोर्ट कर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

खांडसा रोड पर वीरवार की अल सुबह एक कैब डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कैब में सवार इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी स्टाफ के रूप में कार्यरत युवती की मौत हो गई। जबकि कैब चालक व एक सिक्योरिटी गार्ड घायल हो गए। कैब एयरपोर्ट स्टाफ को ड्रॉप करने आई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वंशिका इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी स्टाफ के रूप में कार्यरत थी। वीरवार की सुबह करीब तीन बजे वंशिका अपनी



कंपनी की ड्रॉप सर्विस वाली कैब में सवार होकर घर जा रही थी। उसके साथ सहकर्मी और एक सिक्योरिटी गार्ड भी लौट रहे थे। रास्ते में सेक्टर 10 के पास उनकी सहकर्मी उतर गई। इसके बाद ड्राइवर वंशिका को उनके घर छोड़ने खांडसा की ओर बढ़ रहा था। बारिश के चलते सड़क पर विजिबिलिटी कम थी। इसी दौरान करीब साढ़े तीन बजे कैब एक डिवाइडर से टकरा गई। कैब का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# बरसात से हुए जलभराव के दौरान करंट लगने से ग्राफिक डिजाइनर सहित 3 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बरसात से हुए जलभराव के दौरान करंट लगने से अलग-अलग एरिया में तीन युवकों की मौत हो गई। इनमें दो युवकों की मौत बिजली के पोल में करंट लगने से हुई है। वहीं एक युवक को दुकान के शटर से करंट लगा है। बृहस्पतिवार को शवों को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

अक्षत जैन गुरुग्राम के वाटिका सिटी सेक्टर-49 में किराए रहते थे। वह निजी कंपनी में ग्राफिक



डिजाइनर थे। बुधवार की रात करीब नौ बजे वह सेक्टर-49 में जिम के बाद बाइक पर सवार होकर वापस जा रहा था। घसोला गांव के रोड पर बिजली के पोल में करंट होने से अक्षत जैन उसकी चपेट में आ गया। राहगीरों ने अक्षत को निजी अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अक्षत के परिजनों ने सेक्टर-50 थाने में दी शिकायत में बिजली विभाग पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं सेक्टर-17/18 थाना क्षेत्र में जेनपैक्ट चौक के पास पवन कुमार जेनपैक्ट चौक पास से गुजर रहा था। इस दौरान उसका हाथ पोल व वहां खड़ी रेहड़ी में लग गया। अर्थिंग की वजह से उसे करंट लग गया।



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 (स्मार्ट रोड) (ग्रुप नं. 12) (नलवा निर्वाचन क्षेत्र) हिसार जिले में आरडी 0.000 से 7.680 तक रावलवास खुर्द से सिसवाला किरतान रोड तक रोड का मजबूतीकरण (रोड आईडी 4923)। | बंद होने की तिथि 17.07.2025 | 367.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 (नलवा निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 1) हिसार जिले में 2 अदद रोड का मजबूतीकरण (I) तलवंडी रूक्का से बादो ब्राह्मणा वाया हरिता रोड आरडी 0.000 से 7.200 (रोड आईडी 4761) (II) गुंजर ऐप. रोड और स्कूल रोड आरडी 0.00 से 0.270 (रोड आईडी 4788)। | बंद होने की तिथि 17.07.2025 | 357.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 (नलवा निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 5) हिसार जिले में 2 अदद रोड को चौड़ा करना व मजबूतीकरण (I) रावत खेड़ा, बरवा से रूपाना रोड आरडी 0.00 से 3.900 (रोड आईडी 12100) (II) कालूवास से चुधारीवास रोड आरडी 0.00 से 4.050 (रोड आईडी 4971)। | बंद होने की तिथि 17.07.2025 | 409.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 (नलवा निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 4) हिसार जिले में 2 अदद रोड को चौड़ा करना व मजबूतीकरण (I) हिसार मंगाली शरवा से बादो जाट्टान वाया भेरी रोड आरडी 0.000 से 2.050 (रोड आईडी 4762) (II) रावतखेड़ा से बरवा रोड आरडी 0.000 से 3.000 और 5.300 से 7.300 (रोड आईडी 4758)। | बंद होने की तिथि 17.07.2025 | 378.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र के तहत अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला कैंट के तहत 8 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 93, 95, 119, 124, 128, 135, 148 और 9230) (पार्ट-2) (ग्रुप नं. 3) + 1 कार्य। | 04.07.2025 14.07.2025 | 950.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में तेलीवाड़ा से घसवा वाया लाम्बा स्कूल पर बाढ़ के पानी की वजह से क्षतिग्रस्त रोड का पुनरोद्धार। (रोड आईडी 5485) | 08.07.2025 21.07.2025 | 170.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में रतिया निर्वाचन क्षेत्र के तहत विभिन्न सड़कों की विशेष मरम्मत / सुधार (कार्य कार्यक्रम 2025-26) (ग्रुप-1) 1. थेरी से खेड़ा से पंजाब बॉर्डर तक किमी. 0.00 से 2.20 (रोड आईडी 5520) पर आईपीबी और चौड़ा करना एवं मजबूतीकरण, 2. भट्टू खुर्द से थेरी कि.मी. 0.00 से 2.58 (रोड आईडी 11179/867) पर आईपीबी और चौड़ा करना एवं मजबूतीकरण, 3. थेरी से नखाटिया कि.मी. 0.00 से 3.59 (रोड आईडी 9102) पर आईपीबी और चौड़ा करना एवं मजबूतीकरण + 4 कार्य। | 08.07.2025 21.07.2026 | 1978.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में रतिया निर्वाचन क्षेत्र के तहत विभिन्न सड़कों की विशेष मरम्मत / सुधार (कार्य कार्यक्रम 2025-26) (ग्रुप-7) 1. भोडिया खेड़ा से दौलतपुरा कि.मी. 0.00 से 1.40 और 2.80 से 6.95 पर आईपीबी और पीसी जमा मजबूतीकरण (रोड आईडी 11758/878), 2. डीएचएस रोड से कारनोली कि.मी. 0.00 से 1.95 पर आईपीबी और ऊपर उठाना (रोड आईडी 5621) + 3 कार्य। | 08.07.2025 23.07.2025 | 1639.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प सिरसा | हैड-5054 के तहत सिरसा जिले में कालांवाली निर्वाचन क्षेत्र में (कार्य कार्यक्रम 2025-26) (ग्रुप-II) (जीएसटी के बिना) 5 अदद रोड को चौड़ा करने, मजबूतीकरण /पीसी/आईपीबी/सीसीबी के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत हेतु डीएनआईटी अर्थात 1. रसूलपुर से रसूलपुर थेरी कि.मी. 0.00 से 1.40 तक रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 5982), 2. सिरसा बरनाला रोड से ढाणी वरेचा कि.मी. 0.00 से 2.80 तक रोड पर चौड़ा करने का प्रावधान (रोड आईडी 5987), 3. डीएचएस (एनएच-10) रोड से बग्गुवाली तक कि.मी. 0.00 से 3.55 के लिए विशेष मरम्मत (रोड आईडी 5837), 4. बग्गूवाली से संघा तक पंजाब बॉर्डर तक कि.मी. 0.00 से 1.58 तक रोड पर पीसी/मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 5838), 5. रसूलपुर से ढाणी रूपाराम बुट्टाराम तक कि.मी. 0.0 से 1.32 तक रोड पर 20 मिमी पीसी और मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 5991) + 1 कार्य। | 09.07.2025 19.07.2025 | 759.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी जिले में बाल भवन की बिल्डिंग का निर्माण। (सोलर वाटर हीटिंग प्लांट का प्रावधान) + 2 कार्य। | 08.07.2025 16.07.2025 | 53.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 11 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा यमुनानगर निर्वाचन क्षेत्र रादौर के तहत विभिन्न सड़कों पर चौड़ा करने और मजबूतीकरण द्वारा सड़कों की मरम्मत (आईडी 589, 507, 558, 509, 635, 591, 587, 438, 642 2995 (ग्रुप-2) (2025-26)। | 08.07.2025 17.07.2025 | 491.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 12 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में गांव सेलोठी में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण (सी.एम. घोषणा कोड सं. 22386 दिनांक 10.06.2018) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 14.07.2025 | 25.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 13 | लोनिवि भ व प सोनीपत | कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत सोनीपत जिले में गन्नौर निर्वाचन क्षेत्र में रोड आईडी 11614, 9934 और 12276 वाले 3 अदद रोड को चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | 07.07.2025 17.07.2025 | 909.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज गन्नौर | गांव डाबरपुर में बीसी चौपाल का निर्माण, डी-प्लान 2025-26. | बंद होने की तिथि 16.07.2025 | 8.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज हिसार | बालक, बरवाला, बाल्मिकी चौपाल का निर्माण (डी प्लान) + 8 कार्य। | 04.07.2025 21.07.2025 | 75.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव फतेहपुर बिल्लोच ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में आयुष डिस्पेंसरी का निर्माण, जीएडी + 3 कार्य। | 08.07.2025 15.07.2025 | 158.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 17 | महिला बाल विकास, जीन्द | एसएनपी और अन्य मदों का परिवहन कार्य। | 09.07.2025 16.07.2025 | 25,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9896093597 dpojind.wcd@gmail.com |
| 18 | स्वास्थ्य विभाग, नारनौल | महेन्द्रगढ़ जिले के लिए औषधियों, मेडिकल कंज्यूमेबल्स, लैब रीजेंट्स की अधिप्राप्ति हेतु निविदा। | 09.07.2025 04.08.2025 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467535835 dhs.csmhn@hry.nic.in |
| 19 | स्वास्थ्य विभाग, पंचकूला | स्कूटर, मोटरसाईकिल और कार की पार्किंग। | 10.07.2025 21.07.2025 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/380/36478/I/88/7 दि. 10.07.25

# 40 हजार सीटिंग कैपेसिटी का होगा राजगीर क्रिकेट स्टेडियम, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया निरीक्षण

## स्टेडियम में खिलाड़ियों, दर्शकों, मीडिया गैलरी के साथ हर जरूरतों का रखा गया ध्यान

एजेंसी ▶▶ राजगीर

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को राजगीर खेल परिसर में निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि राजगीर क्रिकेट स्टेडियम में 40 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। इस क्रिकेट स्टेडियम में खिलाड़ियों तथा दर्शकों की मूलभूत सुविधाओं, मीडिया गैलरी के साथ ही हर प्रकार की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य सुनिश्चित कराया जा रहा है।

**खास बातें**

- राजगीर जाने के रास्ते सीएम ने नालंदा में प्रस्तावित बुद्ध सर्किट फोर लेन पथ निर्माण का किया निरीक्षण
- क्रिकेट स्टेडियम के प्रगति के संबंध में ली जानकारी ली



### इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में सीएम ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण करने के बाद राजगीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और राजगीर में चल रहे विकास कार्यों, राजगीर को सम्पर्कता प्रदान करने वाले वैकल्पिक पथों के निर्माण तथा राजगीर क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण कार्य की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इससे पहले पटना से राजगीर जाने के क्रम में मुख्यमंत्री ने नालंदा जिला अन्तर्गत प्रस्तावित सालेपुर से राजगीर बुद्ध सर्किट फोर लेन पथ निर्माण के एलायनमेंट का सालेपुर मोड़ एवं बेलऊआ में स्थल निरीक्षण किया।


### रेलवे लाइन के ऊपर एलिवेटेड पथ बनाया जाएगा

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रस्तावित पथ के एलायनमेंट में पड़ने वाले रेलवे लाइन के ऊपर एलिवेटेड पथ बनाया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस पथ का कार्यारंभ जल्द शुरू कराएं। इसके बन जाने से पटना से राजगीर जाने वाले लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी, समय की भी बचत होगी।

## खबर संक्षेप

### सारनाथ को विश्व धरोहर घोषित कराने की तैयारी

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग ने वाराणसी में स्थित प्रमुख बौद्ध धर्म स्थल सारनाथ को विश्व धरोहर घोषित कराने की तैयारी शुरू कर दी है। यूनेस्को की विश्व धरोहर की स्थाई सूची में ताजमहल, आगरा का किला व फतेहपुर सीकरी को शामिल किया गया है। ताजमहल व आगरा के किला को वर्ष 1983 में शामिल किया गया था। जबकि सारनाथ वर्ष 1988 से यूनेस्को की सूची में अस्थाई तौर पर शामिल है।



### झारखंड में बोलेरो ने 3 को रौंदा, तीनों की मौत

**धनबाद।** यहां के हजारीबाग में एक बोलेरो ने तीन लोगों को रौंद दिया। घटना में तीनों की मौत हो गई। घटना के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन दो की पहले मौत हो गई, जबकि तीसरे की मौत अस्पताल में हुई। यहां गुरुवार दोपहर दर्दनाक हादसा हुआ। हादसा इतना भयानक था कि दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक को अस्पताल ले गए और वहीं मौत हो गई।



### पुलिस चौकी से भागा गोलीकांड का आरोपी

**बरेली।** यहां चावल मंडी में हुए गोलीकांड का आरोपी अमित राठौर रुहेलखंड चौकी पुलिस की हिरासत से भाग गया। मामले में सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव व बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय की जांच रिपोर्ट के बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने चौकी प्रभारी जगत सिंह व सिपाही सचिन को निलंबित कर दिया है। उधर आरोपी ने चौकी से भागकर कोर्ट में सरेंडर कर दिया है।



## यूपी में अवैध धर्मांतरण पर ताबड़तोड़ एक्शन

# योगी सरकार ने अब तक 16 में से 12 को दिलाई आजीवन कारावास और 4 को 10 साल की कैद

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार की अवैध धर्मांतरण के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। योगी सरकार के निर्देश पर पिछले आठ वर्षों में यूपी पुलिस, एसटीएफ और एटीएस दो दर्जन से अधिक अवैध धर्मांतरण गिरोहों के सरगना और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार सलाखों के पीछे धकेल चुकी है।

वहीं, अभियोजन विभाग द्वारा कोर्ट में प्रभावी पैरवी, वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर पिछले आठ वर्षों में अवैध धर्मांतरण में लिप्त 16 आरोपियों को सजा दिलाई गई। इनमें से 12 आरोपियों को आजीवन कारावास और 4 आरोपियों को 10 वर्ष के कारावास की सजा दिलाई गई। इसके साथ ही कोर्ट द्वारा आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया गया।

*अभियोजन विभाग ने की कोर्ट में पैरवी*

*खाते में एफसीआरए के बिना विदेशी चंदा आया*



### इस्लामिक दावा सेंटर के जरिए कराते थे धर्मांतरण

डीजीपी राजीव कृष्णा ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेशभर में धार्मिक-सामाजिक एकता बनाए रखने और जनसंख्या संतुलन को बिगाड़ने वाली साजिशों को विफल करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अवैध धर्मांतरण के सरगनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। अभियान ने न केवल अवैध धर्मांतरण की गहरी जड़ों को उजागर किया, बल्कि संगठित धर्मांतरण गिरोहों की कमर तोड़ दी है। डीजीपी ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश भर में अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे धकेला गया है। यह आरोपी यूपी के साथ दिल्ली, महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात और हरियाणा में भी सक्रिय थे।

### 450 से ज्यादा अवैध धर्मांतरण के प्रमाण पत्र बरामद

डीजीपी ने बताया कि अभियान में दबोचे गए आरोपियों ने अवैध धर्मांतरण का सुनियोजित नेटवर्क तैयार कर रखा था। इनके कब्जे से 450 से अधिक अवैध धर्मांतरण प्रमाण-पत्र और भारी मात्रा में विदेशी फंडिंग के दस्तावेज बरामद हुए थे। अवैध धर्मांतरण के लिए पीड़ितों पर मानसिक दबाव बनाया जाता था, उन्हें इस्लाम अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता था और बाद में उन्हें रैली और वीडियो के जरिए मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर प्रचारित किया जाता था। इनमें से कई आरोपियों के खाते में एफसीआरए के बिना विदेशी चंदा आया था, जिसे उन्होंने अवैध धर्मांतरण की गतिविधियों में इस्तेमाल किया। इतना ही नहीं योगी सरकार द्वारा अवैध धर्मांतरण के आकाओं और उनके सहयोगियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए कोर्ट में प्रभावी पैरवी की गई।

### आरोपियों को दिलाई गई कठोर सजा

अभियोजन विभाग के डीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि अवैध धर्मांतरण में लिप्त आरोपियों को कोर्ट के जरिये सजा दिलाने के लिए वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन और प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की गई। इसी का परिणाम है कि पिछले आठ वर्षों में अवैध धर्मांतरण में लिप्त आकाओं और उनके सहयोगियों को आजीवन कारावास के साथ अर्थदंड की सजा दिलायी गयी। इनमें से 12 आरोपियों को आजीवन कारावास और 4 को 10 वर्षों की कठोर सजा सुनाई गई है। साथ ही कोर्ट द्वारा आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया गया।

### बहुसंख्यक आबादी में धार्मिक असंतुलन पैदा करना है मकसद

मकसद बहुसंख्यक आबादी में धार्मिक असंतुलन पैदा कर देश की जनसांख्यिकी को बदलना और शांति को भंग करना था। यह लोग गिरोह के संचालन के लिए इस्लामिक दावा सेंटर (आईडीसी) जैसे केंद्रों का उपयोग करते थे, जहां गरीब, असहाय, दिव्यांग और समाज के हाशिए पर खड़े लोगों को बहला-फुसलाकर, नौकरी, इलाज, शादी और पैसे के लालच से अवैध धर्मांतरण कराया जाता था। वहीं कुछ अभियुक्तों को प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से प्रेरित भी पाया गया है।

## सीएम नीतीश जारी करेंगे राशि

# बिहार के 1.11 करोड़ लोगों के खाते में आज आएंगे 1227 करोड़ रुपए



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के 1.11 करोड़ लोगों के खाते में शुक्रवार 11 जुलाई को कुल 1227 करोड़ रुपए आएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यह राशि जारी करेंगे। यह राशि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी।

हर लाभार्थी के बैंक अकाउंट में 1100 रुपए डाले जाएंगे। पिछले महीने ही नीतीश सरकार ने दिव्यांग, विधवा और बुजुर्गों की पेंशन को 400 रुपए प्रति महीना से बढ़ाकर 1100 रुपए की थी। पहली बार बढ़ी हुई पेंशन लाभार्थियों के खाते में आएगी, इसका उन्हें बेसब्री से इंतजार है।

### राज्य स्तरीय समारोह होगा

चुनावी साल में नीतीश सरकार इस कार्यक्रम को भव्य तरीके से आयोजित करने जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पटना में शुक्रवार को राज्य स्तरीय समारोह होगा, जिसमें सीएम नीतीश कुमार पेंशन योजना के लाभार्थियों के खाते में राशि जारी करेंगे।

### राज्य भर से 60 लाख से ज्यादा लाभार्थी

इसके अलावा सभी 38 जिलों के मुख्यालयों, 534 प्रखंड मुख्यालयों के साथ-साथ 8053 पंचायतों एवं 43 हजार से ज्यादा राजस्व गावों में भी इस पर कार्यक्रम किया जाएगा। सरकार का दावा है कि इन कार्यक्रमों में राज्य भर से 60 लाख से ज्यादा लाभार्थी शामिल होंगे। बीते मंगलवार को इसके लिए मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक भी हुई थी, जिसमें जिलाधिकारियों को दिशानिर्देश दिए गए थे।

## पेज एक का शेष

### आपातकाल: भारत के ...

गांधी के पुत्र संजय गांधी के कृत्यों को याद किया जिसमें जबरन नसबंदी अभियान एवं नई दिल्ली में झुग्गियों को बलपूर्वक गिराए जाने के मामले शामिल हैं।

**लोकतंत्र अनमोल विरासत** : कांग्रेस सांसद ने कहा कि लोकतंत्र कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे हल्के में लिया जाए, यह एक अनमोल विरासत है जिसे निरंतर पोषित और संरक्षित किया जाना चाहिए। यह सभी लोगों के लिए एक सबक होना चाहिए। आज का भारत 1975 का भारत नहीं है। हम ज्यादा आत्मविश्वासी, ज्यादा विकसित और कई मायनों में ज्यादा मजबूत लोकतंत्र हैं।

**हजारों लोग बेघर हुए** : थरूर ने कहा कि पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को इन कठोर कार्रवाई का समर्थन करते हुए देखा गया था। इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जबरन नसबंदी अभियान चलाया जो इसका एक संगीन उदाहरण बन गया। पिछड़े ग्रामीण इलाकों में मनमाने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हिंसा और बल का इस्तेमाल किया गया। नई दिल्ली जैसे शहरों में झुग्गियों को बेरहमी से ध्वस्त कर उनका सफाया कर दिया गया। हजारों लोग बेघर हो गए। उनके कल्याण पर ध्यान नहीं दिया गया। दुर्भाग्यपूर्ण ज्यादतियां होने के बावजूद बाद में इन कृत्यों को कुछ गरिमा के साथ चित्रित किया गया।

### सूखा ग्रस्त क्षेत्रों के लिए...

हमने आंध्र प्रदेश के कृषि मंत्री के साथ सूखा ग्रस्त जिलों को लेकर अहम बैठक की है। यहां की अपनी समस्याएं हैं। बारिश कम होती है, अक्सर सूखा पड़ता है और इसके कारण यहां किसान और खेती संकट में है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश सरकार ने ड्रिप इरिगेशन को बढ़ावा देने से लेकर, हॉर्टिकल्चर को बढ़ावा देने तक कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।"शिवराज सिंह ने कहा कि "पुरानी सरकार ने केंद्र सरकार के पैसे को भी डायवर्ट करके यहां किसानों के साथ अन्याय किया। लेकिन वर्तमान सरकार काम कर रही है। विजनरी चीफ मिनिस्टर यहां पर हैं। तो हमारे मन में ये विचार आया कि इन जिलों की समस्या के समाधान के लिए- जो ये रायलसीमा के जिले हैं– एक तो लघु समाधान और दूसरा कुछ दीर्घकालिक योजना भी बनाई जाए, जिससे स्थायी समाधान निकल सके। इसलिए आज चर्चा करके हमने तय किया है कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार मिलकर इसका समाधान खोजेंगी।" उन्होंने कहा कि "विभिन्न उपायों में सबसे पहले- हम कृषि विभाग, आईसीएआर व ग्रामीण विकास की केंद्र सरकार की एक टीम- जिसमें आईसीएआर के वैज्ञानिक एवं बाकी अधिकारी शामिल होंगे- उन्हें यहां भेजा जाएगा। ताकि कृषि विभाग, आईसीएआर के वैज्ञानिक, ग्रामीण विकास विभाग और भूमि संसाधन विभाग, जिसमें वॉटरशेड भी सम्मिलित है, मिलकर सूखे की परिस्थिति में भी फसल पैदा करने के लिए योजना बना सकें।" केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि "एकीकृत कार्ययोजना बनाने पर विचार-विमर्श किया गया है, जिस पर हम लोग राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे। मेरा विश्वास है कि इन परिस्थितियों से हम सूखा ग्रस्त जिलों के किसानों को उबारेंगे।"

### मेडिक्लेम: गैर वाजिब उगाही...

अस्पतालों द्वारा मरीजों से अत्यधिक शुल्क वसूली को रोकना और स्वास्थ्य बीमा दावों की प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाना है। विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्र सरकार की सीधी निगरानी में व्यवस्था रहेगी तो 'खुली लूट' पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

**क्यों उठाया गया यह कदम?** : हाल के वर्षों में, स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। इरडा की एक हालिया जांच में पाया गया कि कई निजी अस्पताल उन मरीजों से अधिक शुल्क वसूल रहे हैं, जिनके पास उच्च कवरेज वाली बीमा पॉलिसी है। इससे न केवल मरीजों को आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि बीमा कंपनियां भी प्रीमियम की दरें बढ़ा रही हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवा की लागत में हर साल 13 फीसदी की वृद्धि हो रही है, जो वैश्विक औसत 10 फीसदी से कहीं अधिक है। इससे आम आदमी के लिए स्वास्थ्य बीमा किफायती नहीं रह गया है। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, "स्वास्थ्य बीमा दावों में पारदर्शिता की कमी और अस्पतालों द्वारा अनुचित शुल्क वसूली की शिकायतें लगातार बढ़ रही है।

**क्या है एनएचसीएक्स** : राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा विनिमय पोर्टल एक डिजिटल मंच है, जो स्वास्थ्य बीमा दावों की प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए बनाया गया है। यह पोर्टल अस्पतालों, बीमा कंपनियों और मरीजों के बीच एक कड़ी के रूप में काम करता है, जिससे दावों का निपटारा तेजी से हो सके। वर्तमान में यह पोर्टल आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत संचालित होता है।

**केंद्र की निगरानी में ऐसे बदलेगा सूरतेहाल:**

-अस्पतालों द्वारा अत्यधिक शुल्क पर रोक: बीमा पॉलिसी की सीमा के आधार पर अधिक बिलिंग की प्रथा पर अंकुश लगेगा।

-तेज दावा निपटान: दावों की प्रक्रिया में देरी और अस्वीकृति की शिकायतें कम होंगी।

-प्रीमियम की लागत में कमी: अनुचित शुल्क वसूली पर रोक लगने से बीमा कंपनियां प्रीमियम की दरें कम कर सकती हैं।

-पारदर्शिता में वृद्धि: मरीजों को उनके दावों की स्थिति और बिलिंग की पूरी जानकारी आसानी से उपलब्ध होगी।

### उच्च-शिक्षा में 2035 तक...

50 से अधिक उच्च-शिक्षा संस्थानों के कुलपतियों ने सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन, मूल्यांकन और रणनीति बनाने पर विचार-विमर्श किया। इसके आयोजन का उद्देश्य विकसित भारत के 2047 के विजन को साकार करने में केंद्रीय विश्वविद्यालयों की संस्थागत प्रगति को समेकित और रेखांकित करना है। दिल्ली विश्वविद्यालय, हरियाणा विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, जेएनयू, राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय समेत कई अन्य विश्वविद्यालयों की इस अहम आयोजन में भागीदारी रही।

**हर विश्वविद्यालय तैयार करेगा रणनीति पत्र** : प्रधान ने कहा कि एनईपी-20 छात्र प्रथम दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। क्योंकि वे हमारी राष्ट्रीय शक्तियां हैं। देश में मौजूद प्रत्येक विश्वविद्यालय विकसित भारत के विजन को प्राप्त करने के लिए रणनीति पत्र तैयार करेगा। जिसमें विषयों का बहु-विषयक एकीकरण, भारतीय ज्ञान प्रणाली को मुख्यधारा में लाना, कौशल विकास और उसे बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी संचालित शिक्षा के लिए रणनीतियां बनाना, नवाचार पर केंद्रित परिसर पहल और पारंपरिक मूल्यों के साथ प्रौद्योगिकी का एकीकरण मुख्य रूप से शामिल है।

**पंच संकल्प की अवधारणा समझायी** : उन्होंने एनईपी में शामिल पंच संकल्प की अवधारणा को भी अपने संबोधन में शामिल करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालयों में कुलपतियों के लिए दिशानिर्देश का काम करेंगे। जिसके प्रमुख विषयों में अगली पीढ़ी की उभरती शिक्षा, बहु विषयक शिक्षा, नवीन शिक्षा, समग्र और भारतीय शिक्षा शामिल है। जीईआर को बढ़ाकर 50 फीसदी तक करने के लिए जिन जरूरी कदमों को उठाए जाने की आवश्यकता है। उनमें पाठ्यक्रम को नया स्वरूप देने, डिजिटल प्रणाली बनाने, संकाय को प्रशिक्षित करने और बहु विषयक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निर्णायक कार्रवाई करना मुख्य है।

**एक दशक में बदल गया शिक्षा सिस्टम** : बीते दस वर्षों में उच्च शिक्षा के इकोसिस्टम में मौलिक परिवर्तन आया है। कुल छात्र नामांकन 4.46 करोड़ तक पहुंच गया है। 2014-15 की तुलना में यह 30 फीसदी अधिक है। महिला नामांकन में 38 फीसदी की वृद्धि हुई है। जिसके साथ ही महिला जीईआर, पुरुषों से बढ़ गई है। पीएचडी नामांकन दोगुना हो गया है। इसमें भी महिला पीएचडी स्कॉलरशिप में 136 फीसदी की वृद्धि हुई है। सरकार की सकारात्मक नीतिगत पहल के जरिए 1200 से अधिक विश्वविद्यालय और 46 हजार से अधिक महाविद्यालय स्थापित किए गए हैं। जिसकी मदद से भारत विश्व स्तर पर सबसे बड़ी प्रणालियों में से एक बन गया है।

### केंद्र सरकार एलआईसी...

प्रारंभिक चरण में है। बाजार की स्थिति को देखना और हिस्सेदारी बिक्री का फैसला लेना विनिवेश विभाग पर निर्भर है। सरकार को 16 मई 2027 तक अनिवार्य 10 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता की आवश्यकता को पूरा करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी में 6.5 प्रतिशत हिस्सेदारी और बेचने की आवश्यकता है। हिस्सेदारी बिक्री की मात्रा, कीमत और समय पर निर्णय समय पर लिया जाएगा। एलआईसी का वर्तमान बाजार पूंजीकरण 5.85 लाख करोड़ रुपए है। बीएसई पर एलआईसी के शेयर 924.40 रुपए प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे, जो पिछले बंद भाव से 2.27 प्रतिशत कम है।

### युद्धपोत में ऑपरेशन थियेटर...

निस्तार में समुद्र के अंदर दो महीने से अधिक तक यानी 60 दिनों से अधिक समय तक टिके रहने की क्षमता, हेलिकॉप्टर के जरिए परिचालन करने की सुविधा है। साथ ही 15 टन का समुद्री क्रेन इस युद्धपोत को एक बहुत ही सहायक बहुमुखी प्लेटफार्म बनाते हैं। नौसेना में कमीशन होने के साथ ही निस्तार से न केवल पूर्वी कमांड बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भी बल की क्षमता में काफी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

# विधायक मनोज कुमार पांडेय सहित तीन विधायक विधानसभा से असंबद्ध घोषित

## राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग का था मामला

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

समाजवादी पार्टी से निष्कासित किए गए विधायकों को यूपी विधानसभा से असंबद्ध घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि सपा ने मनोज कुमार पांडेय, राकेश प्रताप सिंह और अभय सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। इस फैसले के बाद तीनों विधायक को सदन में अलग बैठने की व्यवस्था की जाएगी। अब वो सपा विधायकों के साथ नहीं बैठ सकेंगे। उल्लेखनीय है कि इन सभी विधायकों ने बीते साल हुए राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की थी और भाजपा उम्मीदवारों का समर्थन किया था जिसके बाद उन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों का हवाला देते हुए कार्रवाई की गई थी।

### मनोज कुमार पांडेय ने खुद ही छोड़ी थी सपा



### अखिलेश यादव ने कसा तंज, मंत्री बनाने के लिए पार्टी से निकाला

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीन विधायकों पर कार्रवाई के बाद तंज कसते हुए कहा था कि उन्हें मंत्री बनाने में दिक्कत है। वे सपा के विधानसभा सदस्य हैं। मंत्री बनेंगे तो उन्हें सदस्यता से इस्तीफा देना पड़ेगा। जहां तक जानकारी है कि इन सभी विधायकों को मंत्री बनाने का आश्वासन दिया गया था। उन्होंने कहा कि अब भाजपा की जिम्मेदारी है कि निष्कासित विधायकों को मंत्री बनाए। हमने तकनीकी दिक्कत को दूर कर दिया है।

मनोज पांडेय रायबरेली की ऊंचाहार सीट से विधायक हैं। हालांकि, उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी छोड़ दी थी। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद से वह भाजपा के खेमे में आ गए थे। लोकसभा चुनाव के पहले रायबरेली सीट से इस बात के भी संकेत मिल रहे थे कि हो सकता है कि मनोज पांडेय को ही टिकट दे दिया जाए। बाद में दिनेश प्रताप सिंह को रायबरेली से टिकट मिला। खास बात यह रही कि मनोज पांडेय ने दिनेश प्रताप सिंह की सभाओं से दूरी बनाई थी। उनकी नाराजगी को भांपकर गृहमंत्री अमित शाह उनसे मिलने के लिए घर गए थे। इसके बाद वह चुनाव प्रचार के लिए निकले थे।

### राहुल गांधी के साथ पप्पू यादव, कन्हैया कुमार की 'नो एंट्री', एनडीए के निशाने पर तेजस्वी

**पटना।** चुनाव आयोग के वोटर लिस्ट रिवीजन के खिलाफ बुधवार को पटना में हुए महागठबंधन के बिहार बंद प्रदर्शन के दौरान पूर्णिया सांसद पप्पू यादव और कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार को राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव के रथनुमा ट्रक पर चढ़ने से रोकने पर सियासी हंगामा मच गया है। भाजपा, जेडीयू समेत एनडीए के विभिन्न घटक दलों के नेताओं ने इस मुद्दे पर आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव को निशाने पर ले लिया है।

जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने नेता प्रतिपक्ष को जमकर घेरा। उन्होंने कहा, "तेजस्वी को हर उस व्यक्ति से परेशानी है जो अपने व्यक्तित्व के आधार पर राजनीति करना चाहता है। पप्पू यादव ने अपनी पहचान बनाई, कन्हैया कुमार को भी देश जानता है। यह अलग बात है कि राहुल गांधी को सबसे प्रिय ये दोनों चेहरे तेजस्वी यादव को स्वीकार नहीं हैं। यह गठबंधन की गांठें हैं। ये गांठें कभी-कभी दिखती हैं। कल खुलकर सामने आ गईं।

# कॉन्वेंट स्कूल की 5वीं मंजिल से फेंका सुसाइड नोट फिर खुद कूद गई 11वीं की छात्रा, कई हड्डियां टूटी

## नोट में दादी, मम्मी, दो बुआ को घटना के लिए बताया जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶ जौनपुर

यहां एक कान्वेंट स्कूल में गुरुवार को 11वीं में पढ़ने वाली छात्रा पांचवीं मंजिल से नीचे कूद गई। कूदने से पहले उसने एक सुसाइड नोट भी नीचे फेंका। छात्रा के कूदने के लिए रेलिंग पर चढ़ते ही स्कूल के स्टाफ और टीचरों ने देख लिया और काफी समझाने की कोशिश भी की। इसके बाद भी वह नहीं मानी।

इसी बीच नीचे गद्दा, रजाई आदि लगा दी गई। इससे छात्रा की जान बच गई है। हालांकि इतनी ऊंचाई से कूदने के कारण उसे गंभीर चोट लगी है। उसकी कई हड्डियां टूट गई हैं। कूदने से पहले लिखे गए सुसाइड नोट में उसने अपने दादी, मम्मी, दो बुआ को घटना के लिए जिम्मेदार बताया है। अंग्रेजी में लिखे सुसाइड नोट में यह भी लिखा है कि स्कूल का इस मामले में कोई दोष नहीं है। केराकत कोतवाली क्षेत्र के बम्मावन गांव स्थित ग्रीन वैली स्कूल में घटना हुई है। घटना के बाद कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार राय और थानागद्दी चौकी इंचार्ज आशुतोष गुप्ता मौके पर पहुंचे और सुसाइड नोट को अपने कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल की।



# भूकंप के बीच बाइक सवार बच्ची की मौत, पिता गंभीर

**मेरठ।** मेरठ में बारिश और भूकंप के बीच एक दर्दनाक हादसा हो गया। किला परीक्षितगढ़ रोड पर एक बड़ा पेड़ अचानक बाइक पर गिर गया, जिससे बाइक पर सवार ढाई साल की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गुरुवार दोपहर की है, जब क्षेत्र में तेज बारिश हो रही थी और उसी समय भूकंप के झटके भी महसूस किए गए। चश्मदीदों के अनुसार, भूकंप के कंपन के दौरान पेड़ सड़क की ओर झुका और गिर गया, ठीक उसी समय बाइक वहां से गुजर रही थी। घायल पिता को मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। परिवार पर इस हादसे से गहरा सदमा टूटा है। मासूम बच्ची की मौत ने हर किसी को भावुक कर दिया है।

# बनो अवेयर रहो सेफ



बच्चों से जुड़े अपराध आए दिन सुनने में आते हैं। इसलिए पापा-मम्मी और घर के सभी बड़े सदस्यों को हमेशा तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। सेफ्टी के लिए तुम्हें बहुत-सी बातें भी बताते हैं। इस मामले में तुम्हें स्वयं भी थोड़ा अवेयर-अलर्ट रहना चाहिए। तुम थोड़ी समझदारी और साहस से काम लेकर हमेशा सेफ रह सकते हो।

सजेशन
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, तुम्हारे मम्मी-पापा और घर के अन्य सभी बड़े मेंबर्स को तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। तुम्हारी सेफ्टी के लिए ये सभी अपनी ओर से हर बात का ध्यान तो रखते ही हैं, तुम्हें बहुत-सी बातें समझाते भी रहते हैं। लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए तुम्हारा खुद भी अवेयर रहना जरूरी है। स्कूल कैंपस, नेबरहुड (आस-पड़ोस) और अपने घर में भी, हर जगह तुम्हें कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

### समझो सेफ्टी का मतलब

सेफ्टी का मतलब सिर्फ गिरने-पड़ने या चोट लगने से बचना भर नहीं होता। हमारे आस-पास बहुत-सी चीजें और परिस्थितियां असुरक्षित माहौल बना देती हैं। ऐसे में सावधान और सतर्क रहना बहुत जरूरी है। अनजान लोगों के लिए घर का दरवाजा खोल देना, बिना बताए घर से कहीं जाना, इस तरह की आदतें तुम्हारी सेफ्टी के लिए खतरा हो सकती हैं। अनसेफ चीजों, जैसे- रसोई गैस, इलेक्ट्रिक स्विच, नुकीली चीजों आदि को छेड़ना हार्मफुल हो सकता है। लिफ्ट में आते-जाते या बस में ट्रैवल करते समय दिए गए इंस्ट्रक्शंस को ना मानना तुम्हारे लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं। सेफ रहने का मतलब है, किसी भी खतरे में ना पड़ना, हमेशा सावधान-सतर्क रहना।

### करो अपने को प्रोटेक्ट

बच्चो, इस बात को समझो कि तुम्हारी सेफ्टी के लिए सिर्फ बड़ों का तुम पर ध्यान देना ही काफी नहीं। किसी भी मुसीबत या मुश्किल से अपने आपको प्रोटेक्ट करने के लिए, सेफ रहने के लिए तुम्हारा खुद अलर्ट रहना भी जरूरी है। अपनी सेफ्टी-सिक्योरिटी के लिए तुमको भी कॉन्शस रहना चाहिए।

### प्राइवेसी का रखो ध्यान


बच्चो, इन दिनों तुम अकसर 'प्राइवेसी' और 'साइबर सिक्योरिटी' जैसे शब्द सुनते होगे। तुमने मम्मी-पापा या किसी बड़े को डिवाइस या एप्लिकेशन पर डेटा की सेफ्टी के लिए प्राइवेसी सेटिंग करते देखा होगा। असल में यह प्राइवेसी या सिक्योरिटी केवल स्मार्ट गैजेट्स के लिए नहीं होती। नॉर्मल लाइफ में भी हमारा प्राइवेसी को लेकर अलर्ट रहना जरूरी है। अगर कभी पापा-मम्मी और घर के बाकी लोग कहीं बाहर गए हों और तुम घर में अकेले हो तो ऐसे में घर में अकेले रहने की बात तुम दूसरों को कभी नहीं बताओ। पैरेंट्स के फोन में आए कोड या ओटीपी को उनसे पूछे बिना किसी से शेयर नहीं करो। अपने परिवार की हॉलिडे प्लानिंग के बारे में दूसरों को नहीं बताओ। ऐसी कई बातें तुम्हारी सेफ्टी से गहराई से जुड़ी होती हैं। कुछ बुरे लोग तुम्हारी या तुम्हारी फैमिली की इंफॉर्मेशन लेकर अपने गलत इरादों को पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं। इसीलिए इन मामलों में तुम्हें सावधानी बरतनी चाहिए। घर की बातें, पर्सनल इंफॉर्मेशंस बाहर न बताने की समझ तुम्हें और तुम्हारी फैमिली को सिक्योर रखेगी।





### जानो गुड टच-बैड टच के बारे में

घर में अकेले रहो या किसी रिलेटिव के यहां जाओ। कोई एक्टिविटी क्लास हो या स्कूल बस में आते-जाते। प्ले एरिया हो या किसी फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी। कहीं भी, किसी का भी टच करना अगर तुम्हें अनकंफर्टेबल करता है, तो घर में अपने मम्मी-पापा को जरूर बताओ। ऐसे लोगों से दूर ही रहो, जिनके साथ तुम अनकंफर्टेबल या इनसिक्योर फील करते हो। अजनबी लोग ही नहीं, कई बार रोज मिलने वाले, अकसर तुम्हारे घर आने-जाने वाले लोग भी तुम्हें मिसगाइड कर सकते हैं। तुम्हें उनकी बातों में बिल्कुल नहीं आना है।



### याद रखो, लालच बुरी बला है

बच्चो, हमेशा याद रखो कि लोग लालच देकर भी तुम्हें कहीं बुलाने का प्रयास कर सकते हैं। खाने-पीने या किसी खिलौने के लालच में आकर कभी किसी के साथ नहीं जाना है। हर चॉकलेट देने वाले अंकल-आंटी अच्छे नहीं होते हैं। कोई यूं लालच देकर कहीं बुलाने की कोशिश करे तो मम्मी-पापा को जरूर बताओ। कभी कोई तुम्हें डराने की कोशिश भी कर सकता है। ऐसे में डरने के बजाय तुम अपने घर में बात करो। अगर तुमसे कोई गलती भी हुई है तो अपने बड़ों से सब बातें बताओ।

ऊपर बताई गई सभी बातें तुम्हारी सेफ्टी के लिए बहुत जरूरी हैं। इसलिए पूरी अवेयरनेस के साथ उन बातों को समझो और इन्हें अमल भी लाओ। कभी किसी विपत्ति से घिरो तो डरो नहीं, इसका मुकाबला समझदारी और साहस से करो। *

छोटी कहानी / उषा शर्मा

शेर, गप्पू गधे को खाने के चक्कर में था, लेकिन गप्पू ने बड़ी समझदारी से काम लिया, जिससे शेर बुरी तरह मात खाया।

# समझदार गधा!

गप्पू गधा मैदान में हरी-हरी घास खाकर मस्त घूम रहा था। तभी सामने से एक शेर आता नजर आया, जो उसी की ओर चला आ रहा था। गप्पू को कुछ सूझ नहीं रहा था, वह क्या करे? पहले तो वह घबरा गया फिर उसे एक युक्ति सूझी। वह एक पैर से लंगड़ा-लंगड़ा कर चलने लगा।

शेर ने पास आकर गप्पू से पूछा, 'क्यों भाई, क्या हुआ, ठीक से क्यों नहीं चल पा रहे हो?'

'क्या बताऊं भाई, मेरे पैर में बहुत बड़ा कांटा फंस गया है, जो निकल ही नहीं रहा है, इसके कारण चलने में भी परेशानी हो रही है। दर्द भी काफी हो रहा है।' 'कोई बात नहीं, मैं अभी तुम्हें खा जाता हूं, तुम्हारी सारी परेशानी का अंत हो जाएगा।' शेर बोला।

'हां आप खा तो सकते हैं लेकिन मुझे अपनी नहीं, आपकी चिंता है महाराज।' गधे ने शांत स्वर में कहा। 'वह क्यों?' शेर ने पूछा। 'अरे, मेरे दाहिने पैर में बहुत बड़ा मोटा और लंबा कांटा चुभ गया है, जो पैर में फंसा हुआ है। मुझे डर है कि कहीं यह कांटा आपको नुकसान न पहुंचाए, यह कांटा आपके गले में फंस जाए और आपको तकलीफ होगी तो।' गप्पू मुंह बनाकर बोला।

'यह भी सही है, ऐसा करते हैं कि पहले मैं तुम्हारे पैर से कांटा निकाल देता हूं फिर तुम्हें खा लूंगा, जिससे तुम्हारा दर्द भी खत्म हो जाएगा और मुझे नुकसान भी नहीं होगा। ठीक है, अभी तुम जिस पैर में कांटा लगा है, वह पैर थोड़ा ऊपर करके खड़े हो जाओ।' कहते हुए शेर, गप्पू गधे के पीछे खड़ा हो गया।



जैसे ही गप्पू ने खड़े होकर अपना दायां पैर उठाया और शेर उसके पैर में फंसे कांटे को निकालने की कोशिश में लगा कि गप्पू ने शेर के मुंह पर जोर से अपनी लात मारी। शेर बुरी तरह तिलमिला गया। उसके मुंह और नाक से खून बहने लगा। शेर दर्द से बिलबिला उठा। उधर गप्पू गधा अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। शेर देखता ही रह गया। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गुदगुदाती बाल कहानियां

बच्चो, अभी कुछ ही समय पहले हंसाती-गुदगुदाती अठारह बाल कहानियों की किताब 'लिलिपुट कहानियां' छपकर आई है। इन कहानियों को पढ़ने में तुमको खूब मजा आएगा, क्योंकि इनको खिलंदड़े अंदाज में लिखा गया है। लेकिन हंसाते-गुदगुदाते ही ये कहानियां सरलता से हमें अच्छा इंसान बनने की सीख भी देती हैं। फिर वो चाहे नन्ही जूही की कहानी 'सीख मिल गई' हो, जिसमें वह एक गुब्बारे पर स्केच से आंखें बनाकर उसे खुशी देती है। या फिर 'भविष्य का भूत' कहानी हो, जिसमें एक भूत आकर मनु को दुनिया के सामने आने वाले संकटों के बारे में आगाह करता है। 'दहीवाला, पुलिसवाला' और 'लाल सिंह की बस' पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। 'दहीवाला, पुलिसवाला' कहानी में एक अनोखे दही-फल बेचने वाले का किस्सा है, जो बच्चों के साथ खूब मस्ती-मजाक भरी बातें करता है, जिसे सुनकर बच्चे हंसी से लोटपोट हो जाते हैं। 'स्कूल भाग गया', 'कहानी का पेड़', 'नीली कार चली अकेले-अकेले' और 'चूहा चला स्कूल' फैंटेसी से भरी कहानियां हैं। इसी तरह एक भेड़िए की अकल ठिकाने कैसे आती है, यह तुम 'एक भेड़िए की दुःख भरी कहानी' में पढ़ सकते हो, तो 'जिराफ चला अपनी तलाश में' में तुम एक ऐसे जिराफ की कहानी पढ़ोगे, जिसे खुद नहीं मालूम कि वो क्या चाहता है? एक शेर के बच्चे और नन्हे लड़के शेरू की मासूम सी कहानी है 'दोस्ती-दुश्मनी'। इस किताब की बाकी कहानियां भी बहुत प्यारी हैं। इन सारी कहानियों को तुम अपने दोस्तों के संग भी पढ़कर इनका मजा ले सकते हो। *




**किताब** : लिलिपुट कहानियां, **लेखक** : समीर गांगुली,
**मूल्य** : 280 रुपए, **प्रकाशक** : अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली



कहानी
पूर्ति खरे

किसी परेशानी या मुसीबत में फंसने पर हम अकसर घबरा जाते हैं। चारू की स्कूल बस छूट गई तो वह घबरा गई। लेकिन साथ खड़े उसके दोस्त ध्रुव ने उसे समझाया, इस तरह परेशानी में कभी घबराना नहीं चाहिए, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए। चारू को ध्रुव की बात कितनी समझ में आई, क्या वह अपनी परेशानी से उबर पाई?

# परेशानी में मत घबराना

चारू का आज स्कूल में डांस प्रोग्राम था। पहले से ही वह अपने डांस परफॉर्मेंस को लेकर घबराई हुई थी, उस पर उसकी स्कूल बस भी छूट गई। बस छूटने पर वह सड़क पर खड़ी होकर सुबक-सुबक कर रोने लगी। चारू के साथ खड़ा उसका दोस्त ध्रुव बोला, 'अरे! रो क्यों रही हो? स्कूल बस ही तो छूटी है, कौन-सी आफत आ गई। घर चलो, हम अपने पापा के साथ स्कूल चलते हैं।'

'नहीं ध्रुव! अब तो देर हो जाएगी। मेरे डांस का क्या होगा? घर वापस गए तो मम्मी-पापा भी डांटेंगे।' यह कहती हुए चारू सुबक-सुबक कर रोने लगी।

'तो फिर क्या करें, मैं भी तुम्हारी तरह खड़े होकर रोऊं क्या?' ध्रुव अबकी कुछ गुस्से से बोला तो चारू बोली, 'क्यों न हम बस के पीछे तेज दौड़ लगाकर उसे पकड़ लें। बस अभी आगे कई जगह बच्चों को लेने के लिए रुकेगी।'

'तेरा दिमाग खराब है क्या! सड़क पर इस तरह से दौड़ना खतरे भरा काम है। मेरी बात मान, अब देर मत कर और घर चल।' ध्रुव ने चारू का हाथ पकड़ा और उसे घर ले आया। चारू के पापा ने बस छूटने की बात सुनकर तुरंत अपनी कार निकाली। दोनों बच्चो को कार में बैठा कर स्कूल के लिए चल दिए।

चारू अब भी रोए जा रही थी। पापा ने प्यार से समझाया, 'बेटा, हम आराम से टाइम पर स्कूल पहुंच जाएंगे। तुम चिंता मत करो, रोना बंद करो!'

ध्रुव भी तुरंत बोला, 'अंकल, यही बात तो मैं भी कब से इसे समझा रहा हूं। इसकी तो छोटी-छोटी परेशानियों में ऐसे ही रोने की आदत है। मेरे पापा कहते हैं कि मुश्किल समय में घबराकर नहीं, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए।'




'ध्रुव तुम्हारे पापा बिल्कुल सही कहते हैं। घबराहट में हम अकसर गलत और उल्टे-पुल्टे फैसले ले लेते हैं।' चारू के पापा ने ध्रुव की बात का समर्थन किया।

ध्रुव ने अपना एक मुश्किल समय का किस्सा सुनाया, 'पता है चारू! एक बार मैं अपने मम्मी-पापा के साथ मेले में गया था, वहां पर काफी भीड़ थी। गलती से मेरा हाथ मां के हाथों से छूट गया और मैं पीछे रह गया।'

चारू की धड़कनें यह सुनकर बढ़ गईं, वह बोली, 'फिर तुम खो गए?'

ध्रुव ने बताया, 'नहीं चारू, खो जाता तो तुम्हारे साथ स्कूल कैसे जाता। मैं बिना घबराए एक पुलिस अंकल के पास गया, उन्हें मैंने अपने पापा का मोबाइल नंबर बताया। पुलिस अंकल ने नंबर डायल किया, लेकिन पापा का नंबर नेटवर्क प्रॉब्लम के कारण नहीं मिला।'

'फिर...?' चारू को आगे की बात जानने की जिज्ञासा हुई।

'फिर क्या, जहां खोए-बिछड़े लोगों की अनाउंसमेंट हो रही थी, पुलिस अंकल मुझे लेकर वहां पहुंचे और माइक पर अनाउंस करके पापा को उसी जगह पर बुला लिया। पापा मिल गए, बस!' ध्रुव ने हंसते हुए बताया।

चारू के पापा ध्रुव को शाबाशी देते हुए बोले, 'वाह! क्या बात है ध्रुव! अगर परेशानी, मुसीबत में धैर्य और समझदारी से काम लिया जाए तो आसानी से हर मुसीबत से बाहर निकल सकते हैं।'

पापा, ध्रुव की बातें सुनकर चारू सोच रही थी कि स्कूल बस छूटना तो एक छोटी-सी बात है, इतनी-सी बात से वह क्यों घबरा गई, जबकि उसका दोस्त ध्रुव बड़ी मुसीबत में भी नहीं डरा। यह सोचते हुए उसने फैसला लिया कि आगे से वह किसी भी परेशानी से इस तरह घबराएगी नहीं, आराम से उससे निकलने की कोशिश करेगी और हमेशा समझदारी से काम लेगी। क्योंकि किसी भी बुरी स्थिति में घबराकर नहीं, हिम्मत, सूझ-बूझ और धैर्य से ही काम लेना चाहिए। इससे मुसीबत में उबरने का रास्ता मिलता है।'

स्कूल आ गया था। चारू के भीतर की घबराहट अब गायब हो चुकी थी। उसके चेहरे पर मुस्कान थी। *

कविता
हरीश कुमार 'अमित'



# मौसम बारिश का

फिर मौसम बारिश का आया,
रिमझिम देखकर मन हर्षाया।
बारिश की बूंदों ने भर दी,
कैसे सुख से सबकी काया।
टप-टप गिरती बारिश ने कैसा,
मधुर-मधुर संगीत सुनाया।
सड़क पे बहते पानी में मैंने,
कागज की नावों को तैराया।
पापा बोले- तल दो भजिया,
दादा जी ने हलवा बनवाया।
यहां-वहां-जहां भी देखो,
छाता ही छाता लहराया।
मेंढक जी सोते से जागे,
टर्र-टर्र अपना राग सुनाया।
गरमी जी हो गईं छूमंतर,
बारिश जी का जमाना आया।
ओढ़ा दी बारिश ने धरती पर,
हरी-हरी मनमोहक छाया।

## जीके क्विज-161

1. भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट कौन बनी हैं?
2. 29वीं एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स में स्वर्ण पदक किसने जीता?
3. भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के नए प्रमुख कौन नियुक्त हुए हैं?
4. प्लासी का युद्ध किस ईस्वी में लड़ा गया था?
5. अर्जेंटीना की राजधानी कहां है?
6. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
7. रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) मापने वाली डिवाइस का नाम क्या है?
8. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
9. विद्युत बल्ब का आविष्कार किसने किया था?
10. दुनिया में कितने महाद्वीप हैं?



**बच्चो, जीके क्विज-161 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-160 का उत्तर** : 1.शुभांशु शुक्ला, 2.भारत और श्रीलंका, 3.भारत, 4.ज्योतिबा फुले, 5.केरल, 6.चंद्रमा, 7.अरुणाचल प्रदेश, 8.शहनाई, 9.मेजर ध्यानचंद, 10.विटामिन सी

**जीके क्विज-160 का सही उत्तर देने वाले** : सौरभ- बिलासपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, रेशमा-राजनांदगांव, रवि-बलौदा बाजार, पल्लवी-महासमुंद, चंचल-ईमेल से, कबीर-हिसार, दुर्गा-सीतापुर, सौम्या-रायपुर, ललित- भोपाल

## रंग भरो 180

बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## रंग भरो-179

**रंग भरो-179** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




अंकित, धमतरी


वसनि, रायपुर


भव्या, बिलासपुर


तन्मय, दुर्ग


डॉली, दुर्ग


तेजस, रायपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, रोहन-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा

# 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते पटवारी को किया रंगे हाथों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

शंकरगढ़ तहसील में पदस्थ पटवारी महेंद्र कुजूर को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 15 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। सीमांकन के एवज में रिश्वत की यह रकम विनायकपुर निवासी राजेश यादव से ली जा रही थी। शिकायत के बाद एसीबी ने गुरुवार को तहसील कार्यालय में ही जाल बिछाकर यह कार्रवाई की। बता दें कि पटवारी महेंद्र कुजूर दोहना हल्का नंबर 10 में पदस्थ था।

आरोप है कि वह सीमांकन कराने के लिए बार-बार प्रार्थी को घुमा रहा था और काम करने के बदले 15 हजार रुपए की मांग कर रहा था। प्रार्थी ने इसकी शिकायत एसीबी अंबिकापुर से की थी। जांच और सत्यापन के बाद टीम ने ट्रैप की योजना बनाई और कार्रवाई को अंजाम दिया।



दोस्त के बदले कर रहा था डील

### पटवारी ने 20 हजार रुपए मांगे थे

*गिरफ्तार पटवारी ने भरोसा दिया था कि 15 हजार देने पर वह अपने पटवारी दोस्त से सीमांकन करवा देगा। गुरुवार को कार्रवाई के दौरान विनायकपुर का पटवारी मौके पर नहीं था। कुल 20 हजार रुपए मांगे जा रहे थे, लेकिन 15 हजार में सौदा हुआ था। वहीं अब एसीबी की ओर से मामले की गहनता से जांच की जा रही है।*

### नकद रकम जब्त की गई

*एसीबी की टीम ने तय समय पर जैसे ही पटवारी ने रिश्वत की रकम ली, उसे रंगे हाथ पकड़ लिया गया। टीम आरोपी पटवारी को शंकरगढ़ रेस्ट हाउस ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। मौके पर नकद रकम जब्त की गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई से तहसील कार्यालय में हड़कंप मच गया है। यहां राजस्व संबंधित कामकाज के लिए रिश्वतखोरी की लगातार शिकायतें सामने आ रही थी।*

### दूसरे पटवारी के क्षेत्र का काम

*एसीबी की पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार पटवारी ग्राम दोहना में पदस्थ था, लेकिन जमीन का सीमांकन करने के एवज में वह रिश्वत की मांग कर रहा था वह विनायकपुर में है। विनायकपुर का पटवारी गिरफ्तार आरोपी का दोस्त है। इसलिए दोनों ने साजिश के तहत रिश्वत की मांग की थी।*

# मुख्यमंत्री व डिप्टी सीएम ने जोधपुर में रेल मंत्री वैष्णव के पिता को अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बुधवार को राजस्थान के जोधपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के निवास पहुंच कर उनके पिता स्व. दाऊलाल वैष्णव को श्रद्धांजलि अर्पित की।

दाऊलाल वैष्णव का गत 8 जुलाई को निधन हो गया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. दाऊलाल वैष्णव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं उनके अन्य परिजन से भेंट एवं चर्चा कर उन्हें दुख की घड़ी में सांत्वना प्रदान की।

## कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

# नदियों के पुनर्जीवन के लिए उनके जलग्रहण क्षेत्र में वनीकरण कराने का निर्णय, कैंपा फंड से होगा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र में प्रतिकारात्मक वन रोपण निधि (कैम्पा निधि) के लिए वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य आयोजना में अनुमोदित कार्यों के क्रियान्वयन के लिए 1478 करोड़ 38 लाख में से 1038 करोड़ रुपए के उपयोग की कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। इस राशि का 80 प्रतिशत वन एवं वन्यप्राणी प्रबंधन एवं 20 प्रतिशत वन और वन्यजीव संबंधी अधोसंरचना के सुदृढीकरण पर व्यय किया जाएगा।

कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में हुई। इस बैठक में कई निर्णय लिए गए। कैंपा फंड के संबंध में नदियों के पुनर्जीवन के लिए उनके जलग्रहण क्षेत्र में वनीकरण कराने का निर्णय लिया गया है। इस राशि मप्र में पिछले वर्षों के कार्यों के रख-रखाव, क्षतिपूर्ति पौधरोपण, लैण्डस्केप के आधार पर बिगड़े वनों का सुधार किया जाएगा। इसके साथ ही नदियों के पुनर्जीवन के लिए उनके जलग्रहण क्षेत्र के वनीकरण, मृदा एव जल संरक्षण के कार्य भी कराए जाएंगे। ग्रामीणों की आजीविका के लिए ग्रामों की सीमा से लगे वनक्षेत्रों में बांस प्रजाति सहित पौधरोपण, वन्यप्राणी संरक्षित क्षेत्रों के गांवों से स्वैच्छिक विस्थापन, बफर क्षेत्र सहित संरक्षित क्षेत्रों में रहवास का विकास होगा। वन विभाग नगर वनों की स्थापना, वन एवं वन्यप्राणी संबंधी अधोसंरचना सुदृढीकरण और ग्रामीणों की क्षमता विकास से संबंधित कार्य कराएगा।

### 66 नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना और 134 पदों के सृजन की स्वीकृति

कैबिनेट ने सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 66 नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थापना, संचालन तथा भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई। स्वीकृति अनुसार 66 आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 66 पद (मानसेवी), आंगनबाड़ी सहायिका के 66 पद (मानसेवी) तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के पर्यवेक्षण के लिए पर्यवेक्षक के 02 पद नियमित शासकीय सेवक पद वेतनमान 25,300-80,500 के सृजन की स्वीकृति दी गई। वर्ष 2025-26 से 2028-29 तक योजना पर राशि का व्यय भारत सरकार की ओर से प्राप्त स्वीकृति के अनुसार किया जाएगा। इस अवधि में योजना पर 15 करोड़ 21 लाख रुपए का व्यय अनुमानित है, जिसमें केन्द्रांश राशि 9 करोड़ 55 लाख रुपए एवं राज्यांश राशि 5 करोड़ 66 लाख रुपए है।

#### बैठक में यह भी लिया गया निर्णय

कैबिनेट ने संचालनालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा के अन्तर्गत 3 नवीन राजस्व संभागों नर्मदापुरम, चम्बल एवं शहडोल में क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा खोलने एवं चार नवगठित जिलों निवाड़ी, मैहर, मऊगंज एवं पाढुर्णा के लिए सम्मिलित रूप से कुल 07 सहायक संचालक के पद के निर्माण की स्वीकृति दी है। विद्युत के क्रय के लिए निष्पादित विद्युत क्रय अनुबंध को समाप्त किए जाने का निर्णय कैबिनेट ने एमपीपीएमसीएल की ओर से प्रदेश में दीर्घकालीन ताप विद्युत क्रय हेतु जारी निविदा में इंगित विद्युत विकासकों अथवा उनकी पश्चातवर्ती कंपनी के साथ पूर्व में मात्र वेरियेबल दर पर (5 या 10 प्रतिशत) विद्युत के क्रय के लिए निष्पादित विद्युत क्रय अनुबंध को समाप्त किए जाने का निर्णय लिया है।

कैबिनेट ने प्रदेश के समस्त किसानों को सिंचाई जलकर की राशि में से ब्याज राशि (शास्ति दण्ड) माफ किए जाने का निर्णय लिया है। निर्णय के अनुसार यदि कृषक 31 मार्च 2025 तक की कुल बकाया राशि (सिंचाई जलकर) की मूल राशि 31 मार्च 2026 तक एक साथ जमा करते है तो ब्याज की राशि माफ कर दी जाएगी। इस तरह लगभग 84 करोड़ 17 लाख रुपए की ब्याज राशि शासन की ओर से माफ कर दी जाएगी। 31 मार्च 2025 की स्थिति में किसानों पर सिंचाई जलकर की अवशेष राशि 647 करोड़ 67 लाख रुपए बकाया है। जिसमे मूल राशि 563 करोड़ 29 लाख रुपए एवं ब्याज राशि 84 करोड़ 17 लाख रुपए है। वर्ष 2022-23 में 45 करोड़ 58 लाख रुपए, वर्ष 2023-34 में 36 करोड़ 98 लाख रुपए और वर्ष 2024-25 में 35 करोड़ 43 लाख रुपए का सिंचाई राजस्व मिला है। कैबिनेट में भारतीय परिषद की ओर से भारतीय स्टांप (मध्यप्रदेश संशोधन) विधेयक, 2025 का अनुमोदन दिया गया है। अनुमोदन अनुसार मूल्य सूचकांक में परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में कतिपय संव्यवहारों पर देय शुल्क के संबंध में विशिष्ट प्रावधान किए जाएंगे।

### मध्यप्रदेश के नवाचार को जेएनयू दिल्ली ने भी अपनाया

▶ जेएनयू में भी अब कुलगुरु के नाम से जाने जाएंगे कुलपति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लाडली बहनों के खाते में 12 जुलाई को राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले माह अगस्त में रक्षाबंधन के अवसर पर लाड़ली बहना योजना के तहत वर्तमान में दी जा रही मासिक आर्थिक सहायता राशि के साथ 250 रुपए की विशेष सहायता राशि भी अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की करीब 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि मप्र सरकार के एक नवाचार को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने भी अपना लिया है। मप्र की तरह जेएनयू दिल्ली में भी कुलपति अब कुलगुरु के नाम से जाने जाएंगे। जेएनयू ने मप्र से प्रेरणा लेकर यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई को है। इस दिन प्रदेश के सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालय में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में जिले के प्रभारी मंत्री भी प्रमुखता से शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक, गुरुजन एवं साधु संतों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए।

#### विधानसभावार बनवाएं विजन डॉक्यूमेंट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी मंत्रियों से कहा कि मप्र सरकार के विजन 2023 के संदर्भ में अपने-अपने प्रभार के जिलों में भ्रमण करें और शेष रह गई विधानसभा से विज़न डॉक्यूमेंट तैयार करने संबंधी कार्यों को अगले 10 दिन में पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि विधानसभा के विकास से संबंधित कार्यों को बजट में शामिल कराएं और इनके क्रियान्वयन के लिए भी समुचित कार्रवाई करें।

#### लुधियाना के उद्योगपति भी जुड़ना चाहते हैं मध्यप्रदेश से

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गत 7 जुलाई को पंजाब के लुधियाना में उद्योगपतियों के साथ हुए संवाद के अनुभव साझा करते हुए कहा कि मप्र में निवेश के अवसरों पर वहां बड़े उद्योगपतियों से चर्चा हुई। इन्टरैक्टिव सेशन में उद्योग जगत के 400 से अधिक प्रतिनिधियों ने बड़ी आत्मीयता और सक्रियता से भाग लिया। उन्होंने बताया कि लुधियाना सत्र में सरकार को 15606 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इस निवेश के धरातल पर आने से मप्र में लगभग 20275 से अधिक नए रोजगार सृजित होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पंजाब के सभी उद्योगपति मप्र से आत्मीयता से जुड़ना चाहते हैं।

# जालंधर में सीएम नायब सैनी ने संतों का आशीर्वाद लिया



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने वीरवार को पंजाब के जालंधर स्थित नूर महल में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान का दौरा किया और वहां आयोजित गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के पूज्य आशुतोष जी महाराज के चित्र को नमन कर उनका आशीर्वाद लिया और सभी श्रद्धालुओं को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पावन दिन हमें उन महान गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है, जिन्होंने ज्ञान का प्रकाश देकर हमें जीवन जीने की सही दिशा दिखाई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बाबा मोहन दास आश्रम, जालंधर में पहुंचकर बाबा मोहन दास जी महाराज का आर्शीवाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि हम सभी आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एकत्र हुए हैं।

# भाजपा सरकार में तबादले प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत होते हैं : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तबादलों पर सवाल उठाने पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने कांग्रेस को घेरा है। अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि छाज बोले तो बोले, छलनी भी बोले, जिसमें बहत्तर छेद। जिन कांग्रेसियों की 15 महीने की कमलनाथ सरकार में तबादला ही सबसे बड़ा उद्योग बन गया था। जहां वल्लभ भवन दलाली का अड्डा बन गया था। वहां से सुबह तबादले के आदेश निकलते थे और रात तक बदल जाते थे। अगर वही कांग्रेसी आज तबादलों पर सवाल उठाएंगे, तो उनकी नियत और नजर दोनों पर संदेह होना स्वाभाविक है। भाजपा सरकार में तबादले प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत होते हैं। पारदर्शिता, नीति और जरूरतों के अनुरूप। यहां न कोई दबाव, न कोई प्रभाव, सिर्फ और सिर्फ सुशासन। कांग्रेस की बौखलाहट साफ है, जनता ने जिनके भ्रष्टाचार को नकारा, अब वे झूठ और अफवाहों से प्रदेश की छवि बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं।

### राज्यपाल से मिले मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष



भोपाल। राज्यपाल मंगूभाई पटेल से राजभवन भोपाल में बुधवार को मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष (कार्यवाहक) राजीव कुमार टंडन ने सौजन्य भेंट की।

# अमरावत कलां में शासकीय कार्य में बाधा डालने पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने भोपाल वृत्त के अंतर्गत ग्राम अमरावत कलां में शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं धमकी देने वाले गजराज के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। ग्राम अमरावत कलां में विजिलेंस चेकिंग के दौरान आरोपी गजराज आत्मज लक्ष्मण सिंह लोधी की ओर से एलटी पोल से सीधे अतिरिक्त केबल डालकर अपने घरेलू परिसर में बिजली चोरी करते पाए जाने पर कंपनी की ओर से भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 135 के तहत प्रकरण बनाया गया था।

### बिजली कंपनी ने आरोपी के विरुद्ध कोलार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई

आरोपी एवं उनके पुत्रों ने सहायक प्रबंधक रूपेश सिंह एवं सहयोगी लाइन स्टाफ पर लाठी से हमला करते हुए जब्त की गई केबल बलपूर्वक ली थी एवं अभद्रतापूर्ण व्यवहार करते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाली गई। कंपनी ने आरोपी के विरुद्ध थाना कोलार में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। कोलार थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 352 के अंतर्गत कंपनी ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। बिजली कंपनी के मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट, दुर्व्यवहार की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तुरन्त एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। कंपनी ने कहा है बिजली कर्मियों पर ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों की ओर से मारपीट, दुर्व्यवहार किया जा रहा है, इसलिए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऐसी घटनाओं को पूरी गंभीरता से लिया जाए।

# उपभोक्ता संरक्षण परिषद मप्र के अध्यक्ष बने मुकेश बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



उपभोक्ता संरक्षण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव वंशकार द्वारा मुकेश बंसल को उपभोक्ता संरक्षण परिषद मप्र का अध्यक्ष मनोनीत किया है। मुकेश बंसल ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा-निर्देश पर उपभोक्ता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने एवं राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता लाने, कंपनियों-प्रतिष्ठानों में व्याप्त काला बाजारी, भ्रष्टाचारी व अनियमितता को उजागर करने की दिशा में काम करेंगे। इस उपलब्धि पर परिषद के सभी पदाधिकारी द्वारा बंसल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# आबकारी टीम ने 2413 नशीले इंजेक्शनों के विरुद्ध कार्रवाई की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

नशीली दवाओं के विरुद्ध आबकारी उड़नदस्ता सरगुजा की टीम ने 2413 नग नशीले इंजेक्शन जब्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपित देवेंद्र सिंह मौके से फरार हो गया। यह कार्रवाई मणिपुर थाना क्षेत्र के सुंदरपुर वेयरहाउस के पास पूरी की गई। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

बुधवार देर रात आबकारी उड़नदस्ता टीम को सूचना मिली थी कि एक सफेद हुंडई वरना कार में नशीले इंजेक्शन रखे गए हैं और उन्हें ग्राहकों को सप्लाई किया जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने तत्काल दबिश दी। मौके पर एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जबकि दूसरा व्यक्ति पकड़ा गया, जिसने अपना नाम गंगाराम मुंडा बताया। कार की तलाशी में अलग-अलग नाम के नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए।

### रैकेट का मुख्य संचालक फरार

*पूछताछ में आरोपी गंगाराम ने बताया कि फरार व्यक्ति देवेंद्र सिंह है, जो इस रैकेट का मुख्य संचालक है। वह लखनपुर के लहपटरा का रहने वाला है। जब्त कार और सारा इंजेक्शन भी देवेंद्र सिंह का ही है, जबकि वह सिर्फ सप्लाई का काम करता था। गिरफ्तार आरोपी गंगाराम को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22(C) के तहत गिरफ्तार कर गुरुवार को विशेष न्यायालय अंबिकापुर में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।*

### नशे के रूप में युवा कर रहे उपयोग

*इस कार्रवाई का नेतृत्व सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने किया। उन्होंने बताया कि नशे के रूप में युवाओं द्वारा इंजेक्शनों का उपयोग किया जाता है। निर्धारित दर से कई गुना अधिक दाम पर इसकी खरीद बिक्री की जाती है। प्रकरण की जांच अभी चल रही है। आरोपियों को इतनी बड़ी संख्या में प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन की खेप कैसे मिली, इस संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। मुख्य आरोपी देवेंद्र सिंह की तलाश जारी है।*

# शराब घोटाले में शामिल 22 अफसर सस्पेंड, 7 रिटायर, ईओडब्लयू ने 29 के खिलाफ पेश की है चार्जशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में बड़ी कार्रवाई सामने आई है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने इस मामले में 29 अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर दिया है।

इसके बाद सरकार ने इनमें से 22 अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं 7 अधिकारी पहले ही रिटायर हो गए हैं। ईओडब्ल्यू की चार्जशीट में यह साफ तौर पर बताया गया है कि इन अधिकारियों ने वर्ष 2019 से 2023 के बीच 15 जिलों में पदस्थ रहते हुए लगभग 90 करोड़ रुपए की अवैध वसूली की है। अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने शराब बिक्री और ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर भारी भरकम रिश्वत ली और राज्य को बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचाया।

### 3200 करोड़ पहुंचा घोटाले का आंकड़ा

*अब तक जिस शराब घोटाले को 2100 करोड़ रुपए का बताया जा रहा था, वह दरअसल 3200 करोड़ रुपए का घोटाला है। ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया है कि यह संगठित सिंडिकेट के जरिए किया गया एक सुव्यवस्थित घोटाला था, जिसमें अफसरों, नेताओं और कारोबारियों की मिलीभगत सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, निलंबित अधिकारियों में आबकारी विभाग के जिला अधिकारी, निरीक्षक स्तर के कर्मचारी और मुख्यालय से जुड़े कुछ उच्चाधिकारी भी शामिल हैं। मामले में जांच अभी भी जारी है। संभवतः कुछ अन्य लोगों की गिरफ्तारियां भी संभव है। बता दें कि शराब घोटाले में जिन 29 अधिकारियों का नाम सामने आया है। उनमें से 22 अधिकारी अभी नौकरी पर हैं, जबकि 7 अधिकारी रिटायर हो गए हैं। घोटाले में शामिल एक अधिकारी की बीमारी से मौत हो चुकी है।*

# अब एंबुलेंस नहीं फंसेगी, पढ़ाई में नहीं होगी परेशानी, 601 करोड़ से बनेंगे पुल और सड़कें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बरसात आते ही प्रदेश के कई गांव शहरों से कट जाते थे। मरीजों का अस्पताल तक पहुंचाना मुश्किल, स्कूल जाने वाले बच्चों की पढ़ाई ठप और बाजार में सब्जी-धान पहुंचाना भी मुश्किल हो जाता था।

मगर अब लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर-अटल नगर ने इन समस्याओं को जड़ से खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। विभाग ने अत्याधुनिक ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली से 601.89 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 16 सड़क और पुल निर्माण कार्यों की ऑनलाइन निविदा जारी कर दी है। वहीं, निर्माण कार्य सितंबर से प्रारंभ होने की संभावना है।

### इन क्षेत्रों में होगा सड़क निर्माण

*धमतरी, बालोद, गरियाबंद, महासमुंद, दुर्ग, बलौदाबाजार और रायपुर जिले के दूरदराज गांव, जो अब तक हर बरसात में मुख्य शहरों से कट जाते थे, वहां अब मजबूत पुलों और चौड़ी सड़कों का जाल बिछाया जाएगा।*

### मरीजों को होती थी परेशानी

*कई क्षेत्रों में बरसात के दौरान पुलिया बह जाने या कच्ची सड़कें धंस जाने से एंबुलेंस भी नहीं पहुंच पाती थी। अब रोड का निर्माण होने पर मरीजों और गर्भवती महिलाओं को लाभ मिलेगा।*

### तकनीक से राहत की होगी शुरुआत

*पीडब्ल्यूडी द्वारा जारी इन टेंडरों में सड़कों का मजबूतीकरण, चौड़ीकरण, सीमेंट-कांक्रीट निर्माण और उच्च क्षमता वाली पुल-पुलियों का निर्माण प्रस्तावित है। सबसे बड़ा काम छुरा से नवागांव होकर भटगांव तक 24 किमी मार्ग का है, जिसकी लागत 270.30 करोड़ रुपए तय की गई है। वहीं रायपुर-बलौदाबाजार-भाटापारा, पत्थलगांव जैसे इलाकों में भी करोड़ों की लागत से सड़कों का निर्माण होगा।*

### इन जगहों पर होंगे सड़क और पुल निर्माण

- ▶▶ चितरपुर–रेवई मार्ग पर सेमरमुड़ा नदी पर उच्चस्तरीय पुल व पहुंच मार्ग
- ▶▶ बेमेतरा–नवागढ़–मुंगेली मार्ग (एसएच-07) चौड़ीकरण व मजबूतीकरण
- ▶▶ राजनांदगांव–कवर्धा–पोंडी मार्ग (एसएच-05) चौड़ीकरण व मजबूतीकरण
- ▶▶ डोंगरगढ़–चौकी–मोहला–मानपुर मार्ग (एसएच-24) चौड़ीकरण व मजबूतीकरण
- ▶▶ पैगा से सरईकेरचा पहुंच मार्ग (5.00 किमी)
- ▶▶ पालीटेक्निक कॉलेज भवन निर्माण
- ▶▶ बहतराई हाकी स्टेडियम में फ्लड लाइट सप्लाई व इंस्टालेशन
- ▶▶ धनुहारपारा–नवागांव मार्ग पर बोराई नदी पर पुल
- ▶▶ सिलादेही–मौहाडीह मार्ग निर्माण (2.325 किमी)
- ▶▶ सिरगिट्टी–सरवानी–बरतोरी मार्ग उन्नयन (28.45 किमी)
- ▶▶ धारानगर हायर सेकेण्डरी स्कूल में 100 सीटर छात्रावास भवन
- ▶▶ भद्रापारा–बरभांठा मार्ग निर्माण (2.70 किमी)
- ▶▶ केरापाठ–गायबुड़ा मार्ग (4.86 किमी, पुल-पुलिया सहित)
- ▶▶ भैरमगढ़ टाउन मार्ग निर्माण (5.00 किमी, शेष कार्य)
- ▶▶ चैनपुर–खम्हरिया मार्ग पर रेहण्ड नदी पर पुल व सड़क
- ▶▶ सुबरा (कटंगपारा)–सलिहापारा मार्ग पर खारून नदी पर उच्चस्तरीय पुल व सड़क

# फर्जी अनुबंध बनाकर सवा लाख रुपए में बेच दी शासकीय भूमि

**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित अनंतपुरा की एक शासकीय भूमि फर्जी विक्रय अनबुंध बनाकर बेचने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहसीलदार की शिकायत पर फर्जी तरीके से भूमि बेचने व खरीदने वाले आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार तहसीलदार ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि फारुख अहमद नामक व्यक्ति ने फर्जी अनुबंध पत्र तैयार कर जून 2013 में एक लाख 30 हजार रुपए में अनंतपुरा की सरकारी जमीन मेहफूज अहमद निवासी वसुंधरा कॉलोनी जहांगराबाद, को एक लाख 30 हजार रुपए में बेच दी है। आरोपी ने उसी जमीन का दानपत्र भी तैयार करवा लिया।

## चिंतन

# मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण असंवैधानिक नहीं

हर बात का विरोध करने करने वाले विपक्ष को सुप्रीम झटका लगा है। उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जारी रखने की अनुमति दे दी है। चुनाव आयोग ने जब से बिहार में एसआईआर योजना शुरू की है, तब से विपक्ष ने इसे रोकने के हर तरह के हथकंडे अपनाए। इसी कड़ी में आखिरकार मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया। विपक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर को 'संवैधानिक दायित्व' बताया। विपक्षी दल ने संविधान का उल्लंघन बताते हुए इस कवायद का तीखा विरोध किया था। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस कवायद के समय पर सवाल उठाया और कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है। जैसा कि चुनाव आयोग ने अपनी सफाई में कहा है कि यह उसका देशभर का कार्यक्रम है, लेकिन शुरू बिहार से किया गया है, तो शीर्ष अदालत का प्रश्न जायज है कि बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले क्यों? चुनावों के समय ही चुनाव आयोग को एसआरआई कवायद शुरू करने की जरूरत क्यों पड़ती है। चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और ईमानदारी पर न आवाम को संदेह है और न ही सुप्रीम कोर्ट को, क्योंकि यह एक संवैधानिक दायित्व है, लेकिन इस प्रक्रिया को बहुत पहले शुरू करना चाहिए था। अब चूंकि नवंबर तक विधानसभा चुनाव पूर्ण होने हैं, ऐसे में चुनाव आयोग के पास एसआईआर को पूर्ण करने के लिए बहुत कम समय मिलेगा। ऐसे में सुप्रीम चिंता जायज है। 60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपनी पहचान सत्यापित कर दी है और उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि किसी को भी अपनी बात रखने का अवसर दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी अहम है कि ''हम किसी संवैधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना चाहिए, साथ ही, हम उन्हें वह भी नहीं करने देंगे जो उन्हें नहीं करना चाहिए।'' सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से कहा कि आपको पहले ही कदम उठाना चाहिए था, अब थोड़ी देर हो चुकी है। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर पूरा करना नामुमकिन जैसा है। विशेष गहन पुनरीक्षण महत्वपूर्ण मुद्दा है, जो लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है और यह मतदान के अधिकार से संबंधित है। भारत निर्वाचन आयोग ने इस कवायद को न्यायोचित ठहराया है, इसे सकारात्मक रूप में रखा जाना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 326 का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को भारतीय नागरिक होना चाहिए और 'आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। पिछली बार ऐसी कवायद 2003 में की गयी थी। 22 वर्ष बाद फिर हो रही है। राज्य में कई नए पात्र मतदाता होते हैं, जिनका नाम जुड़ना चाहिए, कई लोगों की मृत्यु हो जाती है, इसके साथ ही कई लोग पलायन कर जाते हैं। भारत में घुसपैठ भी बड़ी समस्या है, इसलिए मतदान सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण आवश्यक हैं। लेकिन चुनाव आयोग को यह काम ठीक चुनाव से पहले करने के बजाय समय रहते शुरू करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि चुनाव आयोग जो भी कर रहा है, वह संविधान के दायरे में है, ऐसे में विपक्ष का राजनीतिक विरोध निरर्थक है। निर्वाचन आयोग ने यह आश्वस्त किया है कि किसी को भी अपनी बात रखने का अवसर दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।

## बढ़ती आबादी

अरविंद जयतिलक



# प्रभावी जनसंख्या नीति की दरकार

भारत चीन को पछाड़कर दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन चुका है। जहां चीन की आबादी 142.57 करोड़ है, वहीं भारत की आबादी 142.86 करोड़ हो चुकी है। गत वर्ष संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के आंकड़ों में कहा गया था कि चीन के मुकाबले भारत में 30 लाख से अधिक लोग हैं। यह पहली बार है जब भारत जनसंख्या सूची में शीर्ष पायदान पर है। इस रिपोर्ट के मुताबिक देश के राज्य केरल और पंजाब में बुजुर्गों की संख्या अधिक है, वहीं बिहार और उत्तर प्रदेश में युवा आबादी सर्वाधिक है। भारत की आबादी आने वाले तीन दशकों तक बढ़ती रहेगी और उसके बाद घटनी शुरू होगी। यानि 2050 तक भारत की आबादी 166 करोड़ के पार पहुंच सकता है। उधर, चीन की आबादी घटकर 131.7 करोड़ रह जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक जब दुनियाभर में जनसंख्या बढ़ने की गति धीमी पड़ रही है, वहीं भारत में सालभर में आबादी 1.56 फीसद बढ़ी है। भारत में जनसंख्या वृद्धि इसलिए है कि नवजात, शिशु और बाल मृत्यु दर में गिरावट आयी है। एक आंकड़े के मुताबिक 2012 में एक वर्ष के कम उम्र के बच्चों की मौत की दर 42 प्रति हजार थी, जो 2025 में घटकर 24.98 प्रति हजार रह गयी है। यह रेखांकित करता है कि भारत में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं लेकिन बढ़ती आबादी के मुताबिक अर्थव्यवस्था को आकार देना बेहद जरूरी है। इस जनसंख्या वृद्धि का सकारात्मक पहलू यह है कि भारत दुनिया की सर्वाधिक युवा आबादी वाला देश बन चुका है लेकिन एक सच यह भी है कि बढ़ती जनसंख्या के सापेक्ष संसाधनों की कमी और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां बढ़ेंगी। इसलिए कि अनुकूलतम जनसंख्या के बिना विकास के अपेक्षित लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता। सच तो यह है कि विगत पांच दशकों में जनसंख्या में निरंतर तीव्र वृद्धि के कारण जनसंख्या विस्फोट की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। विशेषज्ञों की मानें तो जनसंख्या की यह तीव्र वृद्धि आर्थिक विकास के मार्ग को अवरुद्ध कर रही है और कई तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। भारत में जनसंख्या में तीव्र वृद्धि के कारण बेरोजगारी, खाद्य समस्या, कुपोषण, प्रति व्यक्ति निम्न आय, निर्धनता में वृद्धि, मकानों की समस्याएं, कीमतों में वृद्धि, कृषि विकास में बाधा, बचत तथा पूंजी निर्माण में कमी, जनोपयोगी सेवाओं पर अधिक व्यय, अपराधों में वृद्धि तथा शहरी समस्याओं में वृद्धि जैसी ढेर सारी समस्याएं उत्पन हुई हैं। इनमें सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। देश में पूंजीगत साधनों की कमी के कारण रोजगार मिलने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। गौर करें तो रोजगार न मिलने के दो कारण हैं। एक, यह कि सरकारी क्षेत्र में नौकरियां लगातार सिकुड़ रही हैं वहीं दूसरी ओर प्राइवेट क्षेत्र में उन्हीं लोगों को रोजगार मिल रहा है जिन्हें कारोबारी प्रशिक्षण हासिल है। सबसे अधिक बेरोजगारी ग्रामीण क्षेत्रों में है। अगर गांव के पढ़े-लिखे नौजवानों को बागवानी, पशुपालन, पौधरोपण, कृषि यंत्रों की मरम्मत के संबंध में आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए तो बेरोजगारी से निपटने में मदद मिलेगी। तीव्र जनसंख्या वृद्धि के कारण कुपोषण की समस्या भी लगातार सघन हो रही है। यूनाइटेड नेशन के फुड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि भारत में पिछले एक दशक में भूखमरी की समस्या से जुझने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। इफको की रिपोर्ट में भी कहा जा चुका है कि कुपोषण की वजह से देश के लोगों का शरीर कई तरह की बीमारियों का घर बनता जा रहा है। गौर करें तो कुपोषण वास्तव में घरेलू खाद्य असुरक्षा का सीधा परिणाम है। लोगों तक खाद्य की पहुंच सुनिश्चित करके ही कुपोषण को मिटाया जा सकता है। भारत में कुपोषण का सर्वाधिक संकट महिलाओं को झेलना पड़ रहा है। हर वर्ष लाखों गर्भवती महिलाएं उचित पोषण के अभाव में दम तोड़ रही हैं। दक्षिण एशिया में भारत कुपोषण के मामले में सबसे बुरी स्थिति में है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत जनसंख्या की तीव्र वृद्धि को रोकने के लिए नई जनसंख्या नीति को आकार दे। इस पर गहनता से विचार करे कि आखिर भारत के लिए अनुकूलतम जनसंख्या क्या हो? अभी तक जितनी भी राष्ट्रीय जनसंख्या नीति बनी है, उसका सकारात्मक परिणाम देखने को नहीं मिला। 1976 की राष्ट्रीय जनसंख्या नीति के तहत जन्म दर तथा जनसंख्या वृद्धि में कमी लाना, विवाह की न्यूनतम आयु में वृद्धि करना, परिवार नियोजन को प्रोत्साहित करना तथा स्त्री शिक्षा पर विशेष जोर देना इत्यादि का लक्ष्य रखा गया था। कमोवेश इसी तरह का उद्देश्य और लक्ष्य वर्ष 2000 की नई राष्ट्रीय नीति में भी रखा गया, लेकिन जिस गति से आबादी में इजाफा हो रहा है वह बेहद चिंताजनक है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



सामरिक


डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# उन्नत सैन्य शक्ति बनना जरूरी

पाक सरकार और उसके सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत को बार-बार गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। 30 जून को मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। भारत को मात देने के लिए चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश मिलकर नया सार्क बनाने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में पड़ोसी दुश्मन देशों पाकिस्तान और चीन के बढ़ते हुए नापाक गठबंधन और उनके द्वारा लगातार आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के परिदृश्य के मद्देनजर भारत को नई आर्थिक शक्ति और नए दौर की उन्नत परमाणु हथियारों की क्षमताओं से सुसज्जित होना जरूरी है।

यकीनन इस समय भारत का नई वैश्विक आर्थिक शक्ति और उन्नत परमाणु शक्ति बनना जरूरी है। 4 जुलाई को भारतीय सेना के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने न सिर्फ पाकिस्तान को हराया है, बल्कि पाकिस्तान को परोक्ष रूप से हरसंभव सहायता देने वाले चीन और तुर्किए को भी हराया है। यद्यपि हाल ही में एक जुलाई से 31 जुलाई तक एक माह के लिए पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बनने के बाद वह कोई विशेष शक्ति तो नहीं रखता है, फिर भी उसने भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने के कदम उठाने शुरू किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह पिटने के बाद भी पाकिस्तान की अकड़ कम नहीं हुई है।

पाक सरकार और उसके सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत को बार-बार गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। 30 जून को मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। भारत को मात देने के लिए चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश मिलकर नया सार्क बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस नए सार्क में दक्षिण एशिया के अन्य देशों को भी शामिल करने की तैयारी है। ऐसे में पड़ोसी दुश्मन देशों पाकिस्तान और चीन के बढ़ते हुए नापाक गठबंधन और उनके द्वारा लगातार आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के परिदृश्य के मद्देनजर भारत को नई आर्थिक शक्ति और नए दौर की उन्नत परमाणु हथियारों की क्षमताओं से सुसज्जित होना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि इजरायल- ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत-पाक संघर्ष के परिणामों का विश्लेषण बताता है कि युद्ध में नई एआई तकनीक और आर्थिक ताकत की अहमियत दिखाई दी है और परमाणु हमले की धमकी बेअसर साबित हुई है। अब पाकिस्तान के द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जाने के मद्देनजर भारत के लिए उन्नत परमाणु शक्ति संपन्न देश बनना भी जरूरी है। चूंकि शक्ति के माध्यम से ही शांति आती है और शक्ति से भविष्य के युद्ध भी रोके जा सकते हैं,अतएव भारत को हर मोर्चे पर शक्तिशाली बनाने के सपने को साकार करने के लिए देश के आसमान छूते वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी- कारोबारी और और पूरे देश का जनबल एकजुटता से कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में 24 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने आर्थिक और सामरिक क्षेत्र को मजबूत बनाया है। भारत ने आतंकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाई है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने महज 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। वस्तुतः ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने एआई के उपयोग से पाकिस्तान के लक्षित आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व मिसाल पेश की है। ऐसे में भारत दुनिया की आर्थिक शक्ति बनने, पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से मुकाबले के लिए एआई तकनीकों और उन्नत परमाणु हथियारों के शक्ति संपन्न देश बनने की संभावनाओं को साकार कर सकता है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत



को वैश्विक आर्थिक शक्ति बना सकती है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले दिनों दुनिया को हिलाने वाले इजरायल और ईरान के बीच भारत अपने बहुआयामी आर्थिक आधारों से युद्ध की आर्थिक चुनौतियों के बीच सक्षम बनकर मजबूती के साथ खड़ा रहा है। जहां इस युद्ध से दुनिया के कई देशों में पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि, व्यापार में कमी, खाद्यान्न सहित जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति में कमी और शेयर बाजार में गिरावट का परिदृश्य उभरकर दिखाई दिया, वहीं भारत इन सब मुश्किलों के मद्देनजर बेहतर स्थिति में बना रहा है। यह भी महत्वपूर्ण है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के साथ संघर्ष का भी भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर नहीं गिरा।

भारत का बड़ा घरेलू बाजार, निर्यात पर कम निर्भरता, सरकार के भारी पूंजीगत व्यय, बढ़ती क्रय शक्ति, मेक इन इंडिया और कृषि क्षेत्र में ऊंची सफलता ने देश को बाहरी आर्थिक झटकों को झेलने की मजबूती स्थिति में रखा है। युद्ध के दौर में भी भारत के निर्यात बढ़े हैं और भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि हुई है। भारत की विकास दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी रहेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की विश्व आर्थिक परिदृश्य से जुड़ी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2025 में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए दिखाई देगा। ऐसे में अब भारत को दुनिया की नई आर्थिक शक्ति बनाने के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। सूक्ष्म,लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) तेज विकास व रोजगार के लिए एक कारगर हथियार बन सकते हैं । देश से सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) बढ़ाकर व्यापार घाटे में कमी लाई जा सकती हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान, मेक इन इंडिया, जीएसटी और लॉजिस्टिक सुधार के साथ- साथ आर्थिक और वित्तीय सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ा सकते हैं। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगें लगाकर आगे बढ़ रहा है। भारत को सेवा निर्यात की नई वैश्विक राजधानी के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। अब भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति के तहत नए मुक्त व्यापार समझौतों और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों से व्यापार घाटे में कमी लाने के प्रयास करने होंगे। भारत के द्वारा ब्रिटेन के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के साथ-साथ मुक्त व्यापार समझौतों को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण किए जाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ना होगा। निश्चित रूप से इजरायल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर का यह भी सबक है कि युद्ध सिर्फ आर्थिक ताकत और अत्याधुनिक एआई तकनीक के दम पर ही लड़े जाते हैं तथा परमाणु हमले की धमकी से युद्ध नहीं जीते जाते हैं। भारत के पास 180 और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। इस समय पाकिस्तान और चीन की युद्ध चुनौतियों के मद्देनजर भारत के द्वारा परमाणु हथियारों को उन्नत किया जाना भी जरूरी है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि पाकिस्तान भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बुरी तरह पराजित होकर चीन की मदद से अपने परमाणु हथियारों को उन्नत करने की कोशिश में जुट गया है ऐसे में दो शत्रु देश चीन और पाकिस्तान के साथ होने से भारत के लिए एआई, साइबर तकनीक और मिसाइल रक्षा जैसी नई तकनीकों से उन्नत परमाणु शक्ति बनना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार इजरायल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर से भारत के लिए जो उम्मीदों भरे आर्थिक-सामरिक सबक निकले हैं, उनके मद्देनजर भारत को आर्थिक शक्ति, एआई की नई तकनीकों और उन्नत परमाणु शक्ति सम्पन्न देश बनाने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी




संकलित

## दर्शन

केवल ज्ञान हमारी चेतना का उत्थान नहीं कर सकता है। अनुभव के बिना ज्ञान बिल्कुल वैसा ही है, जैसे कि बिना लक्ष्य की प्राप्ति हुए गधे पर बैठकर दौड़ना। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सीमित व्यक्ति नहीं, बल्कि ईश्वर का अभिन्न अंग हैं। शिव एक खाली स्थान की भांति, दिन और रात, सुख और दुख से अप्रभावित रहते हैं। शिव हमारे भीतर ही रहते हैं और भीतर से ही हमें आशीर्वाद देते हैं। यह वैसा ही है कि जिस प्रकार से बुरे स्वप्न से जागकर हमें यह पता चलता है कि हम सुरक्षित हैं। श्री रुद्रम को सुनने के बाद हमें हमारे वास्तविक स्वभाव के बारे में जागृति होती है, जो ईश्वर ही है। केवल धर्म संस्कार हमारा उत्थान नहीं कर सकते हैं। वास्तविक उत्थान भीतरी रूपांतरण, सरलता और ईश्वर के साथ अपने संबंध को पहचानने से होता है। शिव का सौंदर्य विविधता में मौजूद है। जिस प्रकार से सूर्य का प्रकाश सब जगह एक समान पड़ता है, वैसे ही शिव हर एक चीज में मौजूद है। जैसे - मिट्टी के गड्ढों में, घने जंगलों में, रेगिस्तान और पहाड़ों में, सब जगह पर शिव व्याप्त हैं। शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी। उनका प्रेम सबके लिए है, इसमें कोई शर्त नहीं है और जो जैसा है, उसे शिव वैसे ही स्वीकार करते हैं। हमारी प्रवृत्तियों में मौजूद शत्रु हमारे विकास में बाधा डालते हैं। शिव से जुड़ जाने से, उनकी भक्ति करने से ये सारे भीतरी शत्रु यानी बुराइयां समाप्त हो जाती हैं और हमें बाहरी जगत की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है।

# गुरु ज्ञान से किसी की भी सोच बदल सकता है



संकलित

## प्रेरणा

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में किताना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

## गुरु पर्व



गुरुवार को हरिद्वार में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालु जनेऊ संस्कार करते हुए।

## आज की पाती

### नशा बनाता है हैवान

नशा किस तरह किसी व्यक्ति को हैवान बना देता है, इसके बारे में हम खबरों के जरिए भी जानते हैं। इन खबरों में इनसानियत को शर्मसार करने की हरकतों या अपराध का जिक्र होता है। कभी नशे की खातिर कोई अपनी मां की, कोई बाप की, कोई भाई की तो कभी किसी और की हत्या कर देता है। नशा बल-बुद्धि, शरीर और परिवार के लिए घातक होता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है, हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। मां-बाप अपने बच्चों को लाड़ प्यार से पाल कर उनके भविष्य के लिए सुनहरी सपने संजोते हैं, लेकिन जब कोई बच्चा बचपन या जवानी की दहलीज पर पांव रखते ही नशे के दलदल में धंसना शुरू होता है, तो उन्हें बड़ी परेशानी होती है। *-मुकेश चन्द्राकर, धमतरी*

## करंट अफेयर

# द. अफ्रीका में भारतीय मजदूरों की स्मृति में स्मारक निर्माण

दक्षिण अफ्रीका में 1860 में डरबन तट पर उतरे पहले गिरमिटिया मजदूरों की स्मृति में एक स्मारक का निर्माण शुरू हो गया है। इस स्मारक के निर्माण पर फैसला लगभग एक दशक पहले लिया गया था। इस स्मारक के निर्माण के लिए धन क्वाज़ुलु-नटाल (केजेडएन) प्रांत की प्रांतीय सरकार कर रही है। दक्षिण अफ्रीका की लगभग 18 लाख भारतीय मूल की दो-तिहाई से अधिक आबादी इस प्रांत में निवास करती है। शुरुआत में स्मारक में एक मेहराब के अंदर एक घंटाघर बनाने की योजना थी, जो गन्ने के खेत में काम करने वाले उन गिरमिटिया मज़दूरों के उस कठिन परिश्रम का प्रतीक था जो उन्हें सुबह से शाम तक तब तक करना पड़ता था जब तक कि घड़ी की सूई दिन के अंत का संकेत न दे दे। लेकिन स्थानीय भारतीय समुदाय में असहमति के बाद अंततः इस बात पर आम सहमति बनी कि स्मारक के चबूतरे पर एक पुरुष, महिला और बच्चे की कांस्य मूर्ति स्थापित की जाएगी। यह स्मारक 16 नवंबर तक तैयार हो जाने की उम्मीद है। वर्ष 1860 में मद्रास से मजदूरों के पहले समूह को लेकर एसएस ट्रूरो पोत दक्षिण अफ्रीका पहुंचा था। गिरमिटिया मजदूरों के यहां आने की यह 165वीं वर्षगांठ होगी।



## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं - लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है - एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा - 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।



## ट्रेंड

### सहकारिता अच्छा विकल्प

आज सहकारिता ने गाँव-गाँव में पैक्स व अन्य संस्थाओं से जुड़ीं महिलाओं के दरवाजे पर कंप्यूटर ला दिए। महिलाओं, किसानों व हर वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने और कम पूँजी में स्वरोजगार के लिए सहकारिता से अच्छा कोई विकल्प नहीं है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### कृषि उद्योग में निवेश

पिछले कुछ वर्षों में, हमने कृषि उद्योग में 3,200 करोड़ से अधिक के निवेश को सुगम बनाया है जिससे इस क्षेत्र में क्रांति आई है। इससे किसानों को अधिक बाज़ारों तक पहुँच बनाने, अपने उत्पादों का निर्यात करने, अपनी फसलों में विविधता लाने और अपनी आय बढ़ाने में मदद मिली है।

-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम



### गुरु आकाश जैसे विशाल

गुरु आकाश के जैसे विशाल और समुद्र के जैसे गहरे होते हैं, स्मरण रखिए इन दोनों ही स्थानों पर पदचिह्न नहीं पाए जाते। गुरु मार्ग का नहीं दिशा का निर्धारण करते हैं, वे अपने शिष्यों के लिए मार्ग बनाते नहीं हैं, अपने शिष्यों को मार्ग दिखाते हैं।

-आशुतोष राणा, अभिनेता



### अनिश्चित होकर जागना

मैंने कैंसर को झेला है। मुझे पता है कि अपने कल के बारे में अनिश्चित होकर जागना कैसा लगता है - लेकिन मैं यह भी जानता हूँ कि आशा कैसी होती है और यह आप सभी की तरह ही होती है!

-युवराज सिंह, भारतीय क्रिकेटर



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में बोले मंत्री शाह

# पूर्वी भारत के विकास के लिए राज्यों के बीच समन्वय होना जरूरी

अमित शाह ने कहा कि पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, शहरी नियोजन और सहकारिता व्यवस्था को मजबूत करने जैसे क्षेत्र केंद्र सरकार की प्राथमिकता में हैं इन पर राज्यों को समन्वय बनाना होगा

एजेंसी ▸▸ रांची

रांची के होटल रेडिसन ब्लू में गुरुवार को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक का आयोजन हुआ। इस अहम बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस बात पर जोर दिया कि पूर्वी भारत के विकास के लिए झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को आपसी समन्वय करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, शहरी नियोजन और सहकारिता व्यवस्था को मजबूत करने जैसे क्षेत्र केंद्र सरकार की प्राथमिकता में हैं इन पर राज्यों को समन्वय बनाना होगा। बता दें, राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 15 से 22 के तहत देश में पांच क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री इन पांच क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष हैं, और सदस्य राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के सीएम या उपराज्यपाल या प्रशासक इसके सदस्य हैं।


केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने 27वीं बैठक की अध्यक्षता की

झारखंड, बिहार, ओडिशा और प. बंगाल से 70 प्रतिनिधि शामिल




## सीएम सोरेन ने शाह को पेंटिंग भेंट कर किया स्वागत

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का गुलदस्ता और एक पेंटिंग देकर स्वागत किया। वहीं अन्य अतिथियों का भी सीएम ने पौधा देकर स्वागत किया। सीएम हेमंत सोरेन, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरुआ, मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रमुख सचिव (गृह) वंदना दादेल और पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता बैठक में शामिल रहे। बैठक में सीएम हेमंत सोरेन ने विशेष पैकेज समेत कोल कंपनियों पर बकाये 1.36 लाख करोड़ रुपए, विशेष केंद्रीय अनुदान और सुरक्षा संबंधित खर्च की बहाली की मांग प्रमुख रूप से उठाई।



### इन राज्यों के प्रतिनिधि रहे शामिल

बैठक में झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधि शामिल रहे। बिहार की ओर से डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी सम्राट चौधरी, ओडिशा से सीएम मोहनचरण मांझी के साथ डिप्टी सीएम प्रवती परीदा और मंत्री मुकेश महालिंगम के शामिल हुए। पश्चिम बंगाल की ओर से वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने प्रतिनिधित्व किया। बैठक में इन राज्यों के मंत्री, मुख्य सचिव सहित कुल 70 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### 20 महत्वपूर्ण एजेंडों पर हुई चर्चा

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में 20 महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा हुई। जिसमें राज्य और केंद्र सरकार के बीच समन्वय, विकास कार्यों की समीक्षा, आंतरिक सुरक्षा, सीमावर्ती विवाद, संसाधनों के बंटवारे, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सहयोग, वित्तीय सहयोग और केंद्रीय योजनाओं की प्रगति जैसे प्रमुख विषय शामिल हैं। इसके अलावा महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ यौन उत्पीड़न से संबंधित अपराधों के मामलों की त्वरित जांच, उनके शीघ्र निपटारे के लिए त्वरित न्यायालयों का कार्यान्वयन, गांवों में बैंकिंग सुविधा बढ़ाने, बिजली वितरण प्रणाली के घाटे को कम करने, शहरी मास्टर प्लान, जलाशयों के विवाद, बोर्ड निगमों की परिसंपत्ति व देनदारियों के बंटवारे, खनिजों की नीलामी, स्कूलों में ड्रॉपआउट और सहकार से समृद्धि योजना पर चर्चा की।

## खबर संक्षेप

### 6 पर गिरी दीवार, एक ही परिवार के 3 की मौत

**पलवल।** हरियाणा के पलवल स्थित गांव सोफ्ता में बुधवार रात एक ही परिवार पर कहर टूट पड़ा।



तेज बारिश के बीच पेट्रोल पंप की एक दीवार भरभराकर गिर गई और नीचे दबने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक नाबालिग समेत तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में पिता जगदीश, दामाद व अन्य शामिल हैं।

### गुरुग्राम में सड़क धंसी बीयर से भरा ट्रक पलटा

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सदर्न पेरिफेरल रोड पर बुधवार रात से एक ट्रक खाई में फंसा हुआ है। यह



खाई तब बनी जब ट्रक के चलते सड़क का एक हिस्सा धंस गया। ट्रक चालक ने कहा कि ट्रक में बीयर की बोतलें भरी हुई हैं। मैं गोदाम जा रहा था। लेकिन उसके बाद सड़क धंस गई और मेरा ट्रक उसमें गिर गया। कोई घायल नहीं हुआ।

### आधार शिविर में 'छड़ी मुबारक' की रस्में शुरू

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आधार शिविर में गुरुवार को छड़ी मुबारक के अनुष्ठान शुरू



हो गए। इस मौके पर भगवान शिव के पवित्र दंड 'छड़ी मुबारक' की पूजा-अर्चना की गई। महंत दीपेंद्र गिरि ने कहा कि आषाढ़ पूर्णिमा के इस शुभ अवसर के दौरान, वैदिक मंत्रोच्चार, भूमि-पूजन, नवग्रह-पूजन, छड़ी-पूजन किया।

### 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज अदालत ने रोकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दर्जी कन्हैया लाल की हत्या पर आधारित फिल्म 'उदयपुर



फाइल्स' की रिलीज पर तब तक के लिए रोक लगा दी जब तक केंद्र सरकार फिल्म पर स्थायी प्रतिबंध लगाने की याचिकाओं पर फैसला नहीं कर लेती। फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होने वाली थी।

ग्राउंड जीरो पर पहुंचे हिमाचल के सीएम, पूर्वोत्तर में जल राहत-2 अभियान से पहुंचाई जा रही है मदद

# हिमाचल प्रदेश और उत्तर-पूर्व में बाढ़ राहत अभियान में युद्धस्तर पर जुटी भारतीय सेना

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



मानसून के सीजन की शुरुआत के साथ ही हिमाचल-प्रदेश और उत्तर-पूर्व के राज्य बाढ़ की विभीषिका से त्रस्त नजर आ रहे हैं। जहां देखो वहां पानी ही पानी नजर आ रहा है और आम लोग स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। इन सबके बीच भारतीय सेना भी बाढ़ प्रभावित राज्यों में राहत और बचाव कार्य में जुट गई है। सेना ने गुरुवार को बताया कि बाढ़ की वजह से हिमाचल-प्रदेश के मंडी जिले के जिन सुदूर गांवों का संपर्क बाकी राज्य से टूट गया है। उन तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए सेना ने अपने कॉलम रवाना कर दिए हैं। मंडी के ब्रिगेड कमांडर ने भी सैन्य कॉलम में शामिल अपनी टुकड़ी से रणनीतिक रूप से बचाव अभियान के संबंध में व्यापक चर्चा की है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना संकट की इस घड़ी में हिमाचल प्रदेश के लोगों को सहायता पहुंचाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। राहत अभियान में सेना की ताकत बढ़ाने के लिए राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) भी स्थानीय एजेंसियों के साथ आम जनता को राहत पहुंचाने में लगे हुए हैं। यहां बता दें कि हिमाचल प्रदेश में पिछले महीने 20 जून को मानसून पहुंचने के बाद से 30 फीसदी से ज्यादा बारिश हुई है। जिसमें जानमाल का काफी नुकसान हुआ है।

### ग्राउंड जीरो पर पहुंचे हिमाचल सीएम

वहीं, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बाढ़ से प्रभावित थुनाग इलाके का दौरा कर वहां जारी राहत अभियान का जायजा लिया है। अपनी एक्स पोस्ट में कुछ तस्वीरों को साझा कर उन्होंने यह जानकारी दी। सेना ने मंडी के आसपास जिन जगहों पर राहत कॉलम तैनात किए हैं। उनमें थुनाग, बागसियाद और पनदोह मुख्य हैं। सीएम ने पोस्ट में लिखा, मैं जानता हूं कि दुःख की यह घड़ी बेहद मुश्किलों भरी है। घर-बार सब कुछ तहस-नहस हो गया है। सरकार सहायता के लिए हर मोर्चे पर डटी है। पटवारी को निर्देश दिए गए हैं कि वह प्रभावित परिवारों के नुकसान का सर्वेक्षण पूरा करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परिवार का नाम छूटने न पाए। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे। प्रशासनिक अमले को निर्देश दिए गए हैं कि यदि प्रभावित लोग किराए के महान या अपने रिश्तेदार के यहां रहना चाहें तो उन्हें राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किराया सहायता राशि समय पर उपलब्ध कराई जाए।

### टूटने नहीं देंगे बच्चों की उम्मीद

सीएम ने एक अन्य पोस्ट में हिमाचल में आई भयानक बाढ़ का उल्लेख करते हुए कहा कि शायद ही किसी ने यह नहीं सोचा होगा कि आपदा इतनी भयावह होगी कि एक ही पल में बच्चों के सिर से छत छिन गई, उनकी किताबें, खिलौने मलबे में दब गए या पानी में बह गए। उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि बचपन, बच्चों के पढ़ने और खेलने के साथ-साथ उनकी मुस्कान की वजह और उनकी पूरी दुनिया होता है। इसलिए हमने ठाना है कि बच्चों का बचपन लौटाकर ही दम लेंगे और उन्हें फिर से वही हंसी, वही उम्मीद और वही खुला आसमान देंगे। जिससे वे कभी कोई अधूरापन महसूस न करें।

### उत्तर-पूर्व में जारी जल राहत-2 अभियान



उत्तर-पूर्व के असम, नागालैंड और मणिपुर में भी अत्यधिक बारिश के बाद आई बाढ़ के बीच सेना जल राहत-2 नामक राहत और बचाव अभियान चला रही है। जिनकी अगुवाई स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर असम राइफल्स (नॉर्थ, एचक्यू आईजीएआर (एन) के आईजी मुख्यालय द्वारा की जा रही है। सेना ने बताया कि 10 जुलाई को नागालैंड के दीमापुर के उपायुक्त ने सेना से बाढ़ के बीच मदद प्रदान करने के लिए अनुरोध किया था। जिसके बाद बल के इंजीनियर टास्क फोर्स के दस्ते ने बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित शिनग्रीजान कॉलोनी का दौरा किया। ऊपरी असम की धनश्री नदी गोलाघाट जिले में खतरे के निशान को पार कर गई है। अभी फिलहाल पानी का स्तर कुछ घट रहा है। लेकिन सेना लगातार जमीनी हालात की बेहद करीब से निगरानी कर रही है। जिसमें आवश्यकता पड़ने पर वह तुरंत मोर्चे पर तैनात हो जाएगी। इसी तरह से मणिपुर के इंफाल पश्चिम और बिशनपुर जिलों में बहने वाली नदी नंबुल नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। यहां पर भी सेना जमीनी स्थिति पर कड़ी निगरानी बनाए हुए है, आवश्यकता के हिसाब से तैनाती की जाएगी। 10 जुलाई तक सेना ने बाढ़ प्रभावित समूचे क्षेत्र में सेना के 40 रिलीफ कॉलम तैनात किए हैं। अब तक 3 हजार 820 लोगों को बचाया गया है, 1 हजार 361 खाने के पैकेट वितरित किए गए हैं। साथ ही 2 हजार 95 चिकित्सा सहायता, 15 हजार 421 पानी की बोतलें प्रदान की गई हैं।

कर्नाटक में सीएम बदलने की अटकलें

# सिद्धारमैया से नहीं मिले राहुल अब प्रभारी सुरजेवाला से मिलेंगे

*सीएम ने कहा मैं पांच साल पूरा करूंगा*

*गृह मंत्री बोले पार्टी नेतृत्व सब देख रहा*



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कर्नाटक में फिर से नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों का बाजार गर्म है। इस बीच राज्य के सीएम सिद्धारमैया लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से मिलने दिल्ली पहुंचे हैं। दिल्ली पहुंचने पर उन्होंने कहा कि मैंने राहुल गांधी से मिलने के लिए समय मांगा था लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इस तरह के किसी भी कदम से साफ इनकार किया है। सिद्धरमैया ने कहा कि नेतृत्व में कोई बदलाव नहीं हो रहा है। नेतृत्व का मुद्दा चर्चा में नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी आलाकमान का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होगा।

### सीएम पद रिक्त नहीं

सीएम सिद्धरमैया ने कहा कि क्या अभी सीएम का पद रिक्त है? फिर ऐसी अटकलें क्यों लगाई जा रही हैं? अगर कोई निजी राय व्यक्त करता है, तो क्या वह पार्टी का फैसला हो सकता है? खरगे (कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे) और राहुल गांधी को इस बारे में बात करनी चाहिए। मंत्रिमंडल में फेरबदल पर उन्होंने कहा, कि नेतृत्व परिवर्तन और मंत्रिमंडल में फेरबदल पर कोई चर्चा नहीं हुई है। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने खुद कहा है कि सीएम पद के लिए कोई रिक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दलितों के उत्थान के लिए कार्यक्रमों पर काफी विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिए हैं।

### आलकमान समय आने पर निर्णय करेगा

राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने बेंगलुरु में गुरुवार को यह कहकर सस्पेंस बढ़ा दिया है कि इस मुद्दे पर पार्टी आलाकमान ही निर्णय करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व सब देख रहा है और समय आने पर वह निर्णय करेगा। उन्होंने कहा कि इस (नेतृत्व परिवर्तन के मुद्दे) पर न तो बार-बार चर्चा होनी चाहिए और न ही बयानबाजी। प्रशासन में कोई समस्या नहीं है, यह सुचारू रूप से चल रहा है और सीएम (सिद्धरमैया) प्रभावी रूप से इसका संचालन कर रहे हैं। मैं एक और नाटक कंपनी (बयान देने से) नहीं खोलना चाहता। उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान सब देख रहा है और समय आने वह निर्णय करेगा।

सिख वोटरों की मांग 40 साल बाद पूरी

# दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी ने दी नई वोटिंग लिस्ट को मंजूरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के सिख वोटरों की मांग करीब 40 साल बाद पूरी हुई है।



दरअसल दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी में वोटिंग लिस्ट को फोटो के साथ नए सिर से बनाने की मांग की जा रही है। 40 सालों से की जा रही इस मांग को गुरुवार को मंजूरी मिल गई है। अब पुरानी सभी वोटिंग लिस्ट को कैंसिल कर दिया जाएगा।

### वोटर लिस्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू

दिल्ली में लाखों सिख वोटर हैं और वह दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट का प्रधान और मेंबर वोटिंग के हिसाब से चुनते हैं। सभी गुरुद्वारों का रखरखाव और सिखों से जुड़े मसलों को फिर गुरुद्वारा कमेटी ही मैनेज करती है। दिल्ली गुरुद्वारा चुनाव निदेशालय के मुताबिक, नई वोटर लिस्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पत्र के जरिए 46 वार्डों के जोनल, ईआरओ दफ्तरों का पता, 23 जोन के 12 ईआरओ और 46 एईआरओ के नाम जारी कर दिए गए हैं।

सांसद बोलीं, प्रदेश में टूटी सड़कें, जलभराव और सीवर जाम ने खोली सरकार की पोल

# भाजपा की हरियाणा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर नहीं किया कोई काम: सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में मानसून के आरंभ होते ही



अधिकतर नगरों में जलभराव की भीषण समस्या सामने आ गई है। छोटे कस्बों से लेकर बड़े शहरों तक, हर जगह सड़कों पर पानी का अंबार, गड्ढों से भरी टूटी सड़कें और सीवर की बदहाल व्यवस्था ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। हरियाणा में भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर अरबों रुपये खर्च किए पर हालात जस के तस बने हुए है, सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता के साथ मजाक किया है। इस प्रदेश में शहर स्मार्ट नहीं हुए ब्यूरोक्रेसी स्मार्ट होती जा रही है।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में 11 साल से भाजपा की सरकार है, इस सरकार ने योजनाओं के नाम पर पहले से लागू योजनाओं के नाम ही बदले है। सरकार ने योजनाओं को लागू ही नहीं किया। सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, रोहतक, पानीपत, भिवानी, यमुनानगर, अंबाला, करनाल और गुरुग्राम जैसे शहरों में लोगों को घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। नालों की सफाई न होने के कारण सड़कों पर पानी भरा पड़ा है, गाड़ियों का आवागमन ठप है और कई जगहों पर घरों में भी पानी घुस गया है। छोटे दुकानदारों और रोज़मर्रा के कमाने-खाने वाले लोगों की हालत अत्यंत दयनीय हो गई है।

स्मार्ट सिटी गुरूग्राम में जलभराव को देखकर लगता है कि कहीं टापू पर तो नहीं आ गए या शहर में बाढ़ तो नहीं आ गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का ऐसा कोई शहर नहीं है जो जलभराव की समस्या से दो चार न हो रहा हो और ऊपर से अधिकारी दावा कर रहे है कि नालों की सफाई करा दी गई है, जलभराव से निपटने की पूरी तैयारी कर ली गई है पर जरा सी बरसात सरकार के तमाम दावों की हवा निकालकर रख देती है।

### बजट का बड़ा हिस्सा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा

कुमारी सैलजा ने कहा है कि यह विडंबना ही है कि एक ओर सरकार स्मार्ट सिटी जैसी परियोजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर गुरुग्राम जैसे स्मार्ट सिटी घोषित शहर में भी जरा सी बारिश में सड़कों पर नाव चलाने की नौबत आ जाती है। भारत सरकार की स्मार्ट सिटी योजना के तहत करनाल, फरीदाबाद, गुरुग्राम और पानीपत जैसे शहरों में करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इन शहरों में न तो जल निकासी की समुचित व्यवस्था है और न ही बुनियादी सुविधाओं का कोई नामोनिशान। ये दर्शाता है कि सरकारी योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं और आमजन को उसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा। सैलजा ने आरोप लगाया कि बजट का बड़ा हिस्सा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया, जिससे जनता को राहत देने के बजाय उन्हें और ज़्यादा संकट में धकेल दिया गया। सैलजा ने प्रदेश की भाजपा सरकार से मांग की है कि सभी नगरों में जलभराव की तत्काल निकासी सुनिश्चित की जाए, सीवर व नालों की समयबद्ध और नियमित सफाई के लिए एक ठोस कार्ययोजना बनाई जाए, स्मार्ट सिटी के तहत हुए खर्च की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराएं।

सूबे के कांग्रेसी मिले राहुल गाँधी से, कहा- भाजपा सरकार और भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से जनता की जान खतरे में पड़ रही

# गुजरात पुल हादसा: बीते 4 वर्षों में पुल ढहने के 16 हादसों की जांच के लिए एसआईटी गठन की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस ने गुजरात में लगातार हो रहे पुल ढहने समेत अन्य हादसों के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गृहमंत्री हर्ष सांघवी का इस्तीफा मांगा है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक लालजी देसाई और पार्टी विधायक जिग्नेश मेवाणी ने गुजरात में पिछले चार वर्षों में पुल ढहने की 16 घटनाओं की जांच के लिए स्वतंत्र व ईमानदार अधिकारियों की एसआईटी गठित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत के कारण आम जनता की जान खतरे में पड़ रही है।



### स्थानील लोगों ने सरकार को आगाह किया था: मेवाणी

वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाले गंभीरा पुल के ढहने की घटना का जिक्र करते हुए जिग्नेश मेवाणी ने कहा कि एक ग्राम पंचायत सदस्य सहित स्थानीय लोगों ने पहले ही सरकार को इस पुल की जर्जर हालत के बारे में आगाह किया था। कांग्रेस विधायक दल के नेता अमित चावड़ा ने भी पत्र लिखकर इसकी मरम्मत की मांग की थी, लेकिन भाजपा सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। इस लापरवाही का नतीजा यह हुआ कि पुल के ढहने से 16 लोगों की मौत हो चुकी है और सात लोग अभी भी लापता हैं। उन्होंने बताया कि इस हादसे के बाद स्थानीय मछुआरों ने शुरुआती बचाव कार्य किया, जबकि सरकारी तंत्र 50-55 मिनट बाद घटनास्थल पर पहुंचा। मेवाणी ने मोरबी पुल हादसे में 135 मौतों, वडोदरा में नाव पलटने की घटना में 14 लोगों की मौत, डीसा में फैक्ट्री में आग लगने से 22 मौतों और राजकोट टीआरपी गेमिंग जोन अग्निकांड जैसी घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि इन सभी मामलों में पहले से चेतावनियां दी गई थीं, लेकिन भाजपा सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया।

### ब्लैकलिस्ट कंपनियां चंदा देकर ठेके ले रहीं

मेवाणी ने आगे कहा कि जिन कंपनियों को भ्रष्टाचार के कारण ब्लैकलिस्ट किया गया, उन्हें भाजपा के कार्यालय 'कमलम' में चंदा देने के बाद फिर से ठेके दे दिए जाते हैं। उन्होंने पिछले चार वर्षों में पुलों के ढहने की घटनाओं में किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति को सजा न मिलने पर सवाल उठाया और कहा कि भाजपा सरकार ऐसे मामलों को रफा-दफा कर देती है।

### 'गुजरात मॉडल' नहीं 'कोलेप्स मॉडल': देसाई

वहीं लालजी देसाई ने भाजपा के 'गुजरात मॉडल' को 'कोलेप्स मॉडल' करार देते हुए कहा कि राज्य में सड़कें, पुल, नहरें और बांध टूटना व अग्निकांड होना अब आम बात हो गई है। उन्होंने कहा कि गुजरात में शासन व्यवस्था ध्वस्त हो गई है और रक्षक ही भक्षक बन गए हैं। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि वहां की स्थिति 'कुशासन' से आगे बढ़कर 'दुशासन' तक पहुंच गई है। उन्होंने आगे कहा कि यह भ्रष्टाचार का 20-20 मॉडल है, जिसमें 20 प्रतिशत कमीशन नेताओं और 20 प्रतिशत कमीशन ब्यूरोक्रेसी को जाता है। देसाई ने कहा कि मीडिया ने केवल 16 बड़ी दुर्घटनाओं को ही प्रमुखता से दिखाया, जबकि वास्तव में गुजरात के लगभग हर जिले और हर तहसील में पुल ढहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से भी गुजरात की स्थिति को लेकर जवाब मांगा।

# जोकोविच ने रचा इतिहास, सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ फेडरर का रिकॉर्ड किया ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| लंदन

नोवाक जोकोविच ने विंबलडन 2025 में इतिहास रच दिया है। उन्होंने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के साथ ही रोजर फेडरर के एक बड़े रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। इटली के फ्लेवियो कोबोली को चार सेटों के कड़े मुकाबले में 6-7 (6/8), 6-2, 7-5, 6-4 से हराकर, जोकोविच ने 14वीं बार विंबलडन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले वे फेडरर के 13 सेमीफाइनल के रिकॉर्ड की बराबरी पर थे।

इसके साथ ही, यह जोकोविच का 52वां ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल है, जो पुरुष टेनिस में उनका अपना ही रिकॉर्ड है। यह उन्हें ओपन एरा में सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए क्रिस एवर्ट के रिकॉर्ड की बराबरी पर भी लाता है। 38 वर्षीय सर्बियाई स्टार अब अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में हैं और सेमीफाइनल में उनका मुकाबला दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर से होगा।

### विंबलडन के मेंस सेमीफाइनल में सबसे ज्यादा बार पहुंचने वाले खिलाड़ी

1 नोवाक जोकोविच ने सबसे ज्यादा 14 बार (2007, 2010, 2011, 2012, 2013, 2014, 2015, 2018, 2019, 2021, 2022, 2023, 2024, 2025 ) विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

2 रोजर फेडरर ने 13 बार (2003, 2004, 2005, 2006, 2007, 2008, 2009, 2012, 2014, 2015, 2016, 2017, 2019) सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

3 जिमी कॉनर्स तीसरे नंबर पर हैं जिन्होंने (1974, 1975, 1977, 1978, 1979, 1980, 1981, 1982, 1984, 1985, 1987) 11 बार सेमीफाइनल में पहुंचे थे।



## सबालेंका को हराकर अनिसिमोवा फाइनल में, स्वियातेक से होगी भिड़ंत

**लंदन।** तेरहवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा ने बृहस्पतिवार को यहां विम्बलडन में शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर उलटफेर करते हुए अपने करियर में पहली बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में प्रवेश किया। अनिसिमोवा ने बर्नआउट के कारण एक साल पहले टेनिस से ब्रेक लिया था। न्यू जर्सी में जन्मी और फ्लोरिडा में पली-बढ़ी अनिसिमोवा 17 साल की उम्र में 2019 फ्रेंच ओपन में सेमीफाइनल में हार गई थीं। मई 2023 में उन्होंने यह कहते हुए टूर से ब्रेक ले लिया कि वह लगभग एक साल से मानसिक स्वास्थ्य से जूझ रही हैं। चौथे मैच प्वाइंट पर फोरहैंड विनर के साथ दो घंटे 36 मिनट के मुकाबले को समाप्त करने के बाद अनिसिमोवा ने कहा, "यह अभी वास्तविक नहीं लग रहा है। मुझे नहीं पता कि मैंने यह जीत कैसे हासिल की।" अब ट्रॉफी के लिए शनिवार को उनका सामना इगा स्वियातेक से होगा। पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्वियातेक ने बेलिंडा बेनसिच को 6-2, 6-0 से हराकर पहली बार ऑल इंग्लैंड क्लब में फाइनल में जगह बनाई। इस तरह लगातार आठवीं बार विम्बलडन को नई महिला चैंपियन मिलेगी। सबालेंका अक्टूबर में स्वियातेक को हटाकर शीर्ष पर पहुंची थी। सबालेंका इस हार से सेरेना विलियम्स के बाद लगातार चार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से चूक गईं। तेइस साल की अनिसिमोवा का विम्बलडन खत्म होने के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाना तय है, चाहे खिताबी मुकाबले का नतीजा कुछ भी रहे। सबालेंका एक साल पहले कंधे में चोट के कारण विम्बलडन से चूक गई थीं।

## खबर संक्षेप



### आज से इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

**बेंगलुरु।** दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल शुक्रवार से कांतीरावा स्टेडियम में शुरू हो रही इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मुख्य आकर्षण होंगे। यह सितंबर में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। इस दो दिवसीय चैंपियनशिप में भारत के 262 खिलाड़ी भाग लेंगे, जो नई दिल्ली में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए खिलाड़ियों के पास आखिरी मौका होगा।

### नई दिल्ली में होगी 2 निशानेबाजी प्रतियोगिता

**म्यूनिख।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने अपनी कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान नई दिल्ली को दो बड़ी प्रतियोगिताओं 2027 में संयुक्त विश्व कप और 2028 में जूनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी। महत्वपूर्ण 2026-27 सत्र के कैलेंडर की घोषणा करते हुए आईएसएसएफ ने कहा कि इस साल सितंबर-अक्टूबर में जूनियर विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) का आयोजन करने वाला नई दिल्ली अगले साल तीनों वर्ग में प्रतिष्ठित विश्व कप चरण की मेजबानी करेगा, जिसकी तारीखों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। नई दिल्ली स्थित कर्णी सिंह रेंज ने पिछले साल अक्टूबर में सत्र के अंत में होने वाले एलीट विश्व कप फाइनल की भी मेजबानी की थी।

### 19 नवंबर से लीजेंड्स लीग क्रिकेट

**नई दिल्ली।** संन्यास ले चुके क्रिकेटरों की फ्रेंचाइजी आधारित टी20 प्रतियोगिता लीजेंड्स लीग क्रिकेट का चौथा सत्र 19 नवंबर से 13 दिसंबर तक भारत के विभिन्न शहरों में आयोजित किया जाएगा। लीग के चेयरमैन विवेक खुशालानी ने कहा, 'हमें लीजेंड्स लीग क्रिकेट के चौथे सत्र की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। इस साल, हम ज्यादा मैचों, ज्यादा आयोजन स्थलों और दिग्गज खिलाड़ियों के बड़े पूल के साथ इसे अधिक आकर्षक बना रहे हैं।' यह टूर्नामेंट कई शहरों में आयोजित किया जाएगा।

### कैंफर पांच गेंद में पांच विकेट लेने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बने

**डबलिन।** आयरलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैंफर बृहस्पतिवार को यहां अंतर-प्रांतीय टी20 ट्रॉफी मैच में नॉर्थ वेस्ट वारियर्स पर अपनी टीम मुंस्टर रेड्स की जीत के दौरान पांच गेंद में पांच विकेट लेने वाले पहले पुरुष पेशेवर क्रिकेटर बने। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी कैंफर ने चार गेंद में चार विकेट चटकाए हैं। कैंफर हालांकि पांच गेंद में पांच विकेट चटकाने वाले पहले क्रिकेटर नहीं हैं। यह सम्मान जिम्बाब्वे की महिला ऑलराउंडर केलिस नधलोवु को जाता है जिन्होंने 2024 में एक घरेलू टी20 टूर्नामेंट में ईगल्स महिला टीम के खिलाफ जिम्बाब्वे अंडर-19 के लिए पांच गेंद में पांच विकेट लिए थे।

## तीसरा टेस्ट: रेड्डी ने पहले ही ओवर में झटके दो विकेट

# रूट शतक की दहलीज पर, इंग्लैंड ने चार विकेट पर बनाए 251 रन

एजेंसी ▶▶| लंदन

जो रूट के नाबाद अर्धशतक से इंग्लैंड ने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बृहस्पतिवार को चार विकेट पर 251 रन बनाए लेकिन भारत ने रन गति पर नियंत्रण बनाए रखकर मुकाबले को अपनी पकड़ से बाहर नहीं जाने दिया। अपने 37वें शतक से सिर्फ एक रन दूर रूट 191 गेंद में नौ चौकों की मदद से 99 रन बनाकर खेल रहे हैं। दूसरे छोर पर कप्तान बेन स्टोक्स (102 गेंद में नाबाद 39) उनका साथ निभा रहे हैं। दोनों पांचवें विकेट के लिए अब तक 79 रन की साझेदारी कर चुके हैं। रूट ने इससे पहले ओली पोप (44) के साथ भी तीसरे विकेट के लिए 109 रन जोड़े। भारतीय गेंदबाजों ने हालांकि दिन के खेल के दौरान रन गति पर नियंत्रण बनाए रखा और अपने अति आक्रामक 'बैजबॉल' रवैये के लिए मशहूर मेजबान टीम 83 ओवर में 3.02 रन प्रति ओवर की गति से ही रन बना सकी। भारत की ओर से नितीश कुमार रेड्डी (46 रन पर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे जबकि जसप्रीत बुमराह (35 रन पर एक विकेट) और रविंद्र जडेजा (26 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। शुरुआती विकेट जल्दी गंवाने के बाद रूट और पोप (104 गेंद पर 44 रन) ने पारंपरिक टेस्ट मैच की बल्लेबाजी शैली अपनाई और तीसरे विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी की। जडेजा ने तीसरे सत्र की पहली ही गेंद पर पोप को पवेलियन भेजकर रूट के साथ उनकी शतकीय साझेदारी को तोड़ा। पोप ने विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल को कैच थमाया जो विकेटकीपर ऋषभ पंत की जगह जिम्मेदारी संभाल रहे थे। भारत को दूसरे सत्र में झटका लगा जब पंत चोटिल हो गए।




### चोटिल पंत की जगह जुरेल विकेटकीपिंग के लिए आए



भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन दूसरे सत्र के खेल के दौरान बाएं हाथ में चोट लगने के बाद मैदान से बाहर चले गए। पंत की जगह ध्रुव जुरेल को मैदान पर भेजा गया जबकि वह तीसरे टेस्ट के लिए अंतिम एकादश में भी शामिल नहीं थे। भारतीय उप कप्तान पंत को मैदान में दिए गए उपचार के बाद कोई फायदा नहीं हुआ, जिसके बाद जुरेल मैदान में उतरे। पारी के 34वें ओवर में जसप्रीत बुमराह की गेंद को लेग साइड में रोकने के लिए डाइव लगाने के बाद पंत दर्द से कराह रहे थे। पंत गेंद पर हाथ लगाने में कामयाब रहे लेकिन इसे पूरी तरह से रोक नहीं पाए। इसके बाद खेल कुछ देर के लिए रुका रहा क्योंकि भारतीय सहयोगी स्टाफ पंत के हाथ का उपचार करने के लिए मैदान में थे। लेकिन खेल फिर से शुरू होने पर वह विकेटकीपिंग करने में असमर्थ हो गए। अंत में बुमराह का ओवर समाप्त होने के बाद पंत मैदान से बाहर चले गए और जुरेल ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली।

#### हॉकी क्लब ओरांजे रूड

## भारत का शानदार प्रदर्शन, आयरलैंड को लगातार दूसरी बार हराया



एजेंसी ▶▶| आइंडहोवन (नीदरलैंड)

भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हॉकी क्लब ओरांजे रूड में आयरलैंड को 6-0 से करारी शिकस्त दी। यह भारत ए की आयरलैंड के खिलाफ लगातार दूसरी जीत है, जिसे उसने दौरे के पहले मैच में 6-1 से हराया था।

उत्तम सिंह ने भारत ए के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान संजय ने स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम का अगला मुकाबला शनिवार को फ्रांस से होगा। भारतीय कोच शिवेन्द्र सिंह ने कहा कि टीम आयरलैंड के खिलाफ किए गए शानदार प्रदर्शन को फ्रांस के खिलाफ होने वाले मैच में भी जारी रखना चाहेगी।

उन्होंने कहा, 'आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं और मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं। अब हमारा सामना फ्रांस से होगा और मुझे उम्मीद है कि हमारी टीम अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखेगी।' आयरलैंड और फ्रांस के अलावा भारत दो सप्ताह के अपने यूरोपीय दौरे में इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ भी खेलेगा।


### राष्ट्रीय कोचिंग शिविर 14 से, 33 खिलाड़ियों की घोषणा

बेंगलुरु। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 14 जुलाई से 7 अगस्त तक साई केंद्र में आयोजित होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। यह शिविर भारतीय टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि वह दो बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों (ऑस्ट्रेलिया दौरे और 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर में होने वाले हीरो एशिया कप) की तैयारी कर रही है। एशिया कप का विजेता अगले साल 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले एफआईएच पुरुष विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा।

#### क्लब विश्व कप

## पीएसजी ने किया फाइनल में प्रवेश रियाल मैड्रिड को दी करारी शिकस्त

- फैबियान रुइज के दो गोल की मदद से बनाई बढ़त
- रविवार को फाइनल में चेल्सी से होगा सामना



एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)

चैंपियंस लीग के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फैबियान रुइज के दो गोल की मदद से पहले 24 मिनट में तीन गोल की बढ़त बनाकर रियाल मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका सामना चेल्सी से होगा।

रुइज़ ने छठे मिनट में और ओसमान डेम्बेले ने नौवें मिनट में डिफेंडर राउल असेंशियो और एंटोनियो रुडिगर की गलतियों का फायदा उठाकर गोल दागे। इसके बाद 24वें मिनट में रुइज ने जवाबी हमले में स्कोर 3-0 कर दिया। पीएसजी की तरफ से गोंकालो रामोस ने 87वें मिनट में एक और गोल किया। रियाल के किलियन एमबाप्पे अपनी पूर्व टीम के खिलाफ पहले मैच में किसी भी समय खास चुनौती पेश नहीं कर पाए।

अपना पहला यूरोपीय खिताब जीतने के बाद पीएसजी अब रविवार को होने वाले फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के लिए मैदान पर कदम रखेगा। पीएसजी की रियाल मैड्रिड पर इस बड़ी जीत ने चैंपियंस लीग के फाइनल की याद भी ताजा कर दी। उसने तब इंटर मिलान को 5-0 से हराया था।

### अंडर-20 महिला फुटबॉल : 13 और 16 जुलाई को भारत और उज्बेकिस्तान के बीच मैच

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा कि भारतीय अंडर-20 महिला टीम 13 और 16 जुलाई को ताशकंद में उज्बेकिस्तान अंडर-20 टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी। ये दोनों मैच म्यांमार में 6 से 10 अगस्त तक होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए टीम की तैयारियों का हिस्सा होंगे। स्वीडिश कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने 24 सदस्यीय भारतीय की घोषणा की जो गुरुवार रात बेंगलुरु से रवाना होगी। टीम भी बेंगलुरु में ही तैयारी कर रही है। भारत एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर में इंडोनेशिया (छह अगस्त), तुर्कमेनिस्तान (आठ अगस्त) और म्यांमार (10 अगस्त) से यंगून में भिड़ेगा। सभी 8 ग्रुप के विजेता और तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता टीम अगले साल थाईलैंड में होने वाले फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए कप्तानी की कमान राधा को, टिटास और श्रेयंका टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और तेज गेंदबाज टिटास साधु को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए गुरुवार को भारत ए महिला टीम में चुना गया। वहीं बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव टी20 अंतरराष्ट्रीय, एकदिवसीय और चार दिवसीय मुकाबले में टीम की कप्तानी करेंगी। चोटों से वापसी करने वाली श्रेयंका और टिटास को ऑस्ट्रेलियाई दौरे की टीम में शामिल किया गया, जो 7 से 24 अगस्त के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय, इतने ही वनडे और चार दिवसीय एक मैच खेलेगी। श्रेयंका पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में हुए महिला टी20 विश्व कप के बाद से चोट के कारण नहीं खेल पा रही थीं। उन्हें सितंबर में महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) में खेलने के लिए गत चैंपियन बारबाडोस रॉयल्स ने पहले ही चुन लिया है। वहीं साधु श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला में नहीं खेली थीं और चोट के कारण अप्रैल में इंग्लैंड के मौजूदा सफेद गेंद के दौरे के लिए भी टीम में नहीं थीं।



## लॉर्ड्स के एमसीसी संग्रहालय में लगा सचिन का पोर्ट्रेट

**लंदन।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच की शुरुआत से पहले गुरुवार को लॉर्ड्स के एमसीसी (मेरिलबोन क्रिकेट क्लब) संग्रहालय में बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के चित्र (पोर्ट्रेट) का अनावरण किया गया। यह पोर्ट्रेट स्टुअर्ट पियर्सन राइट ने 18 वर्ष पहले अपने घर पर ली गई एक तस्वीर से बनाया है। यह पोर्ट्रेट इस वर्ष के अंत तक एमसीसी संग्रहालय में रहेगा और उसके बाद इसे पवेलियन में लगाया जाएगा। 'जैसे-जैसे काम आगे बढ़ा, पियर्सन राइट का दृष्टिकोण भी बदलता गया और अंततः घिसे हुए एल्युमीनियम पर तेल की चित्रकारी के साथ यह समाप्त हुआ। इसमें अमूर्त पृष्ठभूमि तेंदुलकर की कालातीतता को दर्शाती है, जो किसी युग तक सीमित नहीं है।' पियर्सन राइट ने इससे पहले कपिल देव, बिशन सिंह बेदी और दिलीप वेंगसरकर के चित्र बनाए हैं। तेंदुलकर ने कहा, 'यह बहुत बड़ा सम्मान है। भारत ने जब 1983 में विश्व कप जीता था, तब लॉर्ड्स से मेरा पहला परिचय हुआ था।' उन्होंने कहा, 'मैंने हमारे कप्तान कपिल देव को ट्रॉफी उठाते देखा। उस पल ने क्रिकेट में मेरे सफर को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज जब पवेलियन में मेरा पोर्ट्रेट लगाया गया है, तो ऐसा लग रहा है जैसे मेरा सफर पूरा हो गया हो। जब मैं अपने करियर के बारे में सोचता हूं तो मेरे चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। यह वाकई खास है।'' विज्ञप्ति में कहा गया है, ''लॉन्ग रूम गैलरी खेल जगत की सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित गैलरी है।



## भारत ने 5 मैचों की श्रृंखला में 3-1 की बनाई अजेय बढ़त

# महिला टी20 : विदेशी धरती पर लहराया भारत का परचम

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

भारत ने अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत चौथे मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर नया इतिहास रचा। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। अंतिम मैच शनिवार को बर्मिंघम में खेला जाएगा।

भारत ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र टी-20 मैच में इंग्लैंड को हराया था। उसके बाद से भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू और विदेशी धरती पर खेली गई प्रत्येक महिला टी-20 श्रृंखला में हारती रही थी। बुधवार की रात को खेले गए मैच में भारत की शानदार जीत में स्पिन गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई।



### जीत में स्पिन गेंदबाजों ने अहम भूमिका

राधा यादव (2/15), श्री चरणी (2/30) और दीप्ति शर्मा (1/29) ने मिलकर पांच विकेट लिए और मेजबान टीम को 7 विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (32) और स्मृति मंधाना (31) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी करके जीत की नींव रखी। भारतीय टीम ने 17 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाकर 18 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप अगले साल इंग्लैंड में खेला जाएगा और इससे उसे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मदद मिलेगी।

### रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा, 'हमें बहुत खुशी है कि हम यहां श्रृंखला जीतने में सफल रहे। जिस तरह से हमने इस श्रृंखला में प्रदर्शन किया उससे मुझे अपनी टीम पर गर्व है। लय हासिल करना बहुत महत्वपूर्ण था और जिस तरह से प्रत्येक खिलाड़ी में अपना योगदान दिया उससे मैं बहुत खुश हूं।' उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड दौरे पर आने से पहले हमने भारत में अभ्यास शिविर में भाग लिया था। हमने अपनी रणनीति पर काम किया था और यहां उस पर अच्छी तरह से अमल किया। हर किसी को अपनी भूमिका पता थी और उसी के अनुसार हमने खेला।' भारत ने इस श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से करारी शिकस्त दी थी और फिर ब्रिस्टल में 24 रन से जीत हासिल की, जो इंग्लैंड की महिला टीम की सबसे छोटे प्रारूप में इस मैदान पर पहली पराजय थी। भारतीय टीम तीसरे मैच में पांच रन से हार गई थी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम शुरूआत में ही दबाव में आ गई। भारतीय स्पिनरों राधा और दीप्ति ने पावरप्ले के अंदर ही दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया।




## खबर संक्षेप

### फ्रांसः जंगल में आग से विमानों का परिचालन बंद

**मारसेई।** फ्रांस में गर्म तेज हवाओं के कारण भड़की जंगल की आग देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मारसेई तक



पहुंच गई, कारण मारसेई से आने-जाने वाली सभी उड़ानें रोक दी गईं। आग संबंधी घटनाओं में कम से कम नौ लोग घायल हुए हैं और कई निवासियों को या तो अपने घर खाली करने पड़े या फिर वे घरों के अंदर बंद रहे क्योंकि भूमध्य सागर से सटा पूरा क्षेत्र धुएं से भर गया है। मारसेई में एक बड़े अस्पताल को जनरेटर से बिजली देनी पड़ी, आसपास के अधिकतर इलाकों में रेल यातायात रोक दिया गया और कुछ सड़कें बंद कर दी गईं तथा अन्य सड़कों पर जाम लग गया।

### पाक में ड्रोन अटैक, 1 की मौत, 3 घायल हुए

**कराची।** पाकिस्तान में एक ड्रोन अटैक की घटना सामने आई है। पाक के खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में विद्रोहियों द्वारा किए गए दो ड्रोन



हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। बन्नू जिला पुलिस अधिकारी सलीम अब्बास कुलाची ने डॉन को बताया कि जिले में दो क्वाडकॉप्टर ;एक प्रकार का ड्रोन घटनाएं हुईं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों द्वारा किए गए पहले क्वाडकॉप्टर हमले में एक महिला की मौत हो गई जबकि तीन बच्चे घायल हो गए है वही महिला के शव और घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज जारी है।

### पाक ने 8 चरमपंथियों को मार गिराया

**पेशावर।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने अफगानिस्तान के कुनार प्रांत से देश के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में घुसपैठ



की कोशिश कर रहे आठ चरमपंथियों को मार गिराया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। गोलीबारी की यह घटना मंगलवार को बाजौर जिले के लोवी मामुंड तहसील में हुई, 'फितना अल-खवारिज' संगठन के चरमपंथियों के पाक-अफगान सीमा पार करने की कोशिश के बारे में रिपोर्ट मिली थी। 'फितना अल-खवारिज' का इस्तेमाल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के लिए किया जाता है।

# भारत के दुश्मनों पर बरसेंगी इजराइली मिसाइलें.. सुखोई में ब्रह्मोस के साथ 'लोरा' तैनात करने की प्लानिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*ब्रह्मोस के बावजूद भारतीय वायुसेना लोरा मिसाइल पर विचार कर रही है क्योंकि यह ब्रह्मोस की पूरक है न कि प्रतिस्पर्धी लोरा की, 400-430 किमी रेंज सटीकता और सस्ती लागत इसे गहरे और सुरक्षित हमलों के लिए उपयुक्त बनाती है ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सीमा पर बढ़ते खतरे ने इसकी जरूरत को और बढ़ाया है।*

भारतीय वायुसेना आईएएफ ने एक नई रणनीति के तहत इजराइल की एयर लॉन्ग रेंज अटैक लोरा मिसाइल को अपने लड़ाकू विमानों जैसे सु-30 एमकेआई में शामिल करने पर विचार शुरू किया है।

हालांकि भारत के पास पहले से ही ब्रह्मोस मिसाइल है फिर भी लोरा को अपनाने की योजना क्यों? यह सवाल तब उठा जब ऑपरेशन सिंदूर में रैम्पेज मिसाइल की सफलता के बाद लोरा ने इसकी खोज शुरू की लोरा की 400-430 किमी की रेंज इसे दुश्मन के गहरे ठिकानों पर सुरक्षित हमले करने में सक्षम बनाती है जो ब्रह्मोस के साथ मिलकर आईएएफ की ताकत को और बढ़ाएगी।




**430 किमी तक हमला करने में सक्षम**

*ब्रह्मोस एक लो-ऑल्टिट्यूड क्रूज मिसाइल है जो समुद्र तल के करीब उड़ती है जिससे यह दुश्मन की एयर डिफेंस को भेदने में सक्षम है। लोरा एक क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल है जो ऊंचाई से लॉंच होती है और एक लोफ्टेड ऊपर की ओर ट्रैजेक्ट्री अपनाती है। यह दुश्मन के रडार को चकमा देने में मदद करती है 430 किमी तक गहरे हमले कर सकती है। ब्रह्मोस को सु-30 एमकेआई पर एक विशेष मॉड ;संशोधन के साथ लॉन्च किया जाता है जो सीमित संख्या में ही संभव है लोरा को मौजूदा सु-30 एमकेआई विमानों में आसानी से एकीकृत किया जा सकता है।*

**ब्रह्मोस एक क्रूज मिसाइल**

भारत के पास पहले से ब्रह्मोस मिसाइल है जो एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है 290.450 किमी, नवीनतम वर्जन की रेंज के साथ मैक 2.8.3 की गति से उड़ती है।

**चीनी मिसाइल को देगी चुनौती**

पाकिस्तान की हवा से बचाव प्रणाली एयर डिफेंस और चीन की एडवांस्ड एचक्यू-9 मिसाइलें लोरा के लिए चुनौती हैं। आईएएफ की ऊंची ट्रैजेक्ट्री और गति इसे इन सिस्टमों से बचाने में मदद करेगी।

**लोरा की खासियतें इस प्रकार हैं**

- *रेंज 400-430 किमी जो इसे दूर के दुश्मन ठिकानों पर हमला करने में सक्षम बनाती है।*
- *गति लगभग 6-ए174 किमी घंटा*
- *सटीकतार 10 मीटर से कम का सर्कुलर एरर प्रोबेबल ( सीईपी) जो इसे निशाने पर सटीक मार करने की क्षमता देता है।*
- *प्रणाली फायर-एंड-फॉरगेट तकनीक और उड़ान के दौरान अपडेट लेने की क्षमता।*
- *उपयोग यह हाई-वैल्यू टारगेट्स ;जैसे दुश्मन के कमांड सेंटर या रडार पर गहरे और सुरक्षित हमले के लिए उपयुक्त है।*

### पहलगाम हमले पर दिया ये जवाब

## भारत में आतंक फैलाते रहे हैं हम... पूर्व पाक विदेश मंत्री भुट्टो ने कबूला सच



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान लंबे समय से अपनी जमीन पर मौजूद आतंकी समूहों को भारत के जम्मू-कश्मीर में आतंक फैलाने की अनुमति देता रहा है। इसी साल अप्रैल में पाकिस्तान के पाले आतंकियों ने जम्मू कश्मीर में बर्बर आतंकी हमले में 26 बेगुनाह लोगों की जान ले ली, जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद करते हुए कई आतंकियों को खत्म कर दिया। पूरी दुनिया ने इन आतंकी ठिकानों की बर्बादी देखी थी।

- बिलावल ने इस बात पर जोर दिया कि पाक अब बदल गया है

अब पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी ने स्वीकार किया है कि उनका देश भारत के खिलाफ आतंक फैलाने में शामिल रहा है। एक इंटरव्यू में बिलावल भुट्टो ने जरदारी ने कबूल किया कि पाकिस्तानी समूह अतीत में भारत के खिलाफ आतंक में शामिल रहे हैं, लेकिन उन्होंने यह मानने से इनकार किया कि पाकिस्तान की सरकार इसमें शामिल थी। बिलावल ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान अब बदल गया है और इस्लामाबाद ने इन आतंकी समूहों के खिलाफ कार्रवाई की है।

**अब्दुल रऊफ के सवाल पर बोले बिलावल**

*बिलावल भुट्टो ने पाकिस्तान के इस हमले में शामिल होने से इनकार करते हुए कहा कि इस्लामाबाद ने भारत सरकार से विश्वसनीय सबूत की मांग की लेकिन ऐसा एक भी सबूत नहीं दिया गया। लेकिन जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद मारे गए आतंकियों के जनाजे में आतंकी कमांडर अब्दुल रऊफ से साथ सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी को लेकर सवाल पूछा गया तो वे सवाल को टाल गए।*

### पहलगाम हमले में शामिल होने से इनकार

पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर सवाल पर उन्होंने इस बात से इनकार किया कि पाकिस्तान इसमें शामिल था। हमले की जिम्मेदारी लेने वाले द रेजिस्टेंस फ्रंट के बारे में पूछे गए सवालों पर बिलावल से सीधा जवाब नहीं देते बना। द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पहलगाम आतंकी हमले के महज 45 मिनट के अंदर इसकी जिम्मेदारी ली थी।

### सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए हुआ तैयार, यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या में दोषी है निमिषा

## यमन में भारतीय नर्स निमिषा को बचाने की आखिरी कोशिश!

*तलाल अब्दो महदी ने किया था निमिषा के साथ अत्याचार*

निमिषा प्रिया साल 2008 में नर्स के तौर पर काम करने के लिए यमन गई थी। कुछ समय बाद निमिषा ने यमन के नागरिक महदी के साथ मिलकर अपना क्लीनिक खोलने का फैसला किया। साल 2017 में महदी का शव मिलने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। निमिषा इस समय यमन की राजधानी सना की केंद्रीय जेल में बंद है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यमन में मौत की सजा पाई भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को बचाने की संभवतः आखिरी कोशिश शुरू हो गई है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने निमिषा प्रिया को बचाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने की मंजूरी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल को भी इस मामले की सुनवाई में शामिल होने को कहा है।

निमिषा प्रिया को यमन में यमनी नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जा सकती है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले को 14 जुलाई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि कूटनीतिक तरीके से निमिषा को बचाने की कोशिश की जा सकती है। वकील ने कहा कि मृतक के परिवार को ब्लड मनी देकर निमिषा की सजा माफ कराई जा सकती है।

यमन में 16 जुलाई को निमिषा प्रिया को मौत की सजा दी जाएगी



### केरल की निमिषा प्रिया कैसे पहुंची यमन?

*इस कहानी की शुरुआत होती है साल 2018 से, जब निमिषा 18 साल की थी। निमिषा की मां दूसरे के घरों में काम करती थी। मां-बेटी का जीवन संघर्षों से भरा हुआ था। किसी तरह निमिषा ने नर्सिंग का कोर्स किया था। हालांकि, केरल में उसे नर्सिंग की नौकरी नहीं मिली। इसके बाद निमिषा को पता चला कि यमन में नर्सिंग के अच्छे अवसर हैं। 19 वर्ष की निमिषा अच्छे भविष्य के लिए यमन जाने के लिए तैयार हो गई।*

**महदी ने निमिषा के साथ किया अत्याचार**

इसके बाद निमिषा एक महीने के लिए केरल लौट आई। निमिषा को लेकर महदी के मन में कुछ और खिचड़ी पक रही थी। महदी ने निमिषा की शादी की तस्वीरें चुरा ली। इसके बाद उसने कई लोगों को कहा कि निमिषा और उसकी शादी हुई है। इतना ही नहीं महदी ने क्लीनिक की कमाई भी रखनी शुरू दी। महदी ने क्लिनिक को अपना बताना शुरू कर दिया। वो निमिषा और उसके परिवार को भी प्रताड़ित करने लगा। उसने निमिषा का पासपोर्ट भी रख लिया था, ताकि निमिषा भारत न जा सके।

**कैसे गलती से हो गया मर्डर**

निमिषा की मां ने बताया कि तलाल ने सबको यह बताकर कि निमिषा उसकी पत्नी है, उसकी मंथली इनकम से पैसे भी लेने शुरू कर दिए। निमिषा ने आरोप लगाया था कि महदी उसे और उसके परिवार को सालों से परेशान कर रहा था। उसने उसे नशीले पदार्थों के प्रभाव में प्रताड़ित किया। उसने उसे कई बार बंदूक की नोक पर धमकाया भी। उसने क्लिनिक से सारे पैसे और उसके गहने भी ले लिए। रोजाना की प्रताड़ना से तंग आकर निमिषा ने तलाल को बेहोश करने के लिए नशीली दवा दी, लेकिन ओवरडोज होने की वजह से उसकी मौत हो गई। इसके बाद निमिषा ने एक स्थानीय महिला के साथ मिलकर तलाल के शव के टुकड़े किए और पानी की टंकी में बहा दिया। साल 2020 में निमिषा को फांसी की सजा हुई और फिर वहां की सुप्रीम कोर्ट ने भी दो साल पहले फैसले को बरकरार रखा।

**तलाल ने शादी की तस्वीरें चोरी की थी**

**कौन था तलाल अब्दो महदी**

यमन में नर्स का काम करने गई निमिषा की वहां मुलाकात तलाल अब्दो महदी नामक शख्स से हुई। वह यमन का नागरिक था और एक स्टोर का मालिक था। इसके बाद दोनों ने पार्टनरशिप में वहीं साल 2015 में एक क्लीनिक की शुरुआत की। उसी साल जब निमिषा एक महीने के लिए केरल छुट्टी पर आई तो तलाल ने उसकी शादी की तस्वीर चोरी कर ली और फिर उसे मैन्युपुलेट करके यह दावा किया कि उसकी शादी निमिषा से हुई है। निमिषा के पति थॉमस ने बीबीसी को बताया था कि शुरुआत में महदी एक अच्छे इंसान लगे।

### निमिषा प्रिया ने खोले थे कई राज-मुझे अपने दोस्तों के साथ संबंध बनाने को कहता था

सजा पाने के बाद जेल से ही बात करते हुए निमिषा ने बताया था कि महदी ने मुझे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। वह क्लिनिक के कर्मचारियों के सामने मुझे पीटता और मुझपर थूकता था। 2016 में मैंने पुलिस थाने में उसकी शिकायत दर्ज करवाई। उसने मेरा पासपोर्ट भी अपने पास रख लिया और अपने साथ रहने पर मजबूर करने लगा। वह नशा करके घर आता और मुझे मारता-पीटता।" भारतीय नर्स ने आगे कहा कि वह रात में अपने दोस्तों को भी घर पर लाता और मुझे उनके साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था। मैं खुद को बचाने के लिए बाहर भागती थी। मैं उससे बचने के लिए यमन की सड़कों पर रात में अकेले भागती थी, जबकि यह एक ऐसी जगह है, जहां रात में सड़क पर कोई महिला नहीं दिखाई देती। इन सबके बाद साल 2017 में निमिषा ने उसे नशीली दवा देकर बेहोश करने की कोशिश की। जिससे वह अपना पासपोर्ट वापस ले सके। पहली बार में वह इतने नशे में था कि उस पर दवा ने कोई असर नहीं किया। दोबारा नशे की दवा का ओवरडोज ज्यादा होने की वजह से तलाल की मौत हो गई।

### 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव में बोले केंद्रीय वाणिज्य मंत्री

## एफटीए से कृषि क्षेत्र को मिली नई उड़ान, बांटे गए 25 करोड़ सॉयल हेल्थ कार्ड : पीयूष गोयल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत के कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसका श्रेय फ्री



ट्रेड एग्रीमेंट्स सरकारी नीतियों, वित्तीय प्रोत्साहनों और किसानों को दिए जा रहे व्यापक समर्थन को जाता है। नई दिल्ली में आयोजित 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि ऑस्ट्रेलिया, यूएई, यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन देश और ब्रिटेन जैसे विकसित देशों के साथ एफटीए के जरिए भारतीय किसानों को नए वैश्विक बाजार मिले हैं।

गोयल ने बताया कि अब तक 25 करोड़ सॉयल हेल्थ कार्ड किसानों को वितरित किए जा चुके हैं ताकि संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा मिल सके। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से किसानों को फसल ऋण आसानी से उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार कृषि को विकास की प्राथमिकता में रखती आई है। लाखों किसान परिवारों को पीएम-किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला है। इसके अलावा देशभर की 1400 मंडियों को ई-नाम प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है, जिससे किसानों को फसल के दाम की रीयल टाइम जानकारी मिलती है और वे बेहतर बाजारों से जुड़ पा रहे हैं।

**भारत का कृषि क्षेत्र स्थिरता और मजबूती से आगे बढ़ा**

उर्वरक क्षेत्र की बात करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि सरकार ने सब्सिडी के माध्यम से उर्वरकों को किसानों के लिए सुलभ बनाया है और कोविड-19 महामारी के दौरान भी समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की गई। गोयल ने इस बात पर गर्व जताया कि वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव और निर्यात में गिरावट के बावजूद भारत का कृषि क्षेत्र स्थिरता और मजबूती से आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा किसानों की मेहनत से कृषि, पशुपालन और मत्स्य उत्पादों का निर्यात 4 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। भारतीय किसान आत्मनिर्भर भारत की नींव हैं और उन्होंने लोकल को ग्लोबल बनाने के सपने को साकार किया है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि भारत के बासमती और अन्य चावल, मसाले, ताजे फल-सब्जियां, बागवानी और पुष्प उत्पाद, मत्स्य पालन और पोल्ट्री सेक्टर की वैश्विक सफलता के पीछे किसानों की भूमिका अहम रही है। डिजिटल कृषि पर सरकार का फोकस बताते हुए उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जियोस्पेशियल टेक्नोलॉजी, मौसम पूर्वानुमान प्रणाली, वर्टिकल फार्मिंग और एआई आधारित उपकरणों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो एफपीओ और सहकारी समितियों को सशक्त बनाएंगे।

## अध्ययनः वायु प्रदूषण से बढ़ सकता है ब्रेन ट्यूमर का खतरा

**नई दिल्ली।** एक नए अध्ययन के अनुसार, वायु प्रदूषण न केवल दिल और फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह ब्रेन में एक सामान्य ट्यूमर, मेनिन्जियोमा के खतरे को भी बढ़ा सकता है। मेनिन्जियोमा नामक ट्यूमर, जो आमतौर पर



कैंसररहित (नॉन-कैंसरस) होता है, मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढकने वाली पतली परत (मेनिन्जेस) में बनता है। यह ट्यूमर ज्यादातर हानिरहित होता है, लेकिन कभी-कभी इसके कारण सिरदर्द, दौरे पड़ते हैं या ये अन्य न्यूरोलॉजिकल समस्याओं की वजह बन सकते हैं। न्यूरोलॉजी जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि प्रदूषण और मेनिन्जियोमा के बीच एक संभावित संबंध हो सकता है, हालांकि यह साबित नहीं हुआ कि प्रदूषण ही इसका कारण है। अध्ययन में ट्रैफिक से जुड़े प्रदूषकों जैसे नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और अल्ट्राफाइन कणों (बारीक कण) का विश्लेषण किया गया, जो शहरी क्षेत्रों में अधिक पाए जाते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन लोगों का इन प्रदूषकों के संपर्क में ज्यादा समय बीता, शोध डेनमार्क में 40 लाख वयस्कों पर किया गया डेनमार्क कैंसर इंस्टीट्यूट की शोधकर्ता उल्ला ह्विडटफेल्ड ने बताया, अल्ट्राफाइन कण इतने छोटे होते हैं कि वे रक्त-मस्तिष्क अवरोध को पार कर सकते हैं।

### भारत के लिए बढ़ सकता है खतरा

## अरुणाचल के सीएम खांडू की चेतावनी चीन का मेगा डैम भारत के लिए वॉटर बम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


सीएम पेमा खांडू ने आशंका जताई कि चीन इस मेगा डैम का इस्तेमाल कभी भी बड़े स्तर पर पानी छोड़ने के लिए कर सकता है, जिससे अरुणाचल की सियांग घाटी में भीषण बाढ़ आ सकती है। उन्होंने कहा कि इससे खासकर आदिवासी समूहों जैसे आदि जनजाति को बड़ा नुकसान हो सकता है उनकी भूमि संपत्ति और जान जोखिम में पड़ सकती है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने चीन की ओर से ब्रह्मपुत्र नदी, तिब्बत में यारलुंग त्सांगपोद्ध पर बनाए जा रहे मेगा डैम को भारत के लिए श्वॉटर बम बताते हुए गंभीर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ये प्रोजेक्ट सिर्फ पर्यावरणीय या जल सुरक्षा का मामला नहीं बल्कि अस्तित्व के लिए भी खतरा है ये सैन्य खतरे के अलावा किसी भी अन्य समस्या से बड़ा होगा, जो सीमावर्ती जनजातियों के जीवन भूमि और संसाधनों को तबाह कर सकता है।

पेमा खांडू ने कहा कि चीन अंतरराष्ट्रीय जल संधि का हस्ताक्षरकर्ता नहीं है और यही सबसे बड़ी चिंता है। अगर चीन इस संधि पर हस्ताक्षर करता तो उसे नदी के डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों के लिए पानी छोड़ना पड़ता जिससे भारत खासकर अरुणाचल और असम को फायदा होता, लेकिन वर्तमान में चीन पर किसी तरह की वैधानिक बाध्यता नहीं है और इसी वजह से भारत के लिए खतरा बढ़ गया है।



### कीव में रेजिडेंशियल बिल्डिंग-गाड़ियों में आग लगी

## रूस ने यूक्रेन पर 400 ड्रोन और 18 मिसाइलें दागी, 2 की मौत, 16 घायल



एजेंसी ▶▶ कीव

रूस ने गुरुवार सुबह यूक्रेन पर रात भर में लगभग 400 ड्रोन और 18 मिसाइलें दागीं। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया है कि रूसी हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 16 घायल हो गए। जेलेंस्की ने बताया कि इस हमले का मुख्य निशाना राजधानी थी। घटना के समय ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे। पुलिस ने बताया कि कीव में रेजिडेंशियल बिल्डिंग्स, गाड़ियां, गोदाम, ऑफिस और गैर-आवासीय इमारतें जल गईं। कीव में एक रेजिडेंशियल बिल्डिंग की छत पर ड्रोन का मलबा गिरने से आग लग गई।

**रूस ने दो दिन पहले यूक्रेन पर 728 ड्रोन,13 मिसाइलें दागीं थी**

रूस और यूक्रेन के बीच 3 साल से ज्यादा समय से जंग जारी है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर मिलिट्री ऑपरेशन का ऐलान किया था। तब से, दोनों देश एक-दूसरे पर हमले कर रहे हैं। य-ूक्रेन ने 8 जुलाई को दावा किया था कि रूस ने उस पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया था। यूक्रेन के कई शहरों में 728 ड्रोन और 13 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109